राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 20 नवंबर 2025
वर्ष 07, अंक 51, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

एक माह से दहशत का कारण बना तेंदुआ, आखिरकार पिंजरे में हो गया कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस...03

अमरजीत सिंह बिजली ने गायकी के क्षेत्र में खुद को बिजली साबित कर दिखाया....12

# सुप्रीम कोर्ट ने तलाक-ए-हसन को रद्द करने का दिया संकेत, पूछा- क्या सभ्य समाज को इसकी इजाजत देनी चाहिए?

**● सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि वह तलाक-ए-हसन को रद्द करने पर विचार कर सकता है.यह एक ऐसी प्रथा है जिसके तहत एक मुस्लिम पुरुष तीन महीने तक हर महीने में एक बार तलाक शब्द कहकर अपनी पत्नी को तलाक दे सकता है.**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मुस्लिम समाज में प्रचलित तलाक-ए-हसन की वैधता पर सवाल खड़े किए हैं. कोर्ट ने संकेत दिया कि वह तलाक-ए-हसन को रद्द करने पर विचार कर सकता है. यह एक ऐसी प्रथा है जिसके तहत एक मुस्लिम पुरुष तीन महीने तक हर महीने में एक बार 'तलाक' शब्द कहकर अपनी पत्नी को तलाक दे सकता है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्टने टिप्पणी की कि क्या 2025 में एक सभ्य समाज में महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली ऐसी प्रथा को अनुमति दी जानी. कोर्ट के मुताबिक तीन तलाक के बाद अब तलाक-ए-हसन को रद्द करने पर विचार किया जा सकता है।

### कोर्ट ने दिया संकेत

जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की तीन-न्यायाधीशों की बेंच ने संकेत दिया कि वह इस प्रथा को असंवैधानिक घोषित करने पर गंभीरता से विचार कर सकती है और इसके कानूनी पहलुओं को देखते हुए इसे 5-न्यायाधीशों की संविधान पीठ (Constitution Bench) के पास भेजने पर भी विचार कर रही है. इसके लिए बेंच ने संबंधित पक्षों से विचार के लिए उठने वाले व्यापक प्रश्नों के साथ नोट प्रस्तुत करने को कहा।

### कोर्ट ने क्या कहा

कोर्ट ने कहा कि एक बार जब आप हमें संक्षिप्त नोट दे देंगे तो हम मामले को 5 न्यायाधीशों की पीठ को सौंपने की वांछनीयता पर विचार करेंगे. हमें मोटे तौर पर वे प्रश्न बताइए जो उठ सकते हैं. फिर हम देखेंगे कि वे मुख्यतः कानूनी प्रकृति के हैं और न्यायालय को उनका समाधान करना चाहिए. कोर्ट ने कहा कि चूंकि यह प्रथा बड़े पैमाने पर समाज को प्रभावित करती है, इसलिए न्यायालय को सुधारात्मक उपाय करने के लिए कदम उठाना पड़ सकता है.

### 'अगर भेदभावपूर्ण प्रथाएं हैं, तो कोर्ट को दखल देना होगा'

जस्टिस सूर्य कांत ने कहा कि जब कोई प्रथा बड़े पैमाने पर समाज को प्रभावित करती है, तो कोर्ट को सुधारात्मक उपाय करने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ता है. उन्होंने कहा कि अगर घोर भेदभावपूर्ण प्रथाएं हैं, तो कोर्ट को दखल देना होगा. उन्होंने कहा कि इसमें पूरा समाज शामिल है. कुछ सुधारात्मक उपाय किए जाने चाहिए. यदि घोर भेदभावपूर्ण व्यवहार हो रहा है, तो न्यायालय को हस्तक्षेप करना होगा'।

### '2025 में इसे कैसे बढ़ावा दे रहे हैं?'

प्रथा की प्रासंगिकता पर सवाल उठाते हुए बेंच ने कहा ' यह किस तरह की चीज है? आप 2025 में इसे कैसे बढ़ावा दे रहे हैं?. हम चाहे जो भी सर्वश्रेष्ठ धार्मिक प्रथा अपनाएं, क्या आप इसकी अनुमति देते हैं? क्या इसी तरह एक महिला की गरिमा बरकरार रखी जाएगी? क्या एक सभ्य समाज को इस तरह की प्रथा की अनुमति देनी चाहिए?'. न्यायाधीश ने पूछा कि ऐसी



प्रथा, जो महिलाओं की गरिमा को प्रभावित करती है, को सभ्य समाज में कैसे जारी रहने दिया जा सकता है।

### क्या है मामला

दरअसल यह मामला पत्रकार बेनजीर हीना की उस जनहित याचिका पर चल रहा है, जिसमें तलाक-ए-हसन को अनुच्छेद 14, 15, 21 और 25 का उल्लंघन बताते हुए पूरी तरह प्रतिबंधित करने की मांग की गई है. याचिकाकर्ता के पति ने कथित तौर पर एक वकील के माध्यम से तलाक-ए-हसन नोटिस भेजकर उसे तलाक दे दिया था, क्योंकि उसके परिवार ने दहेज देने से इनकार कर दिया था।

### याचिकाकर्ता के वकील की दलील

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने उस व्यावहारिक और नौकरशाही समस्या को उजागर किया जिसका सामना पीड़ित महिला कर रही है. वकील ने बताया हालांकि पति ने दूसरी शादी कर ली है, लेकिन हिना यह साबित करने में असमर्थ हैं कि उनका तलाक हो चुका है, जिसके कारण उनके बच्चे को स्कूल में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है.वकील ने दलील दी, 'जहां भी मैंने कहा कि मैं तलाकशुदा हूं, मेरे कागजात स्वीकार नहीं किए गए. एडमिशन खारिज कर दिया गया. मैंने बताया कि पिता आगे बढ़ चुके हैं, दोबारा शादी कर ली है, लेकिन मैं तकनीकी बारीकियों को नहीं जानती'. वहीं पति की ओर से पेश हुए वकील एमआर शमशाद ने तर्क दिया कि इस्लाम में तलाक-ए-हसन नोटिस भेजने के लिए किसी व्यक्ति या वकील को नियुक्त करना एक प्रसिद्ध प्रथा है.हालांकिजस्टिस कांत ने सवाल किया कि पति अपनी पत्नी से सीधे संवाद क्यों नहीं कर सकता. कोर्ट ने कहा कि अगर तलाक धार्मिक प्रथा के अनुसार होना है, तो पूरी प्रक्रिया का पालन वैसे ही किया जाना चाहिए जैसा कि निर्धारित है.बेंच ने पति को निर्देश दिया कि वह तलाक के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करे और उसे अगली सुनवाई में, जो अगले बुधवार को को निर्धारित है, कोर्ट के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया।

### क्या इसे भी खत्म कर देना चाहिए?

न्यायाधीश ने पूछा कि ऐसी प्रथा, जो महिलाओं की गरिमा को प्रभावित करती है, को सभ्य समाज में कैसे जारी रहने दिया जा सकता है। यह कैसी बात है? आप 2025 में इसे कैसे बढ़ावा दे रहे हैं? हम जो भी सर्वोत्तम धार्मिक प्रथा का पालन करते हैं, क्या आप उसकी अनुमति देते हैं? क्या इसी तरह एक महिला की गरिमा को बनाए रखा जा सकता है? क्या एक सभ्य समाज को इस तरह की प्रथा की अनुमति देनी चाहिए?

# संपत्ति की वसीयत जरूर कराएं... जानिए सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं से ऐसा क्यों कहा

**● सुप्रीम कोर्ट ने सभी महिलाओं, विशेषकर हिंदू महिलाओं, जो धारा 15(1) के अंतर्गत आती हैं, से आग्रह किया कि वो अपने हितों की रक्षा करने और मुकदमेबाजी से बचने के लिए वसीयत बनाएं. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर उनका विवाद मध्यस्थता, लोक अदालतों या अदालती कार्यवाही के माध्यम से हल नहीं होता है तो प्रभावित पक्ष इस प्रावधान का विरोध करने के लिए स्वतंत्र हैं**



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (19 नवंबर) को सभी महिलाओं, खासतौर पर उन हिंदू विधवा महिलाओं जिनके बच्चे नहीं हैं, उनसे आग्रह किया है कि वो अपनी इच्छानुसार वसीयत बनाएं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी संपत्ति उनकी मर्जी के मुताबिक वितरित की जाए और भविष्य में उनके माता-पिता और ससुराल वालों के बीच मुकदमेबाजी से बचा जा सके. कोर्ट ने कहा 'हम सभी महिलाओं और विशेष रूप से सभी हिंदू महिलाओं से, चाहे उनकी आयु कुछ भी हो, जो हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15(1) के अंतर्गत आने की संभावना रखती हैं, अपील करते हैं कि वे हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 30 और भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अपनी स्व-अर्जित संपत्तियों सहित अपनी संपत्ति की वसीयत बनाने के लिए तत्काल कदम उठाएं. हम ऐसा न केवल इस देश की महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए, बल्कि विशेष रूप से हिंदू महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए कर रहे हैं ताकि आगे किसी भी मुकदमेबाजी से बचा जा सके'।

### सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को दिया सुझाव

जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने यह सुझाव देश की सभी महिलाओं को दिया है. यह सुझाव देते हुए सुप्रीम कोर्टने हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधानों के खिलाफ एक महिला वकील की याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें प्रावधान है कि किसी निःसंतान महिला, जिसके पति की मृत्यु हो गई है, उसकी संपत्ति उसके माता-पिता और भाई-बहनों के बजाय पति के उत्तराधिकारियों को मिलेगी बेंच ने ने हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15(1)(बी) को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने से इनकार कर दिया और वैधता के प्रश्न को खुला छोड़ दिया. धारा 15(1)(ख) में प्रावधान है कि यदि कोई हिंदू महिला बिना वसीयत बनाए मर जाती है और उसके पीछे कोई पुत्र, पुत्री या पति नहीं रहता, तो उसकी संपत्ति उसके माता-पिता को छोड़कर उसके पति के उत्तराधिकारियों को हस्तांतरित हो जाती है. यदि पति का कोई उत्तराधिकारी नहीं है, तो अधिनियम की धारा 15(1)(ग) के अनुसार महिला के माता-पिता उसकी संपत्ति के उत्तराधिकारी हो सकते हैं।

### कोर्ट ने क्या कहा

कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि यदि किसी हिंदू महिला की मृत्यु बिना वसीयत के हो जाती है और उसके माता-पिता या उनके उत्तराधिकारी उसकी संपत्ति पर दावा करते हैं, तो पक्षकारों को अदालत में कोई भी मामला दायर करने से पहले मुकदमे-पूर्व मध्यस्थता से गुजरना होगा. कोर्ट ने कहा कि मध्यस्थता में हुए किसी भी समझौते को न्यायालय के आदेश के रूप में माना जाना चाहिए।

### याचिकाकर्ता के वकील ने दी दलील

यह याचिका अनुच्छेद 32 के तहत एक वकील द्वारा दायर की गई थी, याचिकाकर्ता ने धारा 15(1)(बी) को इस आधार पर रद्द करने की मांग की थी कि यह अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करती है. याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि धारा 15(2) में महिला को उसके माता-पिता या पति से विरासत में मिली संपत्ति के लिए अलग नियम निर्धारित किए गए हैं, लेकिन अधिनियम में यह नहीं माना गया है कि एक हिंदू महिला भी स्व-अर्जित संपत्ति की स्वामी हो सकती है. उन्होंने तर्क दिया कि धारा 15(1)(ख) के तहत पति के उत्तराधिकारियों को धारा 15(1)(ग) के तहत माता-पिता के उत्तराधिकारियों से ऊपर रखना मनमाना है. उन्होंने आग्रह किया कि धारा (ख) को रद्द किया जाए या धारा (ग) के तहत महिला के माता-पिता को मिसाल दी जाए।

शेष खबर पेज न.12 पर

## संक्षिप्त ख़बरें

### फतेहपुर जिला अस्पताल में मरीजों को जली रोटियां देने की होगी जांच, तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने फतेहपुर मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में मरीजों को जली रोटियां व अधिक पानी वाली दाल परोसे जाने की खबर को गंभीरता से लिया है। इस मामले की जांच करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग की महानिदेशक को तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। स्थनीय समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं। महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा से कहा है कि यह मामला मरीजों के स्वास्थ्य के नजरिए से बहुत गंभीर है। तीन सदस्यीय कमेटी गठित करते हुए जांच टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई जाए।जांच आख्या एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करने को कहा है। जांच में यदि इस बात की पुष्टि हो कि कालेज के प्रधानाचार्य और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रशासनिक नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं तो इनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। भोजन परोसने वाली संस्था की लापरवाही सामने आने पर संस्था को ब्लैक लिस्टेड करने को कहा है।

### लखनऊ में खादी महोत्सव कल से, 160 खादी इकाइयों की रहेगी सहभागिता

**लखनऊ।** खादी और ग्रामोद्योग उत्तर प्रदेश की ओर से 21 से 30 नवंबर तक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमतीनगर में खादी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से 160 से अधिक खादी एवं ग्रामोद्योग इकाइयां हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम में ग्रामोद्योग के तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके साथ ही चयनित लाभार्थियों को डोना मेकिंग मशीन, पापकार्न मशीन, हनी बाक्स आदि निश्शुल्क टूलकिट वितरित की जाएगी। वहीं, माटी कला बोर्ड की ओर से चुने गए लाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक और पगमिल मशीन भी दी जाएगी।

## नर्सिंग छात्राओं ने INC से अप्रूव्ड न होने व फर्जी एडमिशन का आरोप लगाते हुए जताया विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** बारा अंतर्गत घूरपुर थानांतर्गत कर्मा नर्सिंग पैरामेडिकल सेंटर में पिछले तीन दिनों से बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा हंगामा किया जा रहा है।छात्र-छात्राओं का आरोप है कि उनके एडमिशन कॉलेज को आईएनसी से एप्रूव्ड है,यह बताकर किया गया है। जबकि बिना आईएनसी अप्रूव्ड के ही छात्राओं का एडमिशन करा दिया गया।छात्राओं का कहना है कि या उन्हें किसी दूसरे कॉलेज में ट्रांसफर किया जाए या फिर उनकी फीस वापस कराई जाए।छात्राओं का यह भी कहना है कि इंडियन नेशनल काउंसिल से अप्रूव भी नहीं है। केवल यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ से अप्रूव है।छात्र-छात्राओं का कहना है कि कॉलेज को यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ से अप्रूव कराया गया है।यह एएनएमऔर जीएनएम के लिए ही मान्य है,जिसकी डिग्री से हमें कोई लाभ नहीं है। बीएससी नर्सिंग की छात्राओं का कहना है कि 4 बैच में कॉलेज चलता है, जिसमें करीब 200 छात्र-छात्राओं का एडमिशन हुआ है। प्रत्येक छात्राओं से एक सेमेस्टर का 1लाख 20 हजार रुपए फीस के नाम पर लिया गया है। छात्राओं का कहना है कि किसी तरह बच्चों ने फीस तो जमा कर दी है,अब आखरी सेमेस्टर के दौरान यह जानकारी मिली है।यह कॉलेज इंडियन नेशनल कार्उसिल से संबद्ध नहीं है। अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ से काउंसलिंग के बाद यहां पर छात्र और छात्राओं का एडमिशन किया गया है।छात्राओं का कहना है कि स्टेट की डिग्री से उन्हें कोई लाभ नहीं होगा।वही डायरेक्ट एम आई खान का कहना है कि यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ से अप्रूव कराया गया है,अगर छात्रों की मांग है तो इसे नेशनल कार्उसिल से भी अप्रूव करा दिया जाएगा।इसके लिए उन्हें कुछ समय दिया जाए। कॉलेज में हंगामा कर रहे छात्र-छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया है कि हंगामा करने और आवाज उठाने वाले छात्र-छात्राओं को धमकियां भी दी जा रही हैं,और अब तो छात्र-छात्राओं को घर से निकलने में भी डर लगने लगा है।

## गलत पैमाईश होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने तहसीलदार के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** मेजा तहसील परिसर में भूमि विवादों को लेकर ग्रामीणों ने राजस्व विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया।परानीपुर बनका डुहिया ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने प्रभारी तहसीलदार जमुना प्रसाद वर्मा पर मनमानी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। शिकायतकर्ता कमला शंकर तिवारी और मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि तहसीलदार ने चकनाली संख्या 1176 की पैमाइश गलत तरीके से की है।उनका कहना है कि उनकी भूमिधरी जमीन में गलत सीमांकन किया गया है।ग्रामीणों के अनुसार यह भूमि विवाद उच्च न्यायालय प्रयागराज में विचाराधीन है,और एसडीएम मेजा से इस पर रिपोर्ट मांगी गई थी।इसके बावजूद राजस्व टीम ने मनमाने ढंग से नापजोख कर विवाद को बढ़ा दिया। मनोज तिवारी ने बताया कि वर्ष 2020 में राजस्व टीम द्वारा की गई पैमाइश में चकनाली उनकी जमीन से दूर थी, लेकिन इस बार नाप बदल दी गई।किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि सोमवार की शाम प्रभारी तहसीलदार मौके पर पहुंचे और विपक्षी की मौजूदगी में कब्जा हटवाते हुए आंवला और अमरूद सहित कई अन्य पेड़ भी गिरवा दिए। ग्रामीणों का दावा है की नापजोख के समय दोनों पक्षों को बुलाने की प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

इस मामले पर प्रभारी तहसीलदार जमुना प्रसाद वर्मा का कहना है कि सीमांकन सही तरीके से किया गया है।उन्होंने बताया कि संबंधित भूमि ग्राम प्रधान को नाली निर्माण के लिए सौंप दी गई है।तहसीलदार के मुताबिक ग्रामीण जबरन अपनी भूमि बताकर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि उनका प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक मौके पर जिलाधिकारी प्रयागराज नहीं आ जाते।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तहसीलदार की मनमानी से लोग बेहद तंग आ चुके हैं। अब बिना जिलाधिकारी प्रयागराज के आए धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं होगा।

## डीएम ने बाहर आकर सुनी लोगों की पीड़ा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**चित्रकूट।** बुधवार को आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एक अलग अंदाज़ में नज़र आए। आम दिनों की तरह लोगों को अपने चैंबर में बुलाने के बजाय वे खुद चैंबर से बाहर निकलकर उपस्थित जनसामान्य के बीच पहुंचे और एकङ्कएक कर उनकी समस्याएं सुनीं। डीएम को पास पाकर फरियादियों ने खुलकर अपनी शिकायतें रखीं। डीएम पुलकित गर्ग ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों पर जिलाधिकारी ने विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार करे और शिकायतों का स्थलीय सत्यापन कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करे। डीएम ने यह भी कहा कि जमीन से जुड़े मामलों में बार-बार शिकायत आने की स्थिति बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है।

## शिक्षक पर लापरवाही और दबंगई के आरोप, ग्रामीणों में रोष

**● पत्नी की फर्म के जरिए निर्माण कार्यों में लापरवाही का आरोप**

**अधिकारियों की चुप्पी बरकरार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट।** रानीपुर प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक वेद प्रकाश मिश्रा एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। ग्रामीणों ने उन पर विद्यालय में अनियमित उपस्थिति, निर्माण कार्यों में दखल और ग्रामीणों के साथ अभद्रता के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले ने गांव में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। हालांकि शिक्षा विभाग की ओर से अब तक किसी भी आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि वेद प्रकाश मिश्रा महीनों से स्कूल में नियमित उपस्थिति नहीं दे रहे, जिससे प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार मामले की शिकायत करने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों के अनुसार वेद प्रकाश की पत्नी अपर्णा मिश्रा के नाम से "अपर्णा कंस्ट्रक्शन÷ नामक फर्म पंजीकृत है, जिसके माध्यम से पीडब्ल्यूडी के कुछ निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि चल रहे निर्माण में बड़े पैमाने पर मानकों की अनदेखी की जा रही है।

मुख्यालय से सटे गोबरिया गाँव में पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे बेडीपुलियाङ्कगोबरिया मार्ग के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार हंगामा किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि- सड़क पर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार तारकोल की परत डाले बिना सीधे डामर बिछाया गया कुछ ही दिनों में कई स्थानों पर सड़क उखड़ने लगी ग्रामीणों का कहना है कि बारिश आते ही सड़क पूरी तरह खराब हो सकती है, जिससे सरकारी धन की भारी बर्बादी होगी।



ग्रामीणों ने दावा किया कि निर्माण स्थल पर ठेकेदार की जगह स्वयं वेद प्रकाश मौके पर उपस्थित थे और मजदूरों को निर्देश दे रहे थे। ग्रामीणों ने विरोध जताया तो विवाद बढ़ गया।ग्रामीणों के अनुसार, विरोध करने पर वेद प्रकाश ने गाली-गलौज की और कथित तौर पर धमकी भी दी।

मीडिया के पहुंचने पर वेद प्रकाश ने स्वयं को "आम जनता" बताते हुए कहा कि उनका निर्माण कार्य से कोई संबंध नहीं है और वे तो सिर्फ "रास्ते से गुजर रहे थे।" वहीं ग्रामीणों का दावा है कि वे कई दिनों से निर्माण कार्य की निगरानी करते देखे जा रहे थे। ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की जिलाधिकारी चित्रकूट सहित विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजी है और निर्माण गुणवत्ता व शिक्षक की कार्यशैली की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि करोड़ों रुपये की परियोजना में कथित लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षा विभाग और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से इस मामले पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई भी आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। इधर लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

## सड़कें जर्जर होने से आवागमन बाधित, दुर्घटनाओं का खतरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** तहसील मेजा और उसके आसपास के क्षेत्र में सड़कों की खराब स्थिति एक गंभीर समस्या बनी हुई है।यह स्थिति स्थानीय निवासियों और यात्रियों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। मेजा में कई ग्रामीण और मुख्य संपर्क मार्ग जगह-जगह से टूट चुके हैं।इन सड़कों पर गहरे गड्ढे और उखड़ी गिट्टियां मौजूद हैं।खासकर बारिश के मौसम में जब ये गड्ढेपानी से भर जाते हैं तो कुछ ज्यादा ही खतरनाक हो जाते हैं।जर्जर सड़कों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं,जिससे कुछ लोगों को तो गंभीर चोटे आती हैं, और कुछ को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ता है।प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर भी ऐसी दुर्घटनाओं की खबरें लगातार सामने आती रही हैं।इन सड़कों पर वाहनों की गति धीमी हो जाती है,जिससे भारी जाम लग जाता है,और यात्रियों का समय बर्बाद होता है।इसके अलावा टूटी हुई सड़कों से उड़ने वाली धूल स्थानीय लोगों



के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती हैं,जिससे श्वसन संबंधी समस्याएं कुछ ज्यादा बढ़ गई है। मेजा क्षेत्र वासी प्रशासन से लगातार मांग करते रहे हैं, कि सड़कों की उच्च गुणवत्ता वाली मरम्मत और चौड़ीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। कोहड़ार-घाट,खीरी मार्ग जैसी सड़कों के लिए भी ऐसी ही मांग की गई है।स्थाई समाधान के लिए सड़क निर्माण में घटिया सामग्रियों के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगाना और निर्माण कार्य को समय पर पूरा करना आवश्यक है।कई राहगीरों ने बताया कि रास्ते की हालत बेहद खराब है।

## संक्षिप्त खबरें

### फंदे से लटकता हुआ मिला युवक का शव



**शुकुल बाजार,अमेठी।** थाना क्षेत्र बाजार शुक्ल अंतर्गत मजरे रस्तामऊ के गांव पूरेथानी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान सुमित पुत्र दिनेश निवासी पूरे थानी बाजार शुक्ल के रूप में हुई है। घटना दोपहर लगभग 2:00 बजे ग्राम पंचायत रास्ता मऊ में शिवकुमार तिवारी की बाग में हुई।ग्रामीणों ने सूचना डायल 112 पीआरवी 5349 को दी, जहां मौके पर पहुंची पीआरवी ने तत्कालीन थानें को सूचना दिया जिसके बाद क्षेत्रीय उप निरीक्षक गुलाब सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उक्त प्रकरण के संबंध में अन्य विषयों पर ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है।मृतक के पिता दिनेश को जल्द ही उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।इस संबंध में थाना प्रभारी बाजार शुक्ल ने बताया की जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**शुकुल बाजार अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा बीएनएस सहित विभिन्न धाराओं में थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त राजेन्द्र साहू पुत्र पारसनाथ साहू निवासी ग्राम पूरे लदई दुबे मजरे दक्खिनगांव थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के संबंध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### जिलाधिकारी ने किया विकास खंड तुलसीपुर का औचक निरीक्षण, विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



**महराजगंज तराई (बलरामपुर )-** बलरामपुर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता बुधवार को तुलसीपुर विकास खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यो का जायजा लिया और विभिन्न पटलों पर अभिलेखों तथा रजिस्टरों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसानों को मिनी बीज किट वितरण का शुभारंभ किया।इस दौरान सहकारी समिति कौवापुर का निरीक्षण किया संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत जयनगरा में बने पशुआश्रय स्थल का भी जिला अधिकारी विपिन कुमार जैन ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में साफ सफाई व्यवस्था और बेहतर बनाने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया गया। मवेशियों के लिए हरे चारे की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर सुनील कुमार आर्य, ग्राम पंचायत अधिकारी अजय पाल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिजली विभाग की लापरवाही से बढ़ा अग्निकांड : नगर बाजार में कबाड़ की दुकान में आग, लाखों का नुकसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में सोमवार की मध्य रात्रि नगर बाजार में स्थित एक कबाड़ की दुकान में लगी भीषण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में दो फल और एक सब्ज़ी की दुकान भी आ गई, जिससे लाखों रुपये की क्षति होने का अनुमान है। हादसे में एक गाय के मरने की भी सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि एक मंदबुद्धि बालक ने नगर के पाँच स्थानों पर आग लगाई, जिसके संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है।आग बुझाते समय बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होने से स्थिति और भयावह हो गई। तार टूटकर जमीन पर गिर गया, जिससे आग की लपटें और तेज हो गईं। इस दौरान उपस्थित पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग बाल-बाल बचे और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी पर नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना और पूर्व ब्लॉक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह रात में ही मौके पर पहुँच गए। बताया गया कि बिजली विभाग के अवर अभियंता, सहायक अभियंता और अधिशाषी अभियंता को कई बार फोन किया गया, परंतु किसी ने फोन नहीं उठाया। बाद में अधीक्षण अभियंता को अवगत कराने के बाद ही क्षेत्र की बिजली काटी जा सकी। श्री राना ने कहा कि इस गंभीर लापरवाही की जानकारी मुख्यमंत्री, संबंधित मंत्री और उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। आग लगने के एक घंटे बाद तक बिजली सप्लाई जारी रहने से बड़ा हादसा हो सकता था। मंगलवार सुबह नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने प्रभावित परिवारों–गिरीश चंद्र गुप्ता, जितेंद्र कुमार सोनकर, राकेश सोनकर और मनोज कुमार सोनकर–से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकाधीन कोष से प्रत्येक परिवार को 30,000 रुपये की आर्थिक सहायता के रूप में चेक सौंपा। साथ ही आश्वासन दिया कि पात्र प्रभावितों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा। श्रीमती राना ने उपजिलाधिकारी बस्ती से भी पीड़ित परिवारों को अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने डीएम, बीएसए को सौंपा ज्ञापन

### ● ऑन लाइन हाजिरी के नाम पर शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं- उदयशंकर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधिमण्डल, पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उनके प्रशासनिक अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी को सौंपा। मांग किया कि छात्रों की ऑन लाइन हाजिरी के नाम पर शिक्षकों का उत्पीड़न बंद किया जाय। जब तक शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता और प्रदेश नेतृत्व से निर्देश नहीं मिलता शिक्षक छात्रों की ऑन लाइन हाजिरी का बहिष्कार करेंगे।ज्ञापन देने के बाद संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने कहा कि छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर जनपद के सभी ब्लाकों में शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है और नोटिस तथा वेतन रोकने की धमकी दी जा रही है, जबकि ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शासन द्वारा 10 नवम्बर, 2025 को शासन स्तर पर 16 सदस्यीय कमेटी बनायी गयी है, जो ऑनलाइन उपस्थिति पर प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी। गठित समिति की प्रथम बैठक दिनांक 13.11.2025 को अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में हो चुकी ही। अभी वार्ता और प्रस्ताव विचाराधीन है। कहा कि बीएसए सम्बन्धित को निर्देशित करें कि समिति के निर्णय होने तक ऑनलाइन उपस्थिति के लिए दबाव बनाकर असहज परिस्थिति न उत्पन्न करें। यदि शिक्षकों का अकारण उत्पीड़न बंद न हुआ तो संघ आन्दोलन को बाध्य होगा। यह जानकारी देते हुये संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि ज्ञापन देने के दौरान मुख्य रूप से जिला मंत्री6 राघवेन्द्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, विजय प्रताप वर्मा, बृजेश कुमार पाण्डेय, शिवम शुक्ल, आदित्य तिवारी, जया यादव आदि उपस्थित रहे।

## राजकीय कृषि बीज भंडार सांऊघाट और गौर का जिला कृषि अधिकारी ने किया निरीक्षण

### ●जिला कृषि अधिकारी बाबू राम मौर्या ने कई खाद विक्रेताओं को जारी किया कारण बताओ नोटिस नोटिस का सन्तोष जनक जबाव न मिलने पर खाद विक्रेता के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई - जिला कृषि अधिकारकई खाद विक्रेताओ को कारण बताओ नोटिस जारी होने पर खाद विक्रेताओं में मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिला कृषि अधिकारी बाबू राम मौर्या ने राजकीय कृषि बीज भण्डार सांऊघाट व गौर का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान गौर गोदाम से किसानों को सरसों मिनीकिट दिया गया । साथ ही यहां से 97 किसानों में 60 कुंतल गेहूं बीज का वितरण कराया गया । मौर्य बीज भंडार गौर से 4 नमूना गेहूं, एक नमूना मेथी का लिया गया, मौके पर बीज व्यवसाय से संबंधित अभिलेख त्रुटि पूर्ण पाएं जाने के कारण कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया । इफ्को केंद्र सोनलिया गौर पर यूरिया स्टाक 374 बोरी पाया जो पीओएस मशीन एवं भौतिक स्टाक बराबर पाया । परंतु उर्वरक का अनुदानित दर वाला पेंटिंग में नहीं पाया जिस हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया है । राम हिमाचल वर्मा उर्वरक केंद्र से एस एस पी का नमूना ग्रहीत किया गया । अभिलेख अपूर्ण होने के कारण नोटिस निर्गत किया । अभिलेख अपूर्ण होने / किसी भी प्रकार की अनियमितता/कालाबाजारी/ अधिक मूल्य पर उर्वरक/ बीज वितरण पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985/ बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी । जिला कृषि अधिकारी बाबू राम मौर्या ने कहा कि जिले में खाद विक्रेताओं की मनमानी दामों पर की जा रही खाद की बिक्री व स्टाक रहने के बाद भी खाद व बीज का वितरण न करने पर जिले में जांच पड़ताल की जा रही है जांच पड़ताल में मामला सही मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी ।

## पिता की स्मृति में बेटों ने गांव में बनवाया भव्य प्रवेश द्वार, मां ने किया लोकार्पण

### ●स्कूली बच्चों को दिया बैग, पेन-पेंसिल; बच्चों का किया उत्साहवर्धन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लंभुआ, सुल्तानपुर।** लंभुआ तहसील क्षेत्र के गोपीनाथपुर गांव में दिवंगत पिता की दूसरी पुण्यतिथि पर गांव के बेटों ने एक सराहनीय पहल की। श्री त्रिवेणी प्रसाद दुबे की स्मृति में उनके पुत्र विवेक दुबे, दुर्गेश दुबे एवं राकेश दुबे ने गांव के मुख्य स्थान पर भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया, जिसका लोकार्पण उनकी मां प्रमिला दुबे ने ग्रामीणों की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम के दौरान बेटों ने प्राथमिक विद्यालय गोपीनाथपुर के बच्चों को स्कूली बैग, पेन, पेंसिल और रबर वितरित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। बच्चों को उपयोगी सामग्री मिलने से उनके चेहरों पर खुशी झलक उठी। स्थानीय लोगों ने इस सामाजिक कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की। राकेश दुबे ने कहा कि ग्राम प्रधान और ग्रामीणों के आशीर्वाद व सहयोग से पिता की स्मृतियों को संजोने के लिए यह प्रवेश द्वार बनाया गया है। उन्होंने आगे भी पिता के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सामाजिक कार्य करते रहने की बात कही। ग्राम प्रधान संतोष अग्रहरि ने कहा कि बेटों द्वारा किया गया यह कार्य पिता की स्मृति को चिरस्थायी बनाता है और समाज को प्रेरणा देता है। इस अवसर पर वार्ड नंबर 43 के भावी जिला पंचायत प्रत्याशी जितेंद्र शर्मा, राम केवल दुबे, सिंटू दुबे, कपिल देव तिवारी व कल्लू यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और सामाजिक एकता का भाव देखने को मिला।

## महाराजगंज तराई में जमीयत उलमा की अहम बैठक, संगठन से जुड़ने के फायदे बताए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** महाराजगंज तराई। क्षेत्र के जामा मस्जिद सभागार में बुधवार को जमीयत उलमा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जमीयत उलमा के जिला अध्यक्ष मौलाना जुबेर अहमद कासमी ने की। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और जमीयत के उद्देश्यों व गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मौलाना जुबेर अहमद कासमी ने संगठन से जुड़ने के विभिन्न लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि जमीयत उलमा हमेशा से ही सामाजिक, शैक्षिक, कानूनी और मानवता से जुड़े कार्यों में अग्रणी रही है। उन्होंने लोगों को संगठन की ऐतिहासिक कुर्बानियों और सामाजिक योगदानों से अवगत कराया। मौलाना ने कहा कि जमीयत न केवल समाज को मजबूत बनाती है, बल्कि जरूरत के समय हर व्यक्ति के साथ खड़ी रहती है।

बैठक के दौरान एसआईआर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी लोगों को दी गई। मौलाना ने बताया कि यह प्रक्रिया समाज के हित में बेहद आवश्यक है और इससे लोगों को विभिन्न सरकारी एवं सामाजिक लाभ प्राप्त करने में सुविधा होती है। उन्होंने उपस्थित लोगों को फॉर्म भरने की प्रक्रिया भी समझाई। साथ ही यह भी बताया कि फॉर्म भरने से क्या फायदे मिलते हैं और यह कैसे उनकी पहचान व अधिकारों को सुरक्षित करता है। मौलाना ने आग्रह किया कि अधिक से अधिक लोग फॉर्म भरें, ताकि सभी को योजनाओं और प्रक्रियाओं का लाभ समय से मिल सके। इस अवसर पर मौलाना इफ्तिखार, हाफिज मुशर्रफ, हाफिज शकील, कारी गुलजार, हाफिज अकरम, अब्दुल सलाम, अनवर शाह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मौलाना के वक्तव्य की सराहना की और संगठन को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## बस्ती में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई: सरयू किनारे चला मेगा अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए आबकारी विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। आबकारी आयुक्त के आदेश और जिलाधिकारी के निर्देश पर सरयू नदी के किनारे थाना छावनी क्षेत्र के छितौना मांझा में मेगा अभियान चलाया गया। विभागीय टीम नाव के जरिए नदी पार कर उस इलाके में पहुँची, जहाँ अवैध शराब बनाने की गतिविधियों की लगातार सूचनाएँ मिल रही थीं। कार्रवाई के दौरान टीम ने 75.2 लीटर अवैध शराब बरामद की। साथ ही करीब 3,000 किलो लहन नष्ट किया गया और चार अवैध भट्ठियों को तोड़कर नष्ट किया गया। मौके से एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार भी किया गया है, जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियान के दौरान कुल चार अभियोग पंजीकृत किए गए हैं, जबकि टीम की कार्रवाई लगातार जारी है। प्रशासन का कहना है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर नहीं चलने दिया जाएगा।इधर, जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले की सभी आबकारी दुकानों में स्टॉक की जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही यह भी आदेश दिया गया है कि शराब की बिक्री अनिवार्य रूप से पास मशीन के जरिए ही की जाए, ताकि किसी भी तरह की अनियमितता न हो सके।जिला आबकारी अधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि अवैध शराब बनाने या बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और ऐसे लोगों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन की यह सख्त कार्रवाई जिले में अवैध शराब के नेटवर्क पर बड़ा असर डालने वाली मानी जा रही है।

## काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़े दुर्लभ दस्तावेजों की प्रदर्शनी 26 नवंबर को अयोध्या जिला कारागार में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के महुआ डाबर संग्रहालय द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायकों से संबंधित पत्र, डायरी, टेलीग्राम, स्मृति-चिह्न, समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, पुस्तकें, तस्वीरें और मुकदमों की फाइलों सहित महत्वपूर्ण दस्तावेजों की प्रदर्शनी आगामी 26 नवंबर 2025 को जिला कारागार फैजाबाद-अयोध्या के शहीद कक्ष में आयोजित की जाएगी। आम जन के लिए यह प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुली रहेगी। इस दौरान महुआ डाबर संग्रहालय के महानिदेशक एवं भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन के विद्वान डॉ. शाह आलम राना काकोरी एक्शन की गौरवशाली विरासत से जुड़े दुर्लभ अभिलेखों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन अशफाक उल्लाह खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान, फैजाबाद द्वारा किया जा रहा है।

काकोरी केस के महानायक अशफाक उल्ला खां स्पेशल सेशन जज, लखनऊ से मृत्यु-दंड पाए जाने के बाद पहली बार 16 जुलाई 1927 को जिला कारागार फैजाबाद लाए गए थे। उनका बंदी पंजीयन क्रमांक 1063/1927 था। 31 जुलाई 1927 को उन्हें लखनऊ कारागार भेजा गया, जिसके बाद 10 अगस्त 1927 को फिर से फैजाबाद कारागार लाया गया, इस बार पंजीयन संख्या 1125/1927 के साथ। यहीं 19 दिसंबर 1927 की सुबह उन्हें फांसी दे दी गई थी।

प्रदर्शनी में महुआ डाबर संग्रहालय में संरक्षित कई दुर्लभ दस्तावेज शामिल होंगे, जिनमें सप्लिमेंट्री काकोरी षड्यंत्र केस जजमेंट फाइल, चीफ कोर्ट ऑफ अवध जजमेंट फाइल, प्रिवी काउंसिल लंदन अपील फाइल, मिशन स्कूल शाहजहांपुर का अशफाक उल्ला खां का छात्र रजिस्टर, फैजाबाद कारागार का बंदी विवरण, काकोरी ट्रेन डकैती से प्राप्त धनराशि का रिकॉर्ड, गिरफ्तारी विवरण, अशफाक उल्ला खां की हस्तलिखित डायरी, काकोरी केस चार्जशीट, खुफिया सुपरिटेंडेंट की डायरी, मैनपुरी षड्यंत्र केस में जब्त रामप्रसाद 'बिस्मिल' की उत्तरपुस्तिका, वायसराय को भेजी गई अपीलें, 'सरफरोशी की तमन्ना' नज़्म की प्रति, अशफाक उल्ला खां और बिस्मिल के पत्र, विभिन्न अख़बारों की ऐतिहासिक रिपोर्टिंग, निशानदेही की तस्वीरें, फांसी के बाद बिस्मिल का पिता के साथ छायाचित्र, काकोरी क्रांतिकारियों का सामूहिक जेल फोटो, उनकी बैरक की तस्वीर तथा अशफाक उल्ला खां के माउजर का छायाचित्र शामिल हैं।महुआ डाबर संग्रहालय, बस्ती जिले में स्थित एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक संग्रहालय है, जो 1857 के विद्रोह में महुआ डाबर गांव की भूमिका को समर्पित है। 1999 में स्थापित इस संग्रहालय में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े 200 से अधिक छवियाँ, लगभग 100 अभिलेखीय कलाकृतियाँ, सिक्के, पांडुलिपियाँ और ऐतिहासिक दस्तावेज संरक्षित हैं। वर्ष 2010 में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अनिल कुमार की देखरेख में हुए उत्खनन में यहाँ राख, जली हुई लकड़ियाँ, मिट्टी के बर्तन और औज़ार मिले, जो इस स्थल के इतिहास को प्रमाणित करते हैं। उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022 के तहत महुआ डाबर को स्वतंत्रता संग्राम सर्किट में शामिल किया गया है तथा यहां के क्रांतियोद्धाओं को प्रशासन द्वारा शस्त्र सलामी भी दी जाती है।

## थाना बाजार शुक्ल में व्यापार मंडल की बैठक हुई संपन्न

### ●ऑपरेशन दृष्टि सहित विभिन्न बिंदुओं पर थाना अध्यक्ष ने डाला प्रकाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** थाना बाजार शुक्ल में व्यापार मंडल की बैठक संपन्न हुई, जिसमें थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने ऑपरेशन दृष्टि सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखीं और थाना अध्यक्ष ने उनका समाधान करने का आश्वासन दिया।बैठक में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने थाना अध्यक्ष से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी और बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों को ऑपरेशन दृष्टि के बारे में जानकारी दी, जिसके तहत पुलिस अपराधियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का काम कर रही है।बैठक में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने थाना अध्यक्ष को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इससे व्यापारियों को अपनी समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्णय लिया गया। व्यापारियों को ऑपरेशन दृष्टि के बारे में जानकारी दी गई। विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी व्यापारियों को दी गई। जनपद में होने वाली व्यापार मंडल की बैठक के बारे में जानकारी दी गई।थाना बाजार शुक्ल में व्यापार मंडल की बैठक में थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने ऑपरेशन दृष्टि सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखीं और थाना अध्यक्ष ने उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्णय लिया गया।

## विशुनपुर कोडर पंचायत भवन में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, ग्रामीणों में दिखा उत्साह

### ●सैकड़ों लोगों ने कराई जांच, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने दिया उपचार व सलाह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद के विशुनपुर कोडर पंचायत भवन में बुधवार, 19 नवम्बर 2025 को शिशुवाटिका शिक्षण संस्थान चन्दनपुर के संचालक रमेश कुमार तिवारी के प्रयासों से भव्य निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में सुबह से ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर का संचालन विशेषज्ञ चिकित्सक डा. अजय कुमार सिंह एवं शुभम सिंह की टीम द्वारा किया गया। टीम ने मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, रतौंधी, दृष्टिदोष, जलन, लाल आँख और आंखों से संबंधित अन्य समस्याओं की गहन जांच की। कई मरीजों में गंभीर नेत्र विकार पाए जाने पर उन्हें आगे के विशेष उपचार और आवश्यक ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया। वहीं सामान्य समस्याओं वाले मरीजों को मौके पर ही दवाइयाँ और परामर्श उपलब्ध कराया गया।

चिकित्सकों ने ग्रामीणों को बताया कि बढ़ती उम्र, प्रदूषण, पोषण की कमी और मोबाइल उपयोग के कारण नेत्र समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। समय पर जांच कराने से कई बीमारियों को प्रारंभिक अवस्था में ही रोका जा सकता है। उन्होंने लोगों को धूप से बचाव, पौष्टिक भोजन और नियमित नेत्र परीक्षण की सलाह दी। शिविर में बुजुर्ग महिलाएं व पुरुष, विद्यालय के बच्चे, किसान और मजदूर बड़ी संख्या में पहुंचे। दूरदराज से आए मरीजों ने भी इस पहल की जमकर सराहना की। आयोजकों ने बताया कि जरूरतमंद मरीजों के लिए आगे भी ऑपरेशन व उपचार की निःशुल्क व्यवस्था कराई जाएगी।

ग्राम प्रधान राजकुमार यादव ने शिविर का निरीक्षण कर डॉक्टरों और आयोजन टीम का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना समय की मांग है और ऐसे शिविर जनता के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होते हैं। आयोजनकर्ता रमेश कुमार तिवारी ने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण जनता को बिना किसी खर्च के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित कराने की घोषणा की। शिविर की सफलता में स्थानीय ग्रामीणों, स्वयंसेवकों और पंचायत प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।

## इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर ने की संयुक्त गस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार ने पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ बॉर्डर एरिया का भ्रमण कर सुरक्षा हालातों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्टों पर तैनात पुलिस/एसएसबी जवानों को सतर्कता के साथ प्रत्येक आने-जाने वाले व्यक्तियों व वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी ने पैदल गस्त के दौरान सीमा क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर तत्पर निगरानी रखने और किसी भी स्थिति में लापरवाही न बरतने के लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल के मध्य आवागमन वाले मुख्य मार्गों पर पुलिस एवं एसएसबी संयुक्त रूप से सक्रिय भूमिका निभा रही है और हर वाहन व व्यक्ति की गहन जांच की जा रही है। डॉ. कुमार ने सीमा से सटे गांवों में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों एवं संभ्रांत व्यक्तियों से वार्ता करते हुए उन्हें मादक पदार्थों की तस्करी, मानव व गौ-तस्करी, अवैध कटान तथा अन्य संदिग्ध गतिविधियों के प्रति जागरूक किया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देकर सहयोग करने की अपील की, ताकि असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। संयुक्त टीम की इस सक्रियता से सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होती दिख रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## मानसिक विक्षिप्त ने लगाई फांसी, मौत



**मलिहाबाद।** नई बस्ती धनेवा गांव में मोची का काम करने वाले एक युवक ने बुधवार सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान भगवानदीन (35) के रूप में हुई है, जो अपनी ग्रामसभा में पंचायत सदस्य भी थे। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।परिजनों के अनुसार, मृतक भगवानदीन की मानसिक स्थिति कुछ समय से ठीक नहीं बताई जा रही थी और वह उपचाराधीन भी थे। बुधवार सुबह वह अपने घर में लिंटर के पावे (पिलर) में रस्सी के सहारे लटकते हुए मिले। परिजनों द्वारा घटना की सूचना दिए जाने के बाद, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे।भगवानदीन के परिवार में उनकी पत्नी निशा के अलावा दो भाई और तीन बहनें हैं, जो सभी विवाहित हैं। इस दुखद घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया है। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में आगे की आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आत्महत्या के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

## घर का ताला तोड़कर कीमती सामान चोरी



**मलिहाबाद।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तरौना गांव में चोरों ने एक बार फिर पुलिस को चुनौती देते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। गांव निवासी रिंकू के घर का ताला तोड़कर चोर अलमारी में रखी सोने की माला चोरी कर फरार हो गए।जानकारी के मुताबिक रिंकू अपनी पत्नी के साथ गांव के बाहर लखनऊ-हरदोई राजमार्ग स्थित तालाब पर रहकर सिंघाड़े का काम करता है। बुधवार सुबह रिंकू किसी कार्य से अपने घर पहुंचा तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा पड़ा है। अंदर जाकर देखा तो अलमारी के कपड़े बिखरे पड़े थे और उसमें रखा सोने का माला गायब था। घटना की सूचना पीड़ित ने डायल 112 पर दी। इसके बाद थाने पहुंचकर लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चोरों ने रिंकू के पड़ोस में स्थित एक दुकान का शटर तोड़ने की भी कोशिश की लेकिन असफल रहे। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया मौके पर पहुची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से मां- बेटी की हुई मौत घर में मचा कोहराम, मेला देखने जा रही थी, ट्रैक किनारे चलते समय हुआ हादसा



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में बुधवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से मां और बेटी की मौत हो गई सोनी राजपूत (40) पत्नी नवल किशोर लोध अपनी बेटी पिंकी के साथ हरगांव में लगे वतीर्थ मेले के दर्शन करने घर से निकली थीं। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मामला कोतवाली देहात थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार मां-बेटी रेलवे लाइन के किनारे हॉल्ट की ओर जा रही थीं। इसी दौरान अचानक आई ट्रेन दोनों को अपनी चपेट में लेती हुई निकल गई। हादसा इतना भीषण था कि सोनी राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि उनकी बेटी पिंकी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। गंभीर हालत में पिंकी को जिला अस्पताल सीतापुर ले जाया गया। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद उसने भी दम तोड़ दिया हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मां-बेटी किस परिस्थिति में रेलवे ट्रैक पर पहुंचीं!!

# एक माह से दहशत का कारण बना तेंदुआ, आखिरकार पिंजरे में हो गया कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य कोतवाली क्षेत्र के खेउटा गांव में पिछले एक माह से दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार पिंजरे में कैद हो गया। ग्रामीणों के लिए आतंक का पर्याय बन चुके इस तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम लंबे समय से लगातार प्रयास कर रही थी। क्षेत्र में मवेशियों पर हमले और रात के समय तेंदुए की सक्रियता के कारण ग्रामीण भय के साये में जी रहे थे। कई बार तेंदुए को खेतों और बागों के पास देखा गया जिसके बाद वन विभाग ने मौके पर पिंजरा लगाने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार भाजपा नेता मुनींद्र अवस्थी के फॉर्म पर वन विभाग द्वारा बड़े आकार का पिंजरा लगाया गया था। टीम को अनुमान था कि तेंदुआ इसी क्षेत्र में अक्सर घूमता है और यहां पानी व भोजन की तलाश में आता है। मंगलवार देर रात पिंजरे में बंधे बकरी की ओर आकर्षित होकर तेंदुआ अंदर पहुंच गया और दरवाजा अपने आप लॉक हो गया।

सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने पिंजरे में तेंदुए को फंसा देखा तो पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी के साथ-साथ राहत का माहौल भी बन गया सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पिंजरे की सुरक्षा घेरा बनाकर तेंदुए की स्थिति की जांच की वन कर्मियों के अनुसार तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ है और उसे किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। टीम ने ग्रामीणों से अपील की कि पिंजरे के पास भीड़ न लगाएं और दूरी बनाकर रखें। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, जिसने आसपास के क्षेत्र में लोगों की आवाजाही नियंत्रित की। वन विभाग तेंदुए को मेडिकल जांच के बाद सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ने की तैयारी कर रहा है। ग्रामीणों ने राहत की सांस लेते हुए वन विभाग की पूरी टीम का आभार जताया एक महीने से जारी तेंदुए के आतंक के खत्म होने पर लोगों ने चैन की सांस ली और अब क्षेत्र में सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू होने लगी हैं!!

## देर रात कार सवार महिला पर जानलेवा हमला 112 की तत्परता से टली बड़ी घटना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** बीते रविवार देर रात मलिहाबाद क्षेत्र में शादी के कार्ड देने जा रही एक महिला पर अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। महिला अपनी टाटा सफारी कार में थी जिसे रोककर हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से वार किया। हालांकि उनके साथी की सूझबूझ और डायल-112 की तत्काल कार्रवाई के कारण एक बड़ी अनहोनी टल गई और महिला बाल-बाल बच गई।

लखनऊ के अलीगंज, सेक्टर बी की निवासिनी अंजलि शर्मा रविवार रात लगभग 10:30 बजे अपने छोटे भाई के मित्र शुभम पाल के साथ कार से उनके घर शादी के कार्ड देने जा रही थीं।जैसे ही उनकी कार ग्राम नजरनगर मोड़ पर पहुँची, बाइक पर सवार कुछ अज्ञात हमलावरों ने उनकी गाड़ी को जबरन रोक लिया और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, शुभम पाल ने सूझबूझ से काम लिया। इसी बीच, पीछे से किसी अन्य वाहन के आने की आवाज़ सुनकर, अज्ञात




हमलावर तत्काल मौके से भाग खड़े हुए।हमलावरों के भागते ही, शुभम पाल ने ज़रा भी देर न करते हुए तेज़ी से गाड़ी को सुरक्षित स्थान की ओर भगाया और तुरंत डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी।शुभम पाल की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। पुलिस टीम बिना विलंब किए तुरंत मौके पर पहुँची और घटना की जानकारी ली। गनीमत यह रही कि इस जानलेवा हमले में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई।पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है और अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम अब रूट पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जाँच कर रही है और हमलावरों की पहचान और तलाश में जुट गई है। पुलिस ने जल्द ही अज्ञात हमलावरों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## कानपुर में एनआईए की 12 ठिकानों पर रेड, दिल्ली ब्लास्ट के कनेक्शन की जांच में जुटी एजेंसियां

**कानपुर नगर।** दिल्ली ब्लास्ट के बाद लेडी टेररिस्ट डॉ शाहीन सईद के मददगारों की जांच में सुरक्षा एजेंसियां जुट गई है, कानपुर में एटीएस और एनआईए की टीमों ने 12 से अधिक जगहों पर छापेमारी की हैं,,इस दौरान हितकारी नगर से हरियाणा नंबर की एक कार भी बरामद हुई है, इसके अलावा कानपुर मेडिकल कॉलेज, डीएसवीएम, छोड़कर बिना बताए गाएब होने वाले 07 डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज छोडने का कारण कम सैलरी और ज्यादा खर्च बताया, वहीं शाहीन के भाई के ससुराल वालों से भी एजेंसियो ने पूंछ ताछ की है, दर असल एजेंसियों को इनपुट मिलें थें, कि शाहिन सईद ब्लास्ट से 25दिन पहले कानपुर आई थीं, शाहिन के् साथ कितने डाक्टरों ने कानपुर मेडिकल कॉलेज में ज्वाइन किया था, उनमें कौन-कौन क़रीबी संबंध रखतें थे,किसका उसके घर आना जाना था इससे जुड़ा पूरा डेटा खंगाला जा रहा है, दिल्ली ब्लास्ट के बाद उत्तर प्रदेश से अब तक 05 डॉक्टरों की एजेंसियां उठा चुकी है, डॉ आदिल,को पकड़ा गया है, लखनऊ की रहनेवाली डॉ, शाहिद और उसके भाई परवेज़ को एटीएस ने गिरफ्तार किया, इसके बाद कानपुर हृदय रोग संस्थान के डाक्टर आरिफ को भी हिरासत में लिया गया।

## सरेनी की राजनीति में नई दस्तक, सपा से मनीष देव पाल का जनसंपर्क अभियान चर्चा में

● **पीडीए फार्मूला बना राजनीतिक सक्रियता का आधार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नज़दीक आ रहे हैं, सियासी गतिविधियाँ तेज होती जा रही हैं। सपा के पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) फार्मूले के सहारे सरेनी विधानसभा की राजनीति में नई हलचल पैदा करने वाले युवा नेता मनीष देव पाल लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं।जनपद रायबरेली की चर्चित सीट 182-सरेनी की राजनीतिक दिशा अक्सर अंतिम क्षणों में बदलती रही है, लेकिन इन दिनों क्षेत्र में मनीष देव पाल की सक्रियता ने चुनावी चर्चा को नया मोड़ दे दिया है। भोजपुर निवासी 36 वर्षीय मनीष देव पाल समाजवादी विचारधारा और पीडीए फार्मूले को जनता के बीच पहुँचा कर अपना जनाधार मजबूत कर रहे हैं।युवा वर्ग में उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, और राजनीतिक हलकों में यह चर्चा आम है।जिस ओर जवानी चलती है, उसी ओर जमाना चलता है।शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात के बाद बढ़ी सक्रियता सपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात के बाद मनीष देव पाल ने पूरी मजबूती से क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज कराई है। जनसंपर्क अभियान, जरूरतमंदों की मदद और हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहने की उनकी शैली प्रतिद्वंदियों के लिए चुनौती बनती दिख रही है।

हाल ही मे पूरे डंगरी चकमलिक भीटी में तालाब में डूबकर मृत युवक के परिवार से मिलकर आर्थिक मदद दी।खपरा ताल गांव में सड़क दुर्घटना में मृत युवक के परिजनों को आर्थिक सहयोग और श्रद्धांजलि अर्पित की।इन घटनाओं ने जनता के बीच उनकी संवेदनशील छवि को मजबूत किया है।पीडीए फार्मूला और पिछड़ों-दलितों के मुद्दे उठाकर बनाया जनाधार मनीष देव पाल का कहना है कि सरेनी क्षेत्र में पिछड़े और दलित समाज के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है– 'उनके वोट तो लिए जाते हैं, लेकिन



हक़ नहीं दिया जाता। 'इसी मुद्दे को लेकर उनका जनसंपर्क अभियान सियासत का केंद्र बन गया है।टिकट मिलेगा या नहीं - फैसला भविष्य का, पर चर्चा तेज सपा 2027 में सरेनी से मनीष देव पाल को टिकट देगी या नहीं, यह समय तय करेगा, लेकिन क्षेत्र में उनकी बढ़ती पैठ ने सियासी हलचल जरूर बढ़ा दी है। उनकी मौजूदा सक्रियता यह संकेत दे रही है कि वे मजबूत दावेदारी पेश करने की स्थिति में पहुंच चुके हैं।

## रेजांगला वीर शहीदों को 120 दीपों से श्रद्धांजलि, युवाओं और समाजसेवियों ने कैंडल मार्च निकालकर किया याद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में रेजांगला के वीर शहीदों की अमर गाथा को नमन करते हुए सिधौली कस्बे में मंगलवार देर शाम कैंडल मार्च निकाला गया। समाज के विभिन्न वर्गों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह श्रद्धांजलि मार्च बस स्टैंड से शुरू होकर शहीद स्मारक तक पहुंचा यहां वीर जवानों को नमन करते हुए 120 दीप जलाए गए। हर दीप उस एक-एक सैनिक की शहादत का प्रतीक था जिन्होंने 18 नवंबर 1962 को रेजांगला के रणक्षेत्र में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। रेजांगला की लड़ाई भारतीय सेना के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। लगभग 6 हजार चीनी सैनिकों के हमले के सामने भारत की 13 कुमाऊं रेजिमेंट की 'सी' कंपनी ने अदम्य साहस और धैर्य का परिचय दिया था। कंपनी के 120 सैनिकों ने न केवल मोर्चा संभाला बल्कि दुश्मन के लगभग 1350 सैनिकों को ढेर कर दिया इस भीषण संघर्ष में भारतीय जवान अंत तक डटे रहे और मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इसी वीरता को याद करते हुए विभिन्न समाज के लोगों व स्थानीय नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर वीर सपूतों को याद किया



कैंडल मार्च में शामिल लोग भारत माता की जय और शहीदों अमर रहें के नारों से पूरे कस्बे में देशभक्ति का माहौल भरते चले गए समाजसेवी डॉ. संदीप यादव ने कहा कि 'रेजांगला के शहीदों का बलिदान देश के लिए प्रेरणास्रोत है।

ऐसी वीरता दुनिया में कम देखने को मिलती है। हमें अपने युवाओं को इन गाथाओं से परिचित कराना चाहिए ताकि उनमें राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की भावना और प्रबल हो।' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि शहीदों की स्मृति में ऐसे आयोजन समय-समय पर होने चाहिए, ताकि समाज देशरक्षकों के योगदान को कभी न भूले। कैंडल मार्च के समापन पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर और दीप अर्पित कर शहीदों को अंतिम नमन किया इसके साथ ही आयोजन शांतिपूर्ण और सम्मानजनक तरीके से सम्पन्न हुआ!!

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 इंदिरा गांधी जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**बलरामपुर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर के अध्यक्ष शिवलाल कोरी ने किया। जयंती कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बलरामपुर सदर धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने कहा कि 'इंदिरा गांधी जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की सेवा और भारत की एकता-संप्रभुता को मजबूत करने के लिए समर्पित था। उनकी दूरदर्शिता, साहस और निर्णायक नेतृत्व आज भी देश के लिए प्रेरणा स्रोत है।' इसी तरह पूर्व ब्लाक प्रमुख राज बहादुर यादव ने कहा कि 'इंदिरा गांधी जी ने हमेशा गरीबों, किसानों और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके योगदान को कांग्रेस पार्टी कभी भुला नहीं सकती।' उक्त कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार उपाध्याय ने की कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित केदारनाथ पांडे पूर्व प्रत्याशी तुलसीपुर उमाशंकर तिवारी डॉक्टर हामिद खलीलुल्लाह अख्तर खान दिलशाद हुसैन अखिलेश प्रसाद मिश्रा मोहम्मद जमील प्रकाश भाई मोहम्मद हुसैन पूर्व प्रधान अमरिंदर कुमार उर्फ लल्लू राजू उपाध्याय विशाल कश्यप प्रभारी कंट्रोल रूम बृजेश चौहान सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उक्त जयंती समारोह में बड़ी संख्या में भाग लिया और राष्ट्रीय नायकों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## एसजेएस पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इंदिरा गांधी एवं रानी लक्ष्मीबाई की जयंती



**महराजगंज/रायबरेली।** एस0 जे0 एस0 पब्लिक स्कूल महराजगंज में इंदिरा गांधी एवं रानी लक्ष्मीबाई की जयंती बड़े ही हर्षौल्लास के साथ मनाई गई। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष आज दिनांक 19/ 11/ 25 को इंदिरा गांधी एवं रानी लक्ष्मीबाई जयंती मनाई गई इस अवसर पर भाग्य सिंह एवं जुनैरा खान के द्वारा झांकी प्रस्तुत की गई जो छात्रों के जीवन के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह एवं सह प्रबंधिका डांश अनुश्री सिंह और विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मृदुला श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षकों ने बच्चों को उत्साह वर्धन किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अमेरिकन इंस्टिट्यूट द्वारा दाऊ दयाल महिला पीजी कॉलेज में इंग्लिश स्पीकिंग वर्कशॉप का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** दाऊ दयाल कॉलेज में सोमवार को अमेरिकन इंस्टिट्यूट की ओर से एक विशेष इंग्लिश स्पेकिंग वर्कशाप का आयोजन किया गया, जिसका संचालन इंस्टिट्यूट के सीनियर टीचर खुर्शीद सर ने किया जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज प्राचार्य ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करके किया। इंस्टिट्यूट के प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रभावी अंग्रेज़ी बोलने की तकनीकें, उच्चारण सुधार, पब्लिक स्पीकिंग कौशल और इंटरव्यू स्किल कम्युनिकेशन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। वर्कशॉप के दौरान छात्रों ने समूह गतिविधियों, डिबेट, रोल-प्ले और स्पीकिंग ड्रिल्स में सक्रिय भागीदारी दिखाई। प्रशिक्षकों ने बताया कि अंग्रेज़ी संचार कौशल करियर ग्रोथ, व्यक्तित्व विकास और वैश्विक अवसरों के लिए आवश्यक है। कॉलेज प्रबंधन ने ऐसे आयोजनों को छात्रों के भविष्य के लिए उपयोगी बताते हुए अमेरिकन इंस्टीट्यूट का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर मनीष राघव सर ने बच्चो के उज्जवल भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं दी।

## सकरन में रहे थाना प्रभारी मनीष सिंह को सिधौली में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

● **मनीष सिंह पुलिस महकमें के उज्ज्वल नक्षत्र : सी ओ सिधौली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिधौली/ सीतापुर।** क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद सामाजिक सेवा संस्थान, सिधौली–गांधीनगर में आज एक मार्मिक और प्रेरणादायी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य था पूर्व सकरन व कमलापुर थाना अध्यक्ष, कर्तव्यनिष्ठ उपनिरीक्षक स्वर्गीय मनीष सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके व्यक्तित्व, सेवा-भाव और त्यागमयी कर्मधर्मिता को याद करना। कार्यक्रम का आयोजन नव वेलफेयर सेवा समिति के सौजन्य से सम्पन्न हुआ।

सबसे पहले क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार ने मनीष सिंह के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि 'मनीष सिंह पुलिस महकमे के एक उज्ज्वल नक्षत्र थे–कर्तव्यपरायण, संवेदनशील और अनुशासित। वे हमारे परिवार के सदस्य की तरह थे। समाज आज भी उन्हें आदर से याद करता है।' इसके पश्चात संस्थान के मार्गदर्शक डॉ. चन्द्रशेखर प्रजापति ने सभा संयोजक के रूप में मनीष सिंह के विद्यार्थी जीवन को स्मरण करते हुए कहा कि वे सदैव सहयोगी, सरल और स्नेही स्वभाव के धनी थे। 'छात्र जीवन से लेकर पुलिस सेवा तक, वे हर कदम पर अपने कर्म, ईमानदारी और सेवा की श्रेष्ठ परंपरा को निभाते रहे। डॉ. संदीप यादव ने माल्यार्पण कर उनके पुलिस दायित्व, आरक्षण व्यवस्था और समाज प्रति उत्तरदायित्व की व्यापक चर्चा की। उन्होंने बताया कि मनीष सिंह ने बहुत कम समय में क्षेत्र में ऐसा विश्वास अर्जित किया कि जनता उन्हें अपना सहारा मानने लगी थी। अध्यक्ष गंगाराम राजपूत ने प्रशस्ति भाव से पुष्पांजलि अर्पित की।

विनोद रावत ने मनीष सिंह के साथ बिताए संस्मरण साझा किए–एक ऐसे अधिकारी की छवि, जो लोगों की पीड़ा समझने को सदैव तत्पर रहते थे। समाजसेवी नीतू वर्मा ने उनकी सेवाओं को याद करते हुए भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। कवयित्री पिंकी अरविन्द प्रजापति ने अपनी काव्य-पंक्तियों के माध्यम से मनीष सिंह की स्मृति को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। मंच संचालन करते हुए डॉ. देवेंद्र कश्यप 'निडर' ने अपने शब्द-पाली से वातावरण को उदात्त बना दिया– 'किए जो कर्म हैं सुन्दर सभी को खूब भाते हैं, युगों तक शौर्य-गाथाएँ सभी गाते-बजाते हैं। दिया



है साथ जिसने भी गरीबों की भलाई में, वही इंसान दुनिया में सभी को याद आते हैं। 'इन पंक्तियों ने सभा के भाव को और अधिक दिव्य, सार्थक और प्रेरक बना दिया।

अंत में, सभा संयोजक डॉ. चन्द्रशेखर प्रजापति ने मनीष सिंह के व्यक्तित्व, उनके विद्यार्थी जीवन की विनम्रता, पुलिस सेवा में उनकी सजग भूमिका और समाज के प्रति उनके स्नेह-कर्तव्य को स्मरण करते हुए कहा 'मनीष सिंह केवल एक पुलिस अधिकारी नहीं थे, वे जनविश्वास के स्तंभ थे। उनका जीवन आदर्श कर्मयोग का जीवंत उदाहरण है। 'इस प्रकार श्रद्धांजलि सभा एक भावपूर्ण, अनुशासित और प्रेरणामयी आयोजन के रूप में संपन्न हुई, जिसने सभी उपस्थित जनों के मन में यह संदेश छोड़ा कि– कर्तव्य, सेवा और मानवीयता ही व्यक्ति को युगों-युगों तक अमर बनाते हैं।

## पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दोस्त गंभीर रूप से घायल

● **रोते-बिलखते बिलखते परिजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड पर मेरुई गांव के पास बुधवार की शाम तेज रफ्तार बेकाबू पिकअप ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया।बहादुरगंज निवासी इरशाद (22) पुत्र नबी, अपने दोस्त सलमान (20) पुत्र उस्मान के साथ बाइक से बड़े नहर तिराहे पर नाश्ता करने गया था। लौटते समय सामने से आ रहे बेकाबू पिकअप ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया, जहां इलाज के



दौरान इरशाद की मौत हो गई। सलमान की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।दोनों युवक मुंबई में रहकर बढ़ई का काम करते थे और कुछ दिन पहले ही छुट्टी पर घर आए थे। मृतक इरशाद चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पिता नबी, मां रिजवाना बानो और भाई रिजवान, निसार व मोहम्मद हसन का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

## दरोगा पर एक पक्षीय कार्रवाई के आरोप, फरियादी ने एसपी से की शिकायत

**भरतकूप थाने में उठी कार्यशैली पर सवाल**

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र में लंबे समय से तैनात एक दरोगा की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। एक फरियादी ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरुण कुमार सिंह से मुलाकात कर दरोगा के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। फरियादी का आरोप है कि संबंधित दरोगा मामलों में निष्पक्ष ढंग से कार्रवाई न कर एक पक्ष का पक्ष लेने जैसी प्रवृत्ति अपनाते हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, थाने में दर्ज एक प्रकरण में दरोगा रामकुमार ने उनकी बात सुने बिना ही दूसरे पक्ष के आधार पर कार्रवाई की। फरियादी ने इसे न्यायिक प्रक्रिया के विपरीत बताते हुए इसकी जांच कराए जाने की मांग की है। स्थानीय सूत्रों का यह भी दावा है कि संबंधित दरोगा फरियादियों का काम बिना सुविधा शुल्क लिए आगे नहीं बढ़ाते। हालांकि इन आरोपों की अभी तक किसी भी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस विभाग ने इस पर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर गैसड़ी में बीजेपी की विशाल पदयात्रा, जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

**गैसड़ी (बलरामपुर)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर विधानसभा गैसड़ी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भोजपुरी संतरी से हुई, जहां हजारों कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पदयात्रा का नेतृत्व पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने किया। यह पदयात्रा गैसड़ी बाज़ार पहुंचकर एक विराट जनसभा में परिवर्तित हो गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाकेंद्र वर्मा, विधायक 'कुर्सी' बाराबंकी एवं सचेतक, भाजपा विधानमंडल दल उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सलभ मणि त्रिपाठी, विधायक देवरिया एवं प्रवक्ता उत्तर प्रदेश भाजपा ने मंच की शोभा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथियों में राहुल राज रस्तोगी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी तथा पलटू राम, विधायक बलरामपुर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा ने की, जबकि आयोजन पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वक्ताओं ने अपने उद्बोधनों में कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 562 रियासतों का विलय कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया।

## अज्ञात चोरों ने घर में चोरी की वारदात को दिया अंजाम,नकदी समेत जेवरात और तांबे-पीतल के बर्तन को किया पार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के रामपुरकलां थाना क्षेत्र के सरवा जलालपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी की यह घटना उस समय हुई जब गृहस्वामी व उनके परिजन घर में सो रहे थे सुबह उठने पर जब घर का सामान बिखरा मिला, तब घटना की जानकारी हो सकी चोरी की इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। गृहस्वामी ओमप्रकाश सिंह पुत्र श्रीराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की देर रात चोर उनके मकान में दरवाजे व अलमारी का ताला तोड़कर अंदर घुसे। चोरों ने उनके घर में रखी लगभग 75 हजार रुपए नगद सहित कीमती सोने-चांदी के लाखों के जेवरात और घर में रखे तांबे-पीतल के बर्तनों समेत अन्य मूल्यवान सामान चोरी कर लिया तहरीर के अनुसार चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़कर सामानों को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना की सुबह जब परिवार के



सदस्य जागे और सामान बिखरा देखा। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया पुलिस ने कमरे, टूटी अलमारी, दरवाजे की स्थिति और आसपास के रास्तों की जांच की सुराग मिलने की आशा में स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। गृहस्वामी का कहना है कि चोरों ने घर में रखी लगभग सभी कीमती वस्तुओं को निशाना बनाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। मामले में पुलिस घटनास्थल के आसपास मौजूद संभावित सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है!!

# शेख हसीना प्रत्यर्पण विवादः भारत की कूटनीतिक रणनीति और कानूनी आधार

भारत द्वारा बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को प्रत्यर्पित न करने का मुद्दा दक्षिण एशिया की राजनीति में ऐसे समय उभरकर सामने आया है जब क्षेत्र पहले से ही अस्थिरता, शक्ति-संतुलन और वैश्विक दबावों के बीच एक निर्णायक चरण से गुजर रहा है। यह मामला सिर्फ एक कानूनी प्रक्रिया या द्विपक्षीय औपचारिकता भर नहीं है; इसके भीतर कानून, नैतिकता, रणनीतिक हित और क्षेत्रीय भू-राजनीति के कई स्तर एक-दूसरे में उलझे हुए हैं। शेख हसीना पर बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण द्वारा मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में मृत्युदंड सुनाया गया है, लेकिन यह फैसला जिस तरह उनकी अनुपस्थिति में, पक्षपात और राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों के बीच आया, उसने इसे एक सामान्य न्यायिक फैसले से कहीं अधिक राजनीतिक बना दिया है। भारत के लिए यह मुद्दा संवेदनशील इसलिए भी है, क्योंकि शेख हसीना न केवल पड़ोसी देश की एक पूर्व प्रधानमंत्री हैं, बल्कि पिछले डेढ़ दशक में भारत-बांग्लादेश संबंधों की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला भी रही हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच 2013 की प्रत्यर्पण संधि तथा 2016 के संशोधन ने दोनों देशों को अपराधियों के आदान-प्रदान का कानूनी ढांचा दिया, पर साथ ही इसमें ऐसे प्रावधान भी जोड़े गए जो राजनीतिक या पूर्वाग्रहपूर्ण मामलों में प्रत्यर्पण से इनकार की स्पष्ट अनुमति देते हैं। संधि के आर्टिकल 6 और आर्टिकल 8 भारत को वह आधार प्रदान करते हैं जिसके अनुसार यदि किसी मामले का चरित्र राजनीतिक हो, या यदि आरोपी को अपने देश में निष्पक्ष न्याय मिलने की संभावना संदिग्ध हो, तो उसे प्रत्यर्पित करना आवश्यक नहीं है। शेख हसीना के मामले में यही प्रश्न सबसे महत्वपूर्ण है—क्या उनका ट्रायल न्यायिक प्रक्रिया का पालन करता है या फिर यह एक राजनीतिक प्रतिशोध का विस्तार है? अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों, विद्वानों और क्षेत्रीय विश्लेषकों की बड़ी संख्या का मत है कि यह मामला न्यायिक संतुलन की जगह राजनीतिक बदले की भावना से अधिक संचालित प्रतीत होता है। ऐसे में भारत के लिए यह कहना कठिन नहीं कि यह मुकदमा निष्पक्षता के मानकों पर खरा नहीं उतरता। भारत की रणनीतिक और कूटनीतिक चिंता इससे भी गहरी है।

शेख हसीना के शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंधों ने अभूतपूर्व मजबूती हासिल की। पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद पर नियंत्रण, सीमा प्रबंधन, नदी जल बंटवारा, व्यापार सुगमता, कनेक्टिविटी परियोजनाएँ और चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित रखने का काम—ये सब शेख हसीना के नेतृत्व में संभव हुआ। उन्होंने न केवल भारत की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान किया बल्कि कई ऐसे कदम उठाए जिन्हें बांग्लादेश की घरेलू राजनीति में काफी जोखिमपूर्ण माना जाता था। उनके इस सहयोग से भारत को न केवल सीमा पर स्थिरता मिली बल्कि दक्षिण एशिया में अपने प्रभाव को भी बनाए रखने में मदद मिली। ऐसी स्थिति में यदि भारत उन्हें प्रत्यर्पित कर देता, तो यह उसके अपने दीर्घकालिक हितों को चोट पहुंचाने जैसा होता। इसके साथ ही यह संदेश भी जाता कि भारत अपने मित्र राष्ट्रों के नेतृत्व को राजनीतिक अस्थिरता के क्षणों में संरक्षण देने में हिचकिचाता है, जो भविष्य की कूटनीतिक संभावनाओं के लिए प्रतिकूल संकेत होता। हालांकि भारत का यह निर्णय जोखिमों से मुक्त नहीं है। बांग्लादेश में वर्तमान सत्ता प्रतिष्ठान और भारत-विरोधी समूह इस कदम को आंतरिक राजनीति में भारतीय हस्तक्षेप का प्रमाण बताने की कोशिश कर सकते हैं। सीमा पर अवैध गतिविधियों में वृद्धि का खतरा भी बना रहेगा, क्योंकि राजनीतिक तनाव अक्सर उन तंत्रों को कमजोर कर देता है जिनके बल पर सीमा नियंत्रण होता है। व्यापार, ऊर्जा साझेदारी और कनेक्टिविटी परियोजनाओं की गति धीमी पड़ने की संभावना भी है। चीन और पाकिस्तान के लिए यह एक नया अवसर उत्पन्न करेगा कि वे बांग्लादेश में अपना प्रभाव बढ़ाएं और भारत की क्षेत्रीय रणनीति को चुनौती दें। यह एक ऐसा परिदृश्य होगा जिसे भारत को सावधानी से संतुलित करना होगा। फिर भी यह तथ्य अपनी जगह कायम है कि भारत की आर्थिक, कूटनीतिक और सामरिक स्थिति अब इतनी कमजोर नहीं कि ऐसे दबाव उसके दिशा-निर्देश तय करें। दक्षिण एशिया में राजनीतिक गठबंधन अक्सर आदर्शवाद से ज्यादा वास्तविकता और पारस्परिक हितों के आधार पर टिके होते हैं। भारत जानता है कि बांग्लादेश के साथ संबंधों में अस्थायी उतार-चढ़ाव आएंगे, लेकिन दोनों देशों के बीच भौगोलिक, आर्थिक और सांस्कृतिक समीकरण इतने गहरे हैं कि स्थायी दूरी किसी के हित में नहीं है। भारत यह भी भली-भाँति समझता है कि बांग्लादेश के भीतर लोकतांत्रिक स्थिरता और कट्टरपंथ पर नियंत्रण तभी संभव है जब वह संतुलित, सहायक और संवेदनशील पड़ोसी की भूमिका निभाए। भारत सरकार के आधिकारिक बयान, जिसमें कहा गया कि निर्णय 'बांग्लादेश के लोगों और क्षेत्रीय स्थिरता के




सर्वोत्तम हितों' को ध्यान में रखकर लिया जाएगा, इसी संतुलन और संवेदनशीलता की झलक है। भारत न तो इस मामले को केवल दो देशों के बीच कानूनी प्रक्रिया के रूप में देख सकता है और न ही इसे पूरी तरह राजनीतिक मानकर मनमर्जी से निर्णय ले सकता है। यह फैसला क्षेत्र की स्थिरता, लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों के व्यापक संदर्भ में लेना होगा। समग्र रूप से देखें तो भारत द्वारा शेख हसीना को प्रत्यर्पित न करने के पीछे कानूनी आधार जितना स्पष्ट है, उससे कहीं अधिक गहरे राजनीतिक और सामरिक कारक भी काम कर रहे हैं। यह सिर्फ एक व्यक्ति की सुरक्षा का प्रश्न नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया में संतुलन, सहयोग और स्थिरता बनाए रखने की कोशिश का हिस्सा है। इसलिए निकट भविष्य में उनके प्रत्यर्पण की संभावना न के बराबर दिखती है, और भारत फिलहाल उनके लिए सुरक्षित आश्रय का स्थान बना रहेगा—यही निर्णय आज की परिस्थितियों में भारत के हितों और क्षेत्रीय शांति दोनों के अनुकूल प्रतीत होता है।ह्य

**महेन्द्र तिवारी**

# संपादकीय

## भारत-अमेरिकी बनते बिगड़ते राजनीतिक-व्यापारिक समीकरण

अमेरिका और भारत के संबंधों का इतिहास अत्यंत गहरा रहा है, किंतु डोनाल्ड ट्रंप के 47वें राष्ट्रपति बनने के बाद इन संबंधों की दिशा अप्रत्याशित रूप से बदलती हुई दिखाई देने लगी है। अमेरिका, जिसकी बुनियाद 1789 में जॉर्ज वाशिंगटन के नेतृत्व में पड़ी, और जिसने जॉन ऐडम्स, थॉमस जेफरसन, जेम्स मैडिसन जैसे संतुलित, प्रखर और दूरदर्शी राष्ट्रपतियों को देखा, तथा जिसने अब्राहम लिंकन जैसे 16वें राष्ट्रपति को जन्म दिया, जिन्होंने दास-प्रथा के उन्मूलन और राष्ट्रीय एकता के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया उसी अमेरिका की वर्तमान नीति अब एक तीखे मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में भी विवादों के केंद्र में रहे थे, किंतु दूसरे कार्यकाल में तो उन्होंने वैश्विक व्यापार, कूटनीति और साझेदारी की पारंपरिक परिभाषाओं को ही बदलने का प्रयास कर दिया। ट्रंप, जो मूलतः व्यापारिक पृष्ठभूमि से आते हैं, अपने निर्णयों में अक्सर वही कठोरता और व्यावसायिक दुराग्रह प्रदर्शित करते हैं जो किसी निजी कंपनी का मालिक कर सकता है। इसी सोच के चलते उन्होंने दुनिया के अनेक देशों पर भारी आयात-शुल्क (टैरिफ) लगाकर आर्थिक अस्थिरता को नई ऊंचाई दी। भारत पर 25% और फिर उसे बढ़ाकर 50% तक टैरिफ लगाने की घोषणा ने न केवल भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों को झटका दिया, बल्कि विश्व-अर्थव्यवस्था में व्यापक चिंता और बेचैनी भी पैदा की। भारत पारंपरिक रूप से अमेरिका का विश्वसनीय व्यापारिक साझेदार रहा है। भारत अमेरिका से रक्षा-सामग्री, तकनीक और अन्य आवश्यक वस्तुएं खरीदता रहा है, वहीं अमेरिका भारत से जेनेरिक दवाओं, इंजीनियरिंग वस्तुओं, कपड़ा-उद्योग, रत्न-जवाहरात और समुद्री उत्पादों का सबसे बड़ा आयातक रहा है। बराक ओबामा के समय यह संबंध अपने शिखर पर पहुंचा, जो बाइडेन के कार्यकाल और ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी यह विश्वास बना रहा।

किंतु जनवरी 2025 के बाद जैसे ट्रंप का रवैया अचानक बदल गया हो। उन्होंने भारत द्वारा रूस से भारी मात्रा में कच्चा तेल आयात करने को मुद्दा बनाकर यह आरोप लगाया कि भारत अमेरिकी हितों की अनदेखी कर रहा है। इस नाराजगी का परिणाम भारत के खिलाफ भारी टैरिफ के रूप में सामने आया। हैरानी की बात यह है कि ट्रंप ने चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों पर अपेक्षाकृत बहुत कम, मात्र 12% से 20% तक टैरिफ लगाए, जिससे भारत में यह संदेश गया कि अमेरिका किसी विशेष रणनीतिक उद्देश्य से भारत को आर्थिक दबाव में लाना चाहता है। भारत ने स्पष्ट शब्दों में यह कहा कि 142 करोड़ की भारतीय जनता और भारतीय उद्योगों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। भारत ने संकेत दिया कि वह अपनी कूटनीतिक और आर्थिक स्वतंत्रता से समझौता नहीं करेगा। इसी परिवेश में भारत ने रूस के साथ अपने संबंधों को नए आयाम देने की पहल की। भारत ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दिसंबर 25 में भारत आने का निमंत्रण देकर यह संदेश दिया कि भारत की विदेश नीति किसी एक देश पर निर्भर नहीं है। इसके समानांतर भारत के प्रधानमंत्री की चीन यात्रा ने वैश्विक कूटनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी।

भारत-चीन संबंध विवाद और मतभेदों के बावजूद विश्व-व्यापार में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि भारत और चीन व्यापारिक मामलों में साझेदारी बढ़ाते हैं, तो यह अमेरिका के लिए एक बड़ी रणनीतिक चुनौती बन सकता है, क्योंकि चीन पहले से ही अमेरिका के व्यापार युद्ध का प्रमुख निशाना है। इस पूरे समीकरण में ब्राज़ील का जुड़ना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अमेरिका द्वारा ब्राजील पर भी 50% टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने भारत के प्रधानमंत्री से टेलीफोन पर लंबी वार्ता की, जिसने इमर्जिंग ब्लॉक को और मज़बूत संकेत दिया। अब स्थिति यह है कि भारत, रूस, चीन और ब्राज़ील एक प्रकार से एक नए आर्थिक और सामरिक गठजोड़ की दिशा में बढ़ते दिख रहे हैं, जिसे अनेक विशेषज्ञ राजनीतिक-आर्थिक धुरी के रूप में देखते हैं। अमेरिका इस संभावित गठबंधन से स्वाभाविक रूप से असहज है। इससे उसकी डॉलर-आधारित वैश्विक आर्थिक प्रभुता को चुनौती मिल सकती है। ट्रंप की चिंता का कारण सिर्फ यही नहीं है; उनका झुकाव टेस्ला और एलन मस्क जैसे बड़े अमेरिकी उद्योगपतियों के प्रति भी रहा है, और यही मस्क अब ट्रंप के इस आक्रामक व्यापार युद्ध से असंतुष्ट बताए जा रहे हैं। ट्रंप की नीतियों ने अमेरिका के भीतर भी उद्योगपतियों को बांट दिया है। कई कंपनियां खुलकर कह रही हैं कि इतनी अधिक टैरिफ नीति से अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा और घरेलू उद्योग को कच्चे माल की कमी से संघर्ष करना पड़ेगा। विदेश में उन्होंने इतने देश



नाराज़ कर लिए हैं कि अमेरिका की पारंपरिक साझेदारियों में दरारें पड़ने लगी हैं। इसके समानांतर, अमेरिका अब पाकिस्तान को अपना नया 'रणनीतिक सहयोगी' बनाने की कोशिश कर रहा है। दूसरी तरफ पाकिस्तान आर्थिक संकट से जूझ रहा है और अमेरिका की ओर आशा-भरी निगाहों से देख रहा है। अमेरिका बलूचिस्तान में सामरिक अड्डा बनाकर चीन-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडार को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। इससे दक्षिण एशिया में भू-राजनीतिक स्थिति और जटिल हो गई है। यह पूरा माहौल भारत के लिए भी चुनौतीपूर्ण है और अवसरपूर्ण भी। भारत को अब यह तय करना है कि वह इस अमेरिकी आर्थिक दबाव के सामने कैसी रणनीति अपनाएगा। क्या भारत अन्य टैरिफ लगाकर अमेरिका को जवाब देगा? क्या भारत ब्रिक्स ब्लॉक के साथ और निकटता से जुड़ेगा? क्या भारत चीन के साथ सीमा विवाद अलग रखकर आर्थिक सहयोग बढ़ाएगा? क्या भारत रूस से ऊर्जा-सहयोग को और मज़बूत करेगा? इन सभी प्रश्नों के उत्तर आने वाले महीनों की कूटनीति तय करेंगे। यह स्पष्ट है कि यह सिर्फ एक आर्थिक विवाद नहीं है; यह वैश्विक शक्ति-संतुलन का नया स्वरूप है। यदि भारत, रूस, चीन और ब्राज़ील मिलकर एक साझा व्यापारिक मोर्चा बनाते हैं, तो अमेरिका को पहली बार यह महसूस होगा कि विश्व-व्यवस्था अब एकध्रुवीय नहीं रही। भारत के लिए यह समय अत्यंत सूझबूझ, आत्मनिर्णय और बहुमुखी कूटनीति का है। अमेरिका भले ही दुखदाई मित्र बन गया हो, पर भारत ने यह दिखा दिया है कि वह किसी भी दबाव में नहीं आएगा और अपनी जनता तथा उद्योगों के हितों को सर्वोपरि रखेगा। आर्थिक विश्व युद्ध कितना लंबा चलेगा और इसका परिणाम क्या होगा, यह वक्त बताएगा, किंतु यह निश्चित है कि भारत अब उस नई वैश्विक शक्ति-व्यवस्था में एक निर्णायक भूमिका निभा रहा है, जहां मित्रता भावनात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और आर्थिक हितों पर आधारित होगी।

**संजीव ठाकुर**

# गुरु तेगबहादुर जी का सम्पूर्ण जीवन न्याय,करुणा और सत्य की शक्ति का प्रतीक है

सिख परंपरा के नौवें गुरु श्री गुरु तेगबहादुर जी भारतीय इतिहास के उन महानतम व्यक्तित्वों में हैं, जिनकी जीवन-यात्रा अपने भीतर त्याग, तप, शौर्य, करुणा और धर्म की स्वतंत्रता के सर्वोच्च सिद्धांतों को समेटे हुए है। वे न केवल सिख समुदाय के महान आध्यात्मिक गुरु थे, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के रक्षक, सत्य और धर्म के प्रहरी तथा अत्याचार के विरुद्ध आवाज़ उठाने वाले अद्वितीय योद्धा भी थे। इसीलिए उन्हें धर्म की चादर ,हिंद की चादर और सृष्टि की चादर जैसे गरिमामय संबोधन प्राप्त हुए। उनका जीवन, बलिदान और शिक्षा आज भी यह संदेश देती है कि धार्मिक स्वतंत्रता, मानव अधिकार और सत्य की रक्षा किसी एक समुदाय का नहीं, बल्कि पूरी मानवता का कर्तव्य है।गुरु तेगबहादुर जी का जन्म 1 अप्रैल 1621 को अमृतसर में हुआ।पिता छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी माता नानकी जी थी।गुरु हरगोबिंद साहिब ने जिस युग में मिरी-पिरी यानी आध्यात्मिकता और शौर्य के संयोजन का मार्ग दिखाया था, उसी वातावरण में गुरु तेगबहादुर जी का संस्कार हुआ। बचपन का नाम था त्याग माल, क्योंकि वे स्वभाव से अत्यंत शांत, गंभीर, विचारशील और तपस्वी प्रवृत्ति के थे।बचपन से ही उन्हें आध्यात्मिक चिंतन,ध्यान और साधना,और शस्त्र-विद्या तीनों में दक्षता प्राप्त हुई। पिता गुरु हरगोबिंद साहिब की प्रेरणा से वे एक ओर गहन अध्यात्म में डूबे रहते, दूसरी ओर अत्याचार के विरुद्ध आवाज़ उठाने के लिए धैर्य, विवेक और साहस का मार्ग अपनाते। कई इतिहासकार उल्लेख करते हैं कि मुगल शक्तियों के विरुद्ध गुरु हरगोबिंद साहिब के संघर्ष में एक युद्ध के दौरान उन्होंने अद्वितीय शौर्य दिखाया। उनके इस साहस और तेजस्विता को देखकर गुरु हरगोबिंद साहिब ने उन्हें तेग बहादुर अर्थात तेग तलवार का वीर बहादुर नाम दिया। आठवें गुरु गुरु हरकृष्ण जी के देहांत के बाद, 1664 में, गुरु तेगबहादुर जी को सिख पंथ का नवां गुरु बनाया गया। उन्होंने दिल्ली, पंजाब, बिहार, असम और बंगाल तक व्यापक यात्राएँ कीं और लोगों में समानता धार्मिक सद्भाव सत्य की शक्ति ईश्वर-प्रेम और मानवता का संदेश फैलाया।उन्होंने चक्रवर्ती यानी घूमते रहने वाले गुरु का स्वरूप अपनाया, ताकि धर्म और मनुष्य मात्र की भलाई हर क्षेत्र में पहुँचे। गुरु तेगबहादुर जी की वाणी अत्यंत दार्शनिक, शांत और आत्मबोध से परिपूर्ण है। गुरु ग्रंथ साहिब में उनकी 115 से अधिक वाणियाँ संकलित हैं। उनकी वाणी भय से मुक्त होने, लोभ-मोह से ऊपर उठने, सत्य और ईश्वरनाम में स्थिर रहने,तथा परिस्थितियों में संयम बनाए रखने का प्रेरणास्रोत है। उनका पूरा जीवन इस बात का प्रतीक है कि धर्म किसी विशेष समुदाय की संपत्ति नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर की नैतिक चेतना है, जिसकी रक्षा हर कीमत पर आवश्यक है। धर्म की चादर धार्मिक स्वतंत्रता के रक्षक गुरु तेगबहादुर जी को धर्म की चादर इसलिए कहा गया क्योंकि उन्होंने धर्म की स्वतंत्रता, पूजा की स्वतंत्रता और व्यक्ति की अंतरात्मा की स्वतंत्रता को सर्वोच्च अधिकार माना। किसी पर धर्म स्वीकार करने का दबाव पाप है, और धर्म की रक्षा के लिए प्राण देना पुण्य। जब उस समय मुगल सत्ता द्वारा लोगों को जबरन धर्म परिवर्तन के लिए विवश किया जा रहा था, तब गुरु तेगबहादुर जी ने कहा जब तक शरीर में प्राण हैं, धर्म की स्वतंत्रता का दीप बुझने नहीं दूँगा।यही आध्यात्मिक हिम्मत उन्हें धर्म की चादर बनाती है। सम्पूर्ण भारत के रक्षक हिंदू धर्म को जबरन परिवर्तन से बचाने के लिए अपनी शहादत देने वाले गुरु तेगबहादुर जी को भारतीय समाज 'हिंद की चादर' कहकर सम्मानित करता है।कश्मीर के पंडितों की पीड़ाऔरंगजेब के शासन में कश्मीरी पंडितों पर भीषण अत्याचार हुएउन्हें इस्लाम स्वीकार करने के लिए धमकाया गया, कर लगाए गए, और मृत्यु का भय दिखाया गया। तब कश्मीरी पंडितों ने उत्तर भारत में ऐसे व्यक्तित्व की खोज की, जो उनकी रक्षा कर सके। वे आनंदपुर साहिब पहुँचे और गुरु तेगबहादुर जी से सहायता की विनती की।गुरु जी का ऐतिहासिक उत्तर गुरु तेगबहादुर जी ने कहा यदि मुझे बलिदान देना पड़े, तो भी मैं भारत की सनातन और सांस्कृतिक आत्मा की रक्षा करूँगा।उन्होंने कहा कि यदि वे स्वयं बलिदान देंगे, तो औरंगजेब का अत्याचार रुक जाएगा और लाखों लोगों को धर्म परिवर्तन से छुटकारा मिलेगा। यह निर्णय न केवल साहसिक था, बल्कि मानव अधिकारों की रक्षा का विश्व इतिहास में अनोखा उदाहरण भी है। सृष्टि की चादर सम्पूर्ण मानवता के रक्षकगुरु तेगबहादुर जी की शहादत किसी एक धर्म के लिए नहीं थी, बल्कि पूरी मानवता की आध्यात्मिक स्वतंत्रता के लिए थी।इसलिए उन्हें सृष्टि की चादर कहा गया।उन्होंने सिख, हिंदू, मुस्लिम, जैन, बौद्ध,सभी को समान दृष्टि से देखा।उनका संदेश था कि अत्याचार का विरोध करो और सत्य के लिए खड़े रहो।मनुष्य की अंतरात्मा सर्वोपरि है। किसी के धर्म को न छीना जाए मानवाधिकार ईश्वर-प्रदत्त हैं। ऐसा विचार रखने वाला व्यक्तित्व केवल एक देश या धर्म का नहीं रहता,वह पूरी सृष्टि की आत्मा बन जाता है।जब गुरु तेगबहादुर जी कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिए खड़े हुए, तो यह औरंगजेब को स्वीकार नहीं था।उसने आदेश दिया कि गुरु जी इस्लाम स्वीकार कर लें,या मृत्यु दंड स्वीकार करें।गुरु जी ने शांतिपूर्वक उत्तर दिया कि धर्म बदलना मेरे लिए असंभव है, क्योंकि यह अंतरात्मा के विरुद्ध जाना है।कुछ इतिहासकार बताते हैं कि गुरु जी को गिरफ्तार करने के लिए कुछ अधिकारियों को भेजा गया।गुरु जी उस समय पटना, बंगाल और आसम की यात्राओं से लौट रहे थे।उन्हें सरहिंद के पास गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उन्हें सरहिंद दिल्ली ले जाया गया, जहाँ कठोर यातनाएँ दी गईं। उनके सामने उनके शिष्यों भाई मतीदास, भाई सतिदास, भाई दयालदास—को अत्यंत क्रूर दंड दिया गया, पर गुरु जी अडिग रहे।24 नवंबर 1675 को दिल्ली के चांदनी चौक में गुरु तेगबहादुर जी के सिर का कलम किया गया। उनकी शहादत इसलिए ऐतिहासिक है क्योंकि उन्होंने किसी सत्ता के लिए प्राण नहीं दिए,किसी राज्य की रक्षा के लिए नहीं लड़े,बल्कि दूसरों के धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण अर्पित किए।विश्व इतिहास में यह अनोखा उदाहरण है कि किसी धर्मगुरु ने दूसरे धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया हो।वह भी तब जब उस दूसरे धर्म से उनका व्यक्तिगत लाभ कोई न हो।उनका बलिदान यह कहता है कि धर्म वह है जो सबका हो। गुरु तेगबहादुर जी के एकमात्र पुत्र गुरु गोविंद सिंह जी थे, जो उस समय लगभग 9 वर्ष के थे। जब उन्होंने पिता की शहादत का समाचार सुना, तो उन्होंने कहा मेरे पिता ने मानवता, धर्म और सत्य के लिए शरीर अर्पित किया है।ऐसे पिता पर मैं गर्व करता हूँ। गुरु गोविंद सिंह जी बाद में सिख पंथ के दसवें गुरु बने और खालसा पंथ की स्थापना की। गुरु तेगबहादुर जी का जीवन तीन मुख्य आधारों पर टिका हुआ है।भय से मुक्ति उनकी वाणी कहती है।जिसे किसी से भय नहीं, वह सच्चा ज्ञानी है।वे सिख धर्म की उस परंपरा के प्रवर्तक हैं, जो भयमुक्त जीवन का संदेश देती है। आध्यात्मिकता और विवेक उन्होंने जप-तप, ध्यान और नाम-स्मरण को सर्वोच्च साधना कहा। मानवाधिकार और धार्मिक स्वतंत्रताउनके बलिदान ने यह सिद्ध किया कि धर्म बदलवाना अत्याचार है।किसी को उसकी आस्था से दूर करना पाप है। और



सत्य की रक्षा सर्वोच्च कर्तव्य है।यही सिद्धांत आगे चलकर भारतीय समाज और स्वतंत्रता के मूल्य का आधार बने।सिख पंथ में गुरु तेगबहादुर जी का प्रकाश पर्व अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस दिन गुरुद्वारों में कीर्तन,लंगर, आत्मिक प्रवचन और गुरु जी की शिक्षाओं का स्मरण किया जाता है। और आज से विशेषआयोजन आयोजित होंगे।उनकी शहादत का दिन, 24 नवंबर, शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है और मानवाधिकार दिवस के समकक्ष माना जाता है। गुरु जी की विरासत अमर है।उन्होंने आत्मिक चेतना को जगाया।सत्य और न्याय को जीवन का मूल मंत्र बनाया।धर्म की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन दिया।अत्याचार और अन्याय का साहसपूर्वक विरोध किया।भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक धारा को बचाया ।मानवता के इतिहास में अनोखा अध्याय लिखा और यही कारण है कि वे आज भी धर्म की चादर ,हिंद की चादर और सृष्टि की चादर कहलाते हैं। उनका बलिदान हमें यह भी सिखाता है कि धर्म का अर्थ किसी एक समुदाय से नहीं, बल्कि मनुष्य की आत्मा की स्वतंत्रता से है।और यह स्वतंत्रता हर युग में, हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य है।गुरु तेगबहादुर जी का संपूर्ण जीवन न्याय, करुणा और सत्य की शक्ति का प्रतीक है।उन्होंने यह स्थापित किया कि यदि समाज में कहीं भी अत्याचार हो रहा है, तो उसका विरोध करना केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दायित्व है। उनकी शहादत न केवल भारत, बल्कि पूरी मानवता का अनमोल धरोहर है।उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना 17वीं शताब्दी में था।वे चलते-फिरते हुए धर्म की चादर थे,हिंद की रक्षक ढाल थे,और सृष्टि के लिए प्रकाश स्तंभ थे।गुरु तेगबहादुर जी अमर रहें।उनका बलिदान अमर रहे।

**कांतिलाल मांडोत**

# नाकाम करना होगा दहशत का आतंक का खतरनाक ब्लूप्रिंट

भारत में दहशतगर्द लगातार पंख फैलाने की फिराक में है। दिल्ली का कार ब्लास्ट आतंकी हमला घोषित हो चुका है। इसके पीछे पाकिस्तानी आतंकी संगठन की संलिप्तता भी उजागर हो गई है। ऐसे में केंद्र सरकार के उस बयान की खूब चर्चा हो रही, जिसमें कहा गया था कि भारत के खिलाफ कोई भी आतंकी हमला एक्ट ऑफ वॉर माना जाएगा। भारत फिर पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करेगा। लोगों में यह भी चर्चा है कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर फिर शुरू करेगा तो पाकिस्तान के साथ कौन देश खड़े होंगे। आपको पता रहे मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का साथ चीन और तुर्की ने दिया था। चीन लंबे समय से भारत विरोधी हरकते कर रहा। वहीं, भारत द्वारा हमेशा मदद किए जाने के बावजूद तुर्की विरोध में खड़ा हो रहा।करीब दो साल से लगातार अलग-अलग तरह के धमकी भरे हजार से अधिक ईमेल मिल चुके हैं, जिन्हें जांच एजेंसियां हर बार तकनीकी जांच के बाद फर्जी घोषित कर देती हैं। स्कूल, कॉलेज, सचिवालय, अदालत ऐसी कोई जगह नहीं बची है, जिसे बम से उड़ाने की धमकी न मिली हो। अधिकांश मामलों में ये ईमेल वीपीएन व डार्क वेब के जरिए भेजे जाते हैं, जिससे लोकेशन विदेश की दिखती है, लेकिन वास्तविक स्रोत तक पहुंच पाना पुलिस के लिए चुनौती बन जाता है। आतंकी संगठनों की हरकतें बता रहीं हैं कि दिल्ली धमाका तो सिर्फ ट्रेलर था। पाकिस्तान का आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद भारत के खिलाफ फिदायीन अटैक को लेकर ब्लू प्रिंट कर चुका है। हर बार जांच में कुछ ठोस नहीं मिल पाता, लेकिन अब जब देशभर में आतंकी नेटवर्क की गतिविधियां सामने आ रही हैं और कई हमलों की साजिशें उजागर हुई हैं, तो इन पुराने मामलों का संदर्भ बेहद अहम हो गया है। जिस तरह बार-बार ये धमकी ईमेल अलग-अलग स्थानों को टारगेट करते हुए भेजे जा रहे थे, यह संभव है कि वे सिर्फ फर्जी नहीं थे, बल्कि किसी बड़ी आतंकी साजिश का संकेत दे रहे थे। आतंकी हमले के बाद अब मंगलवार सुबह चार प्रमुख जिला अदालतों साकेत, द्वारका, पटियाला हाउस और रोहिणी कोर्ट के साथ-साथ दो सीआरपीएफ स्कूलों को जैश-ए-मोहम्मद के नाम से बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला। आनन-फानन में इमारतें खाली कराई गई और सूचना पर पहुंचा बम डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीएस), स्निफर डॉग और फारेंसिक टीमों ने सर्च अभियान शुरू किया। काफी तलाश के बाद जब कुछ संदिग्ध नहीं मिला तो इसे हक्स मेल करार दिया गया। वहीं पटियाला हाउस कोर्ट में धमकी भरा मेल ऐसे वक्त आया, जब थोड़ी देर बाद बम धमाके के आरोपित व साजिशकर्ता जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश की पेशी होने वाली थी। एनआइए की टीम आरोपित को पेश करने जा रही थी, उससे पहले कोर्ट के बाहर आरएएफ तैनात कर दी गई थी। लाल किला ब्लास्ट की जांच में एजेंसियों को पता चला है कि फिदायीन तयअटैक का ब्लू प्रिंट पाकिस्तान में इसी साल तैयार हुआ था। जैश की मंशा है कि बेशक यह पहला सुसाइड बॉम्बर है, लेकिन आखिरी नहीं। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों की मानें तो जैश ए मोहम्मद ने टेरर फंडिंग और जिहाद के लिए 'डिजिटल कोर्स' लॉन्च किया है। सूत्रों ने बताया कि भारत के खिलाफ फिदायीन दस्ता तैयार करने को जैश-ए-मोहम्मद बड़े पैमाने पर हवाला के जरिए फंड जुटा रहा है। एजेंसियों को इस संबंध में बेहद चौंकाने वाली जानकारी हाथ लगी है। लाल किला ब्लास्ट से 15 दिन पहले अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद ने 'तुहफत उल मोमिनात' नाम से एक ऑनलाइन कोर्स शुरू किया था। यह कोर्स खास तौर से महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इस ऑनलाइन कोर्स का मकसद मजहबी और जिहादी ट्रेनिंग देने के साथ-साथ संगठन की गतिविधियों के लिए पैसे जुटाना है। जैश ए मोहम्मद के टॉप कमांडरों की महिला रिश्तेदारों पर इस ऑनलाइन कोर्स का जिम्मा है। जिनमें मसूद अजहर की बहनें सादिया अजहर, समीरा अजहर और शिया अजहर है। इस कोर्स का प्रचार पहले से ही जैश के इंटरनल टेलीग्राम और वाट्सएेप ग्रुप के साथ-साथ दूसरे कट्टरपंथी प्लेटफॉर्म पर गुपचुप किया जा चुका है। सूत्रों का कहना है कि इस कोर्स में एडमिशन के लिए महिलाओं से 700 पाकिस्तानी करेंसी ली जा रही है। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि तुहफत-उल-मोमिन वाट्सऐप, फेसबुक, यूट्यूब और टेलीग्राम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म मदरसों के रूप में काम कर रहे हैं।लाल किला के पास हुए फिदायीन हमले की जांच में एजेंसियों ने मंगलवार को एक संदिग्ध बांग्लादेशी एबीटी सदस्य इख्तियार को पकड़ा है। सूत्रों ने बताया कि जांच का फोकस भारत-बांग्लादेश के सीमावर्ती जिलों मालदा, मुर्शिदाबाद पर है। जिसके बारे में इनपुट मिला था कि लश्कर ए तैयबा के साथ विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कुछ कट्टरपंथी ग्रुप संपर्क में हैं। पकड़े गए कथित बांग्लादेशी एबीटी मेंबर से पूछताछ चल रही है। जांच ऐजेंसी लाल किले के पास हुए आतंकी हमले में बांग्लादेश कनेक्शन की पुष्टि करने में जुटी हैं।पकड़े गए संदिग्ध का प्रतिबंधित संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) से जुड़े होने का शक है। जांच ऐजेंसी से जुड़े सूत्र का कहना है कि संदिग्ध इख्तियार एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है। जिसने विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने में मदद की है। एजेंसियों का मानना है कि इस संदिग्ध का साजिश में बॉर्डर पार से लिंक है। पांच दिन पहले जांच एजेंसियों को पता चला था कि बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठनों और लश्कर ए तैयबा के बीच ऑनलाइन विडियो कॉन्फ्रेंसिंग मीटिंग हुई थी। इसमें एलईटी का टॉप कमांडर सैफुल्लाह सैफ और बांग्लादेशी सरकारी अधिकारी शामिल हुए थे। आपको बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद तुर्की ने किस तरह से भारत से दुश्मनी निभाई, यह दुनिया देख चुकी है। अब दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाकों का भी कनेक्शन भारत के लिए दूसरे पाकिस्तान के तौर पर उभरते इसी मुल्क से जुड़ रहा है। दरअसल, इस वारदात के मुख्य संदिग्ध डॉ मोहम्मद उमर उर्फ उमर उन नबी और फरीदाबाद मॉड्यूल से जुड़े एक और संदिग्ध डॉ मुजम्मिल शकील के पासपोर्ट से उनके तुर्की की यात्रा का संकेत मिल रहे हैं और यह भी पता चल रहा है कि उन्हें वहीं से भारत में आतंकी साजिशों को अंजाम देने का फरमान मिल रहा था।जाहिर है भारत को मजहब के आधार पर मिल रही विदेशी साजिश को भी नेस्तनाबूद करना होगा।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# छोटे कद का बड़े कमाल का बड़ा कप्तान - टेम्बा बावुमा

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा टेस्ट क्रिकेट के एक ऐसे कप्तान बन गये हे जिनकी कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को अब तक कोई भी देश टेस्ट क्रिकेट में पराजित नहीं कर पाया है। दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा जिनके छोटे कद की वजह से अक्सर उनका मजाक बनाया जाता हे और दुनिया की हर टीम उनको हल्के में लेती हे लेकिन छोटे कद का यह कप्तान अपनी रणनीति से अपनी हसी उड़ाने वालो को उसी की जमी पर इस कदर चित कर देता हे कि फिर दुनिया की किसी भी टीम के लिए उठकर बावुमा को मात देने का साहस नही होता है। कलकत्ता के इडन गाड़न में युवराजो से सजी भारतीय टीम को जोर की पटखनी देने के साथ ही टेम्बा बावुमा विश्व टेस्ट क्रिकेट के इकलोते ऐसे कप्तान बन गये हे जिनकी कप्तानी में सतत 11 टेस्ट मैचों में दक्षिण अफ्रीका को दुनिया की कोई भी टीम हरा नहीं पाई है। टेम्बा बावुमा ने अब तक दक्षिण अफ्रीका के लिए बारह टेस्ट मैचों में कप्तानी की हे जिसमें से ग्यारह टेस्ट मैच जीते हे और एक टेस्ट ड्रॉ करवाने में सफल रहे है। विश्व टेस्ट क्रिकेट सतत ग्यारह टेस्ट में विजय हासिल कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले दक्षिण अफ्रीकी के इस पहले अश्वेत कप्तान टेम्बा बावुमा को कभी भी स्टार क्रिकेटर का दर्जा नही मिला हे जबकि वह उसके वास्तविक उसका हकदार भी है। टेम्बा बावुमा उस खिलाड़ी का नाम हे जिसके अंदर इतना माद्दा हे कि वह अकेला ही होनी को अनहोनी में बदल सकता है। टेम्बा बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका टीम भारत दौरे पर टेस्ट खेलने जैसे ही आई दुनियाभर के मीडिया में टेम्बा बावुमा के अपराजेय रथ के टूटने की कहानियां मीडिया में बनने लगी ! भारतीय टीम भी युवराजो से भरी हुई थी जिसका नेतृत्व भी प्रिंस शुभमन गिल कर रहे थे ! कोलकाता के ईडन गाड़न में पहले दिन ही भारतीय युवराजो ने दक्षिण अफ्रीका को 159 रनों पर सिमटा कर साफ कर दिया था कि टेम्बा बावुमा का टेस्ट विजय अभियान को रोक देंगे लेकिन रणनीति बनाने में शातिर और शिकारी को उसी के जाल में फ़साने की कला में माहिर दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा ने भारतीय टीम को दो सो आकड़ा भी नही छुने दिया और तीसरे दिन तो भारत के मुख से जीत को छीन कर 30 रनों से हराकर कप्तान टेम्बा बावुमा ने एक बार फिर दुनिया को दिखा दिया कि उन्हें यू ही नही छोटे कद का बड़े कमाल का बड़ा कप्तान कहा जाता है। बेशक किसी को विश्वास नहीं था टीम इंडिया के सारे युवराज ताश के पत्तों की तरह 93 रनों पर ढेर हो जाएंगे और जीता हुआ टेस्ट हार जायेगे लेकिन भारतीय टीम के मुगालते भी दूर हुए और समूचे देश ने भी देखा व माना कि टेम्बा बावुमा उस कप्तान का नाम हे जो पलक झपकते ही विपक्षी टीम की होनी को कैसे अनहोनी में बदल देता है। टेम्बा बावुमा ने अकेले इडन गाड़न पर अर्धशतकीय पारी खेलकर एक बार फिर यह दिखा दिया कि क्रिकेट कद काठी शरीर या रंगरूप से नही बल्कि धेर्य, विश्वास और जज्बे से खेला जाता है। भले ही क्रिकेट की दुनिया ने उन्हें सुपर स्टार खिलाड़ी का दर्जा नही दिया है बल्कि उन्होंने अपनी टीम में जोश भरकर अपने जज्बे के बूते विश्व टेस्ट क्रिकेट का अपराजेय कप्तान का कीर्तिमान रचकर खुद को विश्व टेस्ट क्रिकेट का सुपर स्टार कप्तान बनाया हे जिसकी आज समूची क्रिकेट की दुनिया कायल है।

**अरविंद रावल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की मनाई गई जयंती



**गोलाबाजार। गोरखपुर।** गोला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कैम्प कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी भारत रत्न स्व. इंदिरा गाँधी जी की जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण कुमार यादव ने कहा इंदिरा गांधी के महत्वपूर्ण कार्यों में 1971 में बांग्लादेश का निर्माण, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, और भारत के पहले परमाणु परीक्षण (पोखरण) जैसे प्रमुख निर्णय शामिल हैं, जिन्होंने देश को एक नई पहचान दी। उन्होंने हरित क्रांति को भी बढ़ावा दिया और रॉ (R&AW) जैसी खुफिया एजेंसी की स्थापना किया। राजघरानों को दिए जाने वाले प्रीवी पर्स को समाप्त कर दिया।विपक्ष द्वारा इंदिरा हटाओ के विरोध मे उन्होंने गरीबी हटाओ का नारा दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हरिश्व कुमार राय , कृष्णमूर्ति राय, राकेश यादव, सदानंद, कन्हैया यादव शैलेश यादव, विकास भारती, सुमित यादव आदि लोग उपस्थित रहे ।

### वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक संवेदनाएं

**तालबेहट।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और रामलीला के कुशल नाट्यकर्मी हामिद अली का असामयिक निधन नगरवासियों के लिए अपूरणीय क्षति साबित हुआ। हामिद अली अपने जीवन में सामाजिक समरसता, कलात्मक दक्षता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण के लिए पहचाने जाते थे। युवा जागृति मंच परिवार, नगर उद्योग व्यापार मंडल और पत्रकार साथियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की कामना की। नगर में उनके सम्मान में विशेष शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें परिवारजन, मित्र, सहकर्मी और नागरिक उपस्थित रहे। सभा में हामिद अली के व्यक्तित्व, सामाजिक योगदान और कला के क्षेत्र में किए गए उनके अद्भुत कार्यों को याद किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।नगरवासियों ने कहा कि हामिद अली का योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा और उनका आत्मीय व्यवहार तथा कलात्मक निष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।

### जाखलौन पुलिस ने लौटाए खोए हुए तीन फोन

**ललितपुर।** एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जाखलौन के साइबर हेल्प डेस्क पर गिरे/ खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड किया गया व मोबाइल फोन के आईईएमआई नम्बरों को रन कराया गया। सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 03 अदद गिरे हुए / खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जाखलौन उ.नि.अभिषेक कुमार सिंह, क.आ. ग्रेड बी विवेक राज मिश्र, आरक्षी अजय पाल सिंह, आरक्षी संजय अवस्थी, आरक्षी रामजी तिवारी आदि शामिल रहे।

### नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** तालबेहट अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव के मजरा निवासी 19 वर्षीय बृजेश पुत्र घनश्याम कुशवाहा बहला फुसलाकर भगा ले गया है। आरोप है कि उसकी पुत्री को भगाने में बृजेश के परिजनों में संजू व सुजान पुत्रगण घनश्याम कुशवाहा, जीजा जयपाल कुशवाहा पुत्र जशरथ, मित्र रामसिंह कुशवाहा का सहयोग है। पीड़ित ने अंदेशा जाहिर किया कि उक्त लोग उसकी पुत्री के साथ कोई संगीन घटना को अंजाम दे सकते हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) व 61(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्व. सुरेंद्र बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू बाबू की नवमी पुण्यतिथि पर सामूहिक विवाह समारोह, गरीब कन्याओं के जीवन में जगाई नई उम्मीद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** समाज सेवा, सरल व्यक्तित्व और जनसेवा के प्रतीक रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख विकास खंड खजनी स्व. सुरेंद्र बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू बाबू की नौवीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक आवास ग्राम हरनहीं, महुरॉव में गरीब एवं असहाय कन्याओं के लिए भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन न केवल दिवंगत नेता की पुण्यस्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित करने का माध्यम है, बल्कि सामाजिक दायित्व निभाने और मानव सेवा को आगे बढ़ाने का अनुकरणीय उदाहरण भी है। कार्यक्रम 23 नवंबर 2025, रविवार को सायं 5 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें क्षेत्र सहित जनपद के सम्मानित समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं आमजनों की उपस्थिति अपेक्षित है। परिवार ने सभी शुभचिंतकों और परिचितों से ससम्मान उपस्थित होकर नवविवाहित दंपत्ति के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की है।

ज्ञातव्य है कि स्व. सुरेंद्र बहादुर सिंह अपने कार्यकाल एवं जीवन के दौरान गरीब, असहाय एवं पीड़ित वर्ग की आवाज को न केवल मजबूती से उठाते थे, बल्कि समाज में एकता, शिक्षा, सम्मान और विकास की अलख जगाने वाले प्रेरणास्रोत माने जाते थे। उनकी व्यक्तित्व में नेतृत्व, सरलता, संवेदनशीलता और जनकल्याण की भावना साफ झलकती थी। उनके निधन के पश्चात भी परिवार और समर्थकों द्वारा निरंतर सामाजिक कार्यों की श्रृंखला जारी है, जिससे उनकी विचारधारा और मानवीय मूल्यों को जीवित रखा जा सके। इस आयोजन की कमान श्रीमती अंशु सिंह (ब्लॉक प्रमुख खजनी, गोरखपुर एवं चेयरमैन - वीर बहादुर सिंह एजुकेशनल ग्रुप ऑफ कॉलेज) ने संभाली है। उनके साथ गुलाब सिंह (पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत गोरखपुर), आयुष सुरेंद्र बहादुर सिंह, परिवारजन एवं शुभचिंतकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहेगा। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि सामूहिक विवाह के माध्यम से समाज में वैवाहिक व्यय और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संदेश दिया जाएगा। साथ ही निर्धन परिवारों की आर्थिक मदद कर उनके जीवन को संवारने का प्रयास किया जाएगा। समाजसेवी स्व. गुड्डू बाबू का सपना था– 'किसी के चेहरे पर मुस्कान लाना ही वास्तविक मानवता है ', और इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन उनकी सच्ची श्रद्धांजलि सिद्ध होगा।

## गोरखपुर महोत्सव 2026 : 11 से 13 जनवरी तक चम्पा देवी पार्क में सजेगा कला-संस्कृति का भव्य संगमपर्यटन मंत्री करेंगे शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** पूर्वांचल की सांस्कृतिक पहचान बन चुके गोरखपुर महोत्सव का इंतज़ार अब खत्म होने वाला है। वर्ष 2026 का यह बहुप्रतीक्षित आयोजन इस बार चम्पा देवी पार्क के खूबसूरत परिवेश में 11 से 13 जनवरी तक तीन दिनों तक भव्य तरीके से आयोजित होगा। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मंडलायुक्त सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में सदर सांसद रवि किशन ने सभी विभागों को बेहतरीन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में तय किया गया कि महोत्सव का उद्घाटन पर्यटन मंत्री करेंगे, जबकि समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों से संपन्न होगा।

**राष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुति बनाएगी महोत्सव को खास**

इस वर्ष के महोत्सव में देश के शीर्ष कलाकारों की शानदार उपस्थिति रहेगी। भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह अपने ऊर्जावान मंच प्रदर्शन से महोत्सव को रोमांचित करेंगे, वहीं लोक-संगीत की अमर आवाज मैथिली ठाकुर अपनी मधुर प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। स्थानीय कलाकारों के लिए भी बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के विशेष अवसर दिए जाएंगे, जिससे क्षेत्रीय कला को नई पहचान मिलेगी।

**17 जनवरी तक चलेगा भव्य शिल्प मेला**

महोत्सव के साथ आयोजित होने वाला शिल्प मेला इस बार और विस्तृत रूप में 17 जनवरी तक चलेगा। इसमें स्थानीय कारीगरों के साथ देशभर से आए शिल्पकार अपनी कला, उत्पाद और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। यह मेला हस्तशिल्प, हथकरघा, पारंपरिक कलाओं और उद्यमियों के लिए बड़ा व्यापारिक मंच साबित होगा।

**विस्तृत तैयारियों पर हुई समीक्षा**

बैठक में महोत्सव की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। ,चम्पा देवी पार्क में मुख्य मंच और सांस्कृतिक जोन की भव्य सजावट- आगंतुकों के लिए पार्किंग, प्रवेश और निकास की व्यवस्थित योजना - पुलिस तैनाती, सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और सीसीटीवी निगरानी - चिकित्सा शिविर, कंट्रोल रूम एवं इमरजेंसी सेवाएं- शिल्प मेले के स्टॉल आवंटन और उनकी निरंतर मॉनिटरिंग सांसद रवि किशन ने कहा कि इस बार गोरखपुर महोत्सव को नई ऊँचाइयों पर पहुंचाने का लक्ष्य है। मंडलायुक्त अनिल ढिंगरा और जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी विभागों को समयबद्ध तैयारी का निर्देश दिया। बैठक में जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन, सचिव पुष्पराज सिंह, पुलिस अधीक्षक अपराध सुधीर जयसवाल, सीएमओ राजेश झा, एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, एसपी ट्रैफिक राजकुमार पांडेय, उप नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, उप निदेशक पर्यटन एवं महोत्सव सचिव राजेंद्र प्रसाद सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

**सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव**

गोरखपुर महोत्सव न केवल कला-संस्कृति, बल्कि पर्यटन, शिल्प, स्थानीय परंपराओं और सामाजिक सहभागिता का विशाल मंच है। इस बार आकर्षक थीम, विशेष पवेलियन, विविध व्यंजन वाले फूड कोर्ट, बच्चों और परिवारों के लिए मनोरंजन के नए कार्यक्रम महोत्सव को और भव्य बनाने वाले हैं। गोरखपुर आने वाले हजारों आगंतुकों के लिए यह महोत्सव एक अविस्मरणीय अनुभव बनने जा रहा है।

## जीआरपी कामयाबी: वर्ष 2025 में अब तक 1570 मोबाइल बरामद, दो माह में 248 मोबाइल लौटे मालिकों को मिले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) अनुभाग गोरखपुर ने रेलवे यात्रियों की सुरक्षा को एक नया आयाम देते हुए वर्ष 2025 में अब तक चोरी एवं गुमशुदा मोबाइल बरामदगी के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता दर्ज की है। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में बढ़ते मोबाइल चोरी के मामलों पर प्रभावी नियंत्रण तथा पीड़ित यात्रियों को शीघ्र राहत दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पुलिस अधीक्षक रेलवे गोरखपुर लक्ष्मी निवास मिश्र (IPS) के नेतृत्व और रणनीतिक दिशा निर्देशों में संचालित इस अभियान के तहत जीआरपी ने अब तक कुल 1570 मोबाइल बरामद किए हैं। पिछले दो माह में ही 248 मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे जा चुके हैं। यह उपलब्धि न केवल पुलिस की सतर्कता और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है, बल्कि रेलवे यात्रियों के भरोसे को भी और मजबूत करती है।



पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विनोद कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तैनात टीमों ने स्टेशन परिसर, प्लेटफार्मों और ट्रेनों में होने वाली वारदातों पर लगातार नजर रखी। साथ ही साइबर सेल की मदद से मोबाइल की लोकेशन ट्रैक कर विभिन्न जनपदों से फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइलों में अधिकांश हैंडसेटों की कीमत 30,000 से 35,000 के बीच है, जबकि कुछ महंगे मोबाइल की कीमत 80,000 तक पाई गई। दो माह में लौटाए गए 248 मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 55 लाख आंकी गई है। पुलिस की त्वरित कार्यवाही और पारदर्शी प्रक्रिया के चलते जिन यात्रियों को अपने मूल्यवान मोबाइल फोन वापस मिले, उनकी खुशी देखने लायक रही।

एसपी रेलवे लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि जीआरपी की प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं का तेजी से समाधान है। हमारी टीम पूरी तत्परता के साथ काम कर रही है। तकनीक का अधिकतम उपयोग कर चोरी एवं गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी को और तेज किया जा रहा है। यात्रियों से भी अपील है कि किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तत्काल सूचना दें। उन्होंने यह भी बताया कि मोबाइल चोरी गिरोहों पर शिकंजा कसने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है और भविष्य में इस कार्रवाई को और सख्ती से लागू किया जाएगा। जीआरपी की इस उपलब्धि ने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ यात्रियों के विश्वास को भी नई ऊर्जा दी है। अभियान की सफलता यह साबित करती है कि समर्पित पुलिस व्यवस्था, आधुनिक तकनीक और मजबूत नेतृत्व के साथ किसी भी चुनौती को आसानी से मात दी जा सकती है।

## बाइक सवार युवक पर मनबढ़ों का हमला, पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज - गोला पुलिस सक्रिय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला बाजार गोरखपुर-** जिले के गोला थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया जब ग्राम पड़री निवासी एक युवक पर मनबढ़ों के एक समूह ने रास्ता रोककर हमला कर दिया। घटना में घायल युवक ने थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी, जिसके आधार पर गोला पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 18 नवंबर की बताई जा रही है। पीड़ित अखंड नारायण शुक्ल, पुत्र रत्नेश्वर शुक्ल, ने तहरीर में बताया कि वह दोपहिया वाहन से भर्रोह से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही अनिल तिवारी पुत्र राजकुमार तिवारी, हर्ष तिवारी पुत्र अनिल तिवारी, सुनील तिवारी पुत्र राजकुमार तिवारी, राजकुमार तिवारी पुत्र




रामजग तिवारी और उत्कर्ष तिवारी पुत्र अनिल तिवारी ने उन्हें अचानक रोक लिया। तहरीर के मुताबिक, आरोपियों ने बिना किसी बात के गाली-गलौज शुरू कर दी और पीड़ित को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। हमले में अखंड नारायण के हाथ, पैर और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने बताया कि मारपीट के दौरान मनबढ़ों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। घायल युवक किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों की मदद से थाने जाकर तहरीर दी। सूचना पर पुलिस ने मौके की जांच की और पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया। इस संबंध में थाना प्रभारी राहुल शुक्ला ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3) व 126(2) के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, हालांकि पुलिस की सक्रियता से स्थिति नियंत्रण में बनी हुई है। उधर, पीड़ित परिवार ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। गोला पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई तेज कर दी गई है।

## ख़जनी संदिग्ध परिस्थितियों में सफाई कर्मी की मौत, पुलिया के नीचे मिला शव

**●परिवार में कोहराम, पुलिस जांच में जुटी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी, गोरखपुर।** खजनी ब्लॉक क्षेत्र में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब रुद्रपुर ग्राम सभा के गौरापार चौराहे के समीप स्थित पुलिया के नीचे एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान सरया तिवारी गांव में तैनात 35 वर्षीय सफाई कर्मी मनोज कुमार, पुत्र स्वर्गीय झिनक, निवासी ग्राम सियर सरजू पार के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने शव देखकर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी, जिसके बाद खजनी थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जाता है कि मनोज कुछ समय से रुद्रपुर में किराए के मकान में रह रहे थे। रोज की तरह वह देर शाम घर से निकले थे, लेकिन अगली सुबह पुलिया के नीचे उनका शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। प्रथमदृष्ट्या मामला सड़क दुर्घटना, गिरकर चोट लगने या किसी अन्य कारण से हुई मौत का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस ने कहा कि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा। फिलहाल सभी संभावित बिंदुओं पर जांच जारी है। मनोज सरया तिवारी में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत थे। उनका परिवार काफी साधारण था। उनकी ससुराल खुटहना में है, जहां पत्नी सरिता रहती हैं। मनोज चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे, जिनमें से एक भाई भी खजनी ब्लॉक में सफाई कर्मी है। गांव में मनोज के सरल स्वभाव, मेहनत और शांत जीवनशैली की चर्चा हमेशा रहती थी। अचानक हुई इस घटना ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। पत्नी सरिता रो-रोकर बेहाल हैं और मानसिक रूप से पूरी तरह टूट चुकी हैं। उनके चार बच्चे – विजयलक्ष्मी (कक्षा 7), साधना (प्राथमिक), नैना (कक्षा 3) और आर्यन (कक्षा 2) – अपने पिता को खोजते हुए बिलख उठे। पहले से कमजोर आर्थिक स्थिति पर अब बड़ा संकट खड़ा हो गया है और बच्चों के भविष्य को लेकर परिवार गहरी चिंता में है। घटना की जानकारी फैलते ही सियर सरजू पार, रुद्रपुर और आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीण भी मनोज की मौत को लेकर हैरान हैं और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। थाना प्रभारी खजनी ने बताया कि, पुलिया के नीचे शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है।

## पीसीएफ के जिला प्रबंधक को भारी पड़ी जनप्रतिनिधियों की अवहेलना

**●एम एल सी के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने किया निलंबित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर,देवरिया।** वित्तीय एवं प्रशासनिक समिति के सभापति तथा विधान परिषद सदस्य डॉ. रतनपाल सिंह ने देवरिया जनपद में मनोनयन एवं विभागीय क्रय केंद्रों के चयन प्रक्रियाओं में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री भवन, लखनऊ से जारी पत्र में कहा है कि जनपद-देवरिया में भ्रमण के दौरान उन्हें यह शिकायत मिली कि जिला प्रबंधक, पीसीएफ/एमफेड, देवरिया द्वारा क्रय केंद्रों के बनाने एवं विभागीय निर्देशों के विपरीत लगातार कार्य किया जा रहा है। इससे चयन प्रक्रिया संदेह के घेरे में है। पत्र में उल्लेख है कि जिला विकास अधिकारी, देवरिया द्वारा 1 जुलाई 2025 को भेजे गए पत्र (संख्या 240/द्वितीय-7-2025) में इन अनियमितताओं की पुष्टि की गई थी। इसके बावजूद जिला प्रबंधक द्वारा अब तक सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। इससे विभागीय कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों की भी अनदेखी की जा रही है। एमएलसी डॉ. रतनपाल सिंह ने इस मामले को गंभीर प्रशासनिक विषय बताते हुए प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग, उत्तर प्रदेश शासन से कहा कि जिला प्रबंधक, पीसीएफ/एमफेड, देवरिया को तत्काल प्रभाव से पद से हटाया जाए। क्रय केंद्रों के समस्त चयन प्रक्रिया एवं कार्यों की विस्तृत जांच कराई जाए। दोषी पाए जाने पर जिला प्रबंधक पीसीएफ वीरेंद्र यादव को प्रमुख सचिव सहकारिता ने निलंबित कर दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और सहकारिता विभाग के कार्यों में पारदर्शिता सर्वोपरि है।

### पशु पालन से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा - चंद्र प्रकाश



**सिद्धार्थनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन बुधवार को ग्राम पंचायत उसका के ग्राम बिशनपुर में पशु चिकित्सालय बांसी द्वारा किया गया। जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश यादव ने फीता काटकर गौ पूजन से किया।उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राकेश चौधरी व 1962 इमरजेंसी सेवा के डॉक्टर बनारसी मिश्रा ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण व स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश यादव ने कहा कि पशु पालन से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कैंप में 157 पशुपालकों का रजिस्ट्रेशन कर 427 पशुओं के लिए दवा वितरण किया गया। गोष्ठी में विभागीय योजनाओं के साथ पशुओं की बीमारियों एवं बचाव के बारे में पशुपालकों को जागरूक किया गया।

## सीडीओ ने किया विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र तथा पंचायत भवन का आकस्मिक निरीक्षण अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**●सीडीओ के निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र व पंचायत भवन में मिली कमियों पर डीपीआरओ एवं डीपीओ को दिये कार्यवाही के निर्देश**

**विद्यालय, पंचायत भवन तथा आंगनबाड़ी केंद्र के आकस्मिक निरीक्षण में किसी का रुका वेतन तो किसी को मिला स्पष्टीकरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोंडा।** मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने विकासखण्ड झंझरी अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरे शिवा बख्तावर आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नामांकित बच्चों के सापेक्ष कम बच्चे उपस्थित मिले, तथा बच्चों के पढ़ाई से संबंधित पर्याप्त मात्रा में एजुकेशन किट नहीं पायी गयी, बच्चों के वजन करने हेतु मशीन भी मौके पर उपलब्ध नहीं पायी गयी। जिसके लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को उपरोक्त कार्यों में लापरवाही के लिए संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए हैं। वहीं प्राथमिक विद्यालय पूरे शिवा बख्तावर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया, जिसमें अरविंद कुमार मिश्र, शिक्षामित्र अनुपस्थित पाए गए। जिसके लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी को उपरोक्त तिथि का वेतन अग्रिम आदेशों तक आहरित न करें तथा अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से 5 तक नामांकित बच्चों के सापेक्ष कम बच्चे उपस्थित पाये गये, तथा कुछ बच्चे यूनिफॉर्म में नहीं थे जिसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि बच्चों के अभिभावकों से समन्वय स्थापित कर बच्चों के विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के साथ-साथ बच्चों को विद्यालय यूनिफार्म में भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करें।इसके साथ ही विकास खण्ड झंझरी अंतर्गत पंचायत भवन झंझरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें पंचायत भवन संचालित मिला। निरीक्षण के दौरान पंचायत सहायक उपस्थित मिले किन्तु उनके पास पंचायत भवन में रखे जाने वाले योजनावार पंजिका उपलब्ध नहीं थी, तथा पंचायत भवन में ग्राम सचिव का रोस्टर नहीं लिखा पाया गया एवं साफ सफाई की भी व्यवस्था समुचित नहीं पाई गई। इसके लिए खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक अधिकारी पंचायत झंझरी को निर्देशित किया गया कि पंचायत सहायक द्वारा पंचायत भवन पर सुचारू रूप से कार्य न किए जाने के लिए श्री संदीप यादव, पंचायत सहायक ग्राम पंचायत झंझरी का मानदेय कार्य प्रणाली में सुधार होने तक बाधित किया जाए तथा निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन में पायी गई कमियों को यथाशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड झंझरी अंतर्गत एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन आरआरसी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरआरसी केंद्र अपेक्षा के अनुरूप संचालित नहीं पाया गया। इसके संबंध में जिला पंचायत अधिकारी गोंडा को निर्देशित किया गया कि आरआरसी केंद्र झंझरी का सुचारू रूप से संचालन न होने के लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं ग्राम पंचायत सचिव झंझरी को कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए नियमित रूप से संचालित कराना सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में बने शौचालय एवं विद्यालय परिसर की साफ सफाई की व्यवस्था समुचित ढंग से नहीं पाई गई तथा कंपोजिट पंजिका में किस मद में कितनी धनराशि व्यय की गई है, इसका उल्लेख नहीं किया गया है। इसके संबंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी झंझरी को निर्देशित किया गया कि विद्यालय की नियमित रूप से साफ सफाई करवाना सुनिश्चित करें, साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कंपोजिट ग्राण्ट पंजिका में मदवार धनराशि का विवरण अंकित कराना सुनिश्चित करें।

## ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं - विधायक विनय वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** शिवपति इण्टर कॉलेज के प्रांगण में बुधवार को ब्लाक स्तरीय बेसिक शिक्षा बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ब्लाक के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विधायक ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में असीम प्रतिभाएं हैं। उन्हें अगर अच्छे ढंग से प्रशिक्षण व अवसर मिले तो वह अपने क्षेत्र का नाम अवश्य रोशन करेंगे। बच्चों के खेल प्रतिभा को निखारने में जो भी सहयोग की जरूरत होगी उसे पूरा करने का प्रयास होगा। प्राथमिक स्तर बालिक वर्ग पचास मीटर दौड़ में कंपोजिट विद्यालय लेदवा की मोनी प्रथम, इटवाभाट की रागनी द्वितीय, और गणेशपुर की सुहानी तृतीय स्थान पर रही। सौ मीटर दौड़ में महलीकी उषा प्रथम, बंदिनी द्वितीय, कोइरीडीहा की रोशनी तृतीय स्थान पर रही। जबकि 200 मीटर दौड़ में महली की उषा प्रथम , कोईरीडीहा की धनतेरस द्वितीय और संतोरा की महिमा तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग दौड़ में गणेशपुर के राहुल प्रथम, सिकटीहवा के आकाश द्वितीय और टड़िया के अरविंद तृतीय स्थान पर रहे। सौ मीटर दौड़ में सिहोरवा के शमसुद्दीन प्रथम, सिटीहवा के आकाश द्वितीय और आदित्य तृतीय स्थान पर रहे। जबकि 200 मीटर दौड़ में सिकटीहवा के आकाश प्रथम ,कोइरीडीहा के जितेंद्र द्वितीय और अरविंद तृतीय स्थान पर रहे। खो-खो प्रतियोगिता बालक वर्ग में कोइरीडीहा व कबड्डी नकथर विजेता विजेता रही। जूनियर बालक व बालिका वर्ग पीटी प्रतियोगिता में भादमुस्तकम की टीम विजेता, सांस्कृतिक कार्यक्रम में डोहरिया खुर्द और भादमुस्तकम विद्यालय की टीम का दबदबा



रहा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार,मनोज यादव, विक्रम प्रसाद यादव, रामविलास यादव, सुधाकर मिश्रा, रत्नेश सोनी, रामदास मौर्य, शिवशंकर यादव, पप्पू यादव, लालजी यादव, संजीव राम, सुनील कुमार, संतोष कुमार,पृथ्वी पाल, दधीचि कुमार, तुलसीराम, अमरेश कुमार, रवि ओझा, सरोज रानी, रश्मि शर्मा, कल्पना, लाल बहादुर, जीत बहादुर चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### वीजा रिन्युअल में फर्जी दस्तावेज लगाने वाला नाइजीरियन छात्र गया जेल



**बरेली।** वीजा रिन्यूअल के लिए फर्जी दस्तावेज का प्रयोग करने वाले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के नाइजीरियन छात्र युसुफ बाला मुस्तफा को बारादरी पुलिस ने जेल भेज दिया है। उसके फरार साथी की तलाश के लिए एक टीम को लुधियाना भेजा गया है। फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कराने के आरोप में उसे भी जेल भेजा जाएगा। पुलिस के मुताबिक, नाइजीरिया देश का नागरिक युसूफ बाला मुस्तफा छात्र वीजा पर 19 जनवरी को भारत आया था। यूसुफ ने 31 जनवरी को पंजाब की सिटी यूनिवर्सिटी लुधियाना में बीसीए कोर्स में प्रवेश लिया। इसके बाद 19 जुलाई को महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में बीएमएस प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त किया। युसुफ की वीजा अवधि 23 दिसंबर 2024 से 22 दिसंबर 2025 तक की है। इसलिए 45 दिन पहले उसने वीजा की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन किया, लेकिन उसने आनलाइन आवेदन में विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) फर्जी प्रमाण पत्र अपलोड किया। सत्यापन के दौरान उसे पकड़ लिया गया। इसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि, जब सिटी यूनिवर्सिटी लुधियाना से एमजेपी रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में बीएमएस में प्रवेश लिया तो नियम अनुसार विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) से स्थानांतरण पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं एनओसी प्राप्त किया था। यहां आने के बाद ऐसा नहीं किया, जबकि यहां आने पर उसे लुधियाना से एक एनओसी लेकर उसे यहां से प्रमाण पत्र प्राप्त करना था। अब जब युसुफ का वीजा समाप्त होने की स्थिति में आया तो उसने वीजा विस्तार के लिए आवेदन किया। वहां पर क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) लखनऊ का प्रमाण पत्र मांगा गया जो युसूफ ने फर्जी तैयार कर लगा दिया। इस मामले में उसकी मदद साउथ सूडान निवासी अयूब अली ने की। पुलिस अब उसकी तलाश में भी लगी है। मामले में एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि आरोपित को फर्जीवाड़ा कर दस्तावेज तैयार करने के आरोप में जेल भेजा गया है।

### निर्दयी निकला पिता, चार साल के बेटे को जहर देकर मारा था, न्यायालय ने दी आजीवन कारावास की सजा



**फिरोजाबाद।** चार वर्ष के बेटे की जहर देकर हत्या करने वाले पिता को न्यायालय ने मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 55 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जिसे अदा न करने पर 18 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला साढ़े तीन वर्ष पुराना है। मक्खनपुर थाने में 19 अप्रैल 2022 को दर्ज कराई रिपोर्ट में बच्चे के नाना लक्ष्मीशंकर ने पुलिस को बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी सुनील कुमार निवासी शाहदरा चुंगी, बजरंग पेट्रोल पंप के पास एत्माददौला, आगरा के साथ 11-12 वर्ष पूर्व की थी। दोनों के दो बेटी और दो बेटा ईशू और डेबिट थे। दामाद नशे का आदी था। वह आए दिन बेटी और बच्चों को मारता-पीटता था। वह कहता था कि बेटे उसके नहीं हैं। इसलिए वह इन्हें मार डालेगा। इस पर बेटी बच्चों के साथ तीन वर्ष तक मायके में रही। इसके बाद दामाद आया और पत्नी और बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करने की बात कहकर साथ ले गया, लेकिन कुछ ही दिन बाद वह फिर से परेशान करने लगा। इस पर बेटी के कहने पर वह दोनों बेटों को अपने साथ ले आए। 18 अप्रैल की रात सुनील घर आया और रात में खाने के बाद वह छत पर सोने चला गया। दोनों बच्चे भी सो गए। रात में तीन बजे सुनील उठ कर जाने लगा। जब उसे रोका गया तो वह नहीं माना और चला गया। 19 अप्रैल को सुबह आठ बजे तक डेविट नहीं उठा तो उसे हिलाया-डुलाया। इसके बाद पता चला कि वह मर चुका है। उसी दिन सुनील के विरुद्ध डेबिट की जहर देकर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई। विवेचक ने सुनील के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश संख्या चार साक्षी शर्मा के न्यायालय में हुई। अभियोजन की तरफ से एडीजीसी भूपेंद्र कुमार राठौर ने पक्ष रखा। एडीजीसी ने बताया कि दोषी के विरुद्ध उसकी पत्नी, सास और ससुर ने गवाही दी।

# नलकूप सिंचाई विभाग जेई आदर्श अवस्थी की सह पर हो रहा भ्रष्टाचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मितौली खीरी।** जिला लखीमपुर खीरी में नलकूप सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है जहां एक तरफ मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री किसने की आय दोगुनी करने की बात करते हैं वहीं जिला लखीमपुर खीरी के तहसील मितौली के ग्राम पंचायत टेडवा में सरकारी नलकूप बीजी 37 लगा हुआ था जो कि किसानों को सिंचाई की सुविधा प्राप्त करता था परंतु विभागीय लापरवाही को देखते-देखते नलकूप में बने टैंक को तोड़कर उसकी यूट्यूब को अपने निजी कर में ले लिया गया इसकी शिकायत 2 साल से अधिक पोर्टल से लेकर उच्च अधिकारियों तक की गई परंतु जांच पर आए आदर्श अवस्थी ने विपक्षियों से मिल कर मोटी रकम लेकर उच्च अधिकारियों को बता दिया कि कोई भी टैंक नहीं तोडा गया है और झूठ कृषक बनाकर दिखा देते हैं कि यह लोग कृषक गान है जिनको कृषक बनाया जाता है उसमें कुछ तो भूमिहीन है बाकी सभी रिश्तेदार हैं मौके पर जब पूछा जाता है कि आप इस नलकूप से सिंचाई करते हैं तो वही कृषक गान बताते हैं कि हम इस नलकूप से कभी भी सच्चाई नहीं करते हैं।

**क्या गांव में दबंगों के आगे नतमस्तक हैं नलकूप सिंचाई विभाग के अधिकारी?**

जब इसकी शिकायत पर अधिशासी अभियंता स्वयं जांच करने के लिए आए तो उन्होंने नलकूप से लेकर सभी टैंकों की जांच की और पाया नलकूप के आसपास के किसानोंको केवल सिंचाई का ही लाभ मिलता है ना तो सूचना बोर्ड पर किसी भी उच्च अधिकारियों के नंबर पड़े हैं नलकूप की दैनिक दशा बहुत ही खराब है शिकायत करने पर विपक्षी गरबा उनके रिश्तेदार जांच अधिकारी के जाने के बाद मारपीट करने पर आमदा हो जाते हैं और जान से मार देने की धमकी देते हैं अब देखना है कि योगी आदित्यनाथ जहां एक तरफ गुडे और माफियाओं भू माफिया पर लगाम लगाने की कोशिश करते हैं मगर जिला लखीमपुर खीरी में अधिकारी ही उनसे मिलकर अवैध वसूली का कार्य करते हैं शायद सच सुनने की आदत नहीं है अगर इनके सामने सच बोलने पर यह आग बबूला हो जाते हैं और मुकदमा लिखने की धमकी आखिर ऐसे अधिकारियों पर कब होगी कार्रवाई इन्हीं अधिकारियों के कारण जिला लखीमपुर खीरी में दोनों संसदीय सीटे चली गई अगर इसी तरह चलता रहा अधिकारियों का काम तो 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में इसका असर देखने को मिलेगा।

## मंत्री ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण



**चित्रकूट:** जिले के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने बुधवार को जिला अस्पताल व खुटहा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री को शाम सात बजे जिला मुख्यालय स्थित विश्राम गृह पहुंचना था, किंतु वह शाम छह बजे ही अचानक भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य के साथ जिला अस्पताल पहुंच गए। यहां भर्ती मरजों और तीमारदारों से उन्होंने अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सालय अधीक्षक को निर्देश दिए कि मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाए। इसके बाद उन्होंने सदर ब्लाक के खुटहा गांव की गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में गौपूजन करने के बाद संरक्षित किए गए मवेशियों के सम्बन्ध में जानकारी ली। साथ ही कहा कि यहां रहने वाले गौवंश की सही तरीके से देख-रेख की जाए।

## पशु चिकित्सालय मैं नीलाम हुए यूकेलिप्टस के पेड़ों पर घोटाले का आरोप



**● अस्पताल में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों की नीलामी पर हरि गंगवार ने अधिकारियों को शिकायत भेज कर घोटाले का आरोप लगाया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** क्यों लड़िया में स्थित पशु चिकित्सालय में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों की नीलामी आज पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं वन विभाग द्वारा कर दी गई है इस मामले में विश्व हिंदू परिषद नेता हरि पाल गंगवार ने अपर जिला अधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है के अस्पताल में खड़े पेड़ों को 130000 में नीलम कर दिया गया। जब के अन्य ठेकेदार 200000 में इन पेड़ों को खरीदने के लिए तैयार है साथ ही आरोप लगाया गया पेड़ों की नीलामी मजिस्ट्रेट की निगरानी में होना चाहिए थी जिसके लिए नायब तहसीलदार नवाबगंज को नामित किया गया था परंतु उनकी अनुपस्थिति में इन पेड़ों की नीलामी साथ गांठ करके कर ली गई है उन्होंने इसकी जांच करवा कर कार्यवाही करने की मांग की है।

## विकास खण्ड ईसानगर में खेल कूद प्रीतियोगिता सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** विकास क्षेत्र ईसानगर अंतर्गत बी बी एल सी इंटर कॉलेज प्रांगण में बेसिक शिक्षा द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय की खेल कूद प्रतियोगिता शान्ति के साथ सम्पन्न हुई प्रतियोगिता अध्यक्षता सह बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलआनंद राय ने की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विनय शंकर अवस्थी विशिष्ट अतिथि अलोक कटियार धनप्राप्त यादव खण्ड विकास अधिकारी ईसानगर वीणा सक्सेना सी डी पी ओ इंद्र कुमार शुक्ला मंडल अध्यक्षता बीजेपी रहे खेल कार्यक्रम का संचालन सुनील वर्मा ब्लॉक मंत्री ने किया प्रतियोगिता का प्रारम्भ अलोक कटियार ब्लॉक प्रमुख इसनगर ने झंडी दिखा कर किया। प्रतियोगिता को सम्पन्न करवाने में संतोष कुमार मौर्य ज़िला अध्यक्ष लालता प्रसाद बाजपेई ब्लॉक अध्यक्ष प्रशिसंघ इसनगर प्रदीप वर्मा शिक्षक नेता राजेश यादव अध्यक्ष उप्रशि संघ सहमशूल आर्फ़ीन सह लेखा बसंत कुमार शर्मा वेद प्रकाश अरुण कुमार अनिल कटियार इक़बाल अकरम वारसी अध्यक्ष संतवीर सोम उपाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव मंत्री शिक्षक संघ पूनम शिक्षा मित्र लौकही शालनी तिवारी धयानेन्द्र कुमार शशि वर्मा सुरेश वर्मा उमा शंकर मौर्य कृष्ण कुमार आर सी नगर मंत्री नीरज भार्गव गजेंद्र कुमार कृष्णा पाल मोहम्मद शादाब मनोज मिश्रा शैलेन्द्र सिंह ने भरपूर सहयोग दिया। 50 मीटर दौड़ में सचिन प्रथम असहल द्वितीय अर्पित मौर्य तृतीय बालिका में निशा क़ाज़ीपुर प्रथम फलक शक्ल द्वितीय शालू तृतीय दो सौ मीटर में शोभित मंजीत ज़ैद बालिका रुबीना नगमा काजल प्रथम द्वितीय तृतीय रहे। इसके अलावा खो खो लम्बी कूद ऊँची कूद कबड्डी की प्रतियोगिता हुई स अवसर पर गौतम कुमार गौतम विनय वर्मा ज्ञान प्रकाश अकुल आशीष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## विद्या निकेतन का छात्र राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** स्थानीय विद्यालय विद्या कुँवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज के छात्र अनस खान कक्षा 7 ने एन0टी0पी0सी0 द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय , नगर तथा अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया है। अनस खान को प्रशस्ति पत्र तथा दो हज़ार नकद देकर सम्मानित किया गया ।इस ऊर्जा संरक्षण जागरूकता पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 नवम्बर 2025 को प्लूटो ऑडिटोरियम इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया गया था। विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने छात्र की सराहना करते हुये छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की है ।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता यात्रा का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/भोजीपुरा/रिठौरा।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को विधानसभा भोजीपुरा में एम0एल0सी0 बहोरन लाल मौर्य के नेतृत्व में भारतरत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम दिव्यानंद आश्रम भोजीपुरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौधरी देवेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार, ने श्री पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में श्री पटेल के त्याग एवं देश के लिए किए गए कार्यो को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान सांसद गंगवार ने भी पटेल की जयंती के एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर भारत के प्रधानमंत्री प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा उनके सम्मान में देश-भर में कार्यक्रम आयोजित कर याद करने की पहल कर पटेल समुदाय का गौरव बढ़ाया है। वहीं श्रुति गंगवार, मीरगंज विधायक डीसी वर्मा, महाराज सिंह, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, ने अपने -अपने संबोधन में श्री पटेल के जीवन, आर्दश मूलों को युवाओं और छात्रों से आत्मसात करने का आह्वान किया।

एस आर एम एस मेडीकल कॉलेज से विशाल पदयात्रा निकाली गई। जिसमें भारत समाज इंटर कॉलेज के स्काउट गाइड के छात्रों ने अपने बैंड की धुनों से सभी को प्रभावित किया। पदयात्रा में वीरपाल सिंह, मेघनाथ कटारिया,पूरनलाल लोधी, प्रशांत पटेल,हरेंद्र पटेल, हरिशंकर,जिला पंचायत सदस्य किरन पटेल, सुरेंद्र सिंह,ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल, शिवमंगल सिंह राठौर, भुवनेश गंगवार, अंकित महेश्वरी, रिठौरा चेयरमैन प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, रामप्रकाश गंगवार, जयदेव मौर्या, सुरेंद्र पटेल,समाजसेवी दिनेश भास्कर,सभासद कमलेश गंगवार, वीरपाल कश्यप, रवींद्र कश्यप, रामपाल गंगवार। मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष सुख्खन लाल पटेल सहित हजारों लोगों के साथ भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

## मानको को ताक पर रख कराया जा रहा आंगनबाडी केन्द्र का निंमाण

**● मामला विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत बहादुर नगर के ग्राम सिमरिया का है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी के अंदर घपले घोटाले के लिए हमेशा चर्चा में रहने वाले विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत बहादुर नगर के ग्राम सिमरिया में बनवाई जा रहे आंगनबाड़ी केंद्र में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन को दरकिनार कर मानक विपरीत गुणवत्ता विहीन निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी और वीडियो के अनुसार ग्राम सिमरिया में करवाए जा रहे आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण कार्य में दोयम दर्जे की ईट व बालू और सीमेंट से चुनाई कराए जाने के आरोप लगाए गए हैं ।गुणवत्ता विहीन निर्माण कराए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है ।लोगों के जुबानी सत्य माने तो एस्टीमेट में फर्स्ट क्लास ईट और एसीसी सीमेंट सहित अन्य सामग्री का उल्लेख भले ही किया गया है पर जमीनी हकीकत में काम एस्टीमेट से हटकर निम्न गुणवत्ता का कराकर अपनी-अपनी तिजोरियां भरी जा रही हैं। उक्त आरोप ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव सहित ठेकेदार पर लगाए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं वैसे भी ब्लॉक बिजुआ अपनी कारगुजारी के लिए हमेशा चर्चा में रहता है गत वर्ष पूर्व एक पत्रकार को ब्लॉक बिजुआ का भ्रष्टाचार उजागर करने के चक्कर में जेल तक जाना पड़ा था। यहां पर अहम सवाल यह है कि जब एस्टीमेट में फर्स्ट क्लास ईट का भुगतान किया जाता है तो फिर दोयम दर्जे की ईट व अन्य सामग्री किस सक्षम अधिकारी के आदेश से लगाई जाती है यदि मामले का मुख्य विकास अधिकारी खीरी लें संज्ञान तो एक बड़ा अनियमितता का मामला खुलकर सामने आएगा।

**क्या कहते हैं ग्राम पंचायत सचिव**

उपरोक्त मामले पर जब ग्राम पंचायत सचिव बहादुर नगर से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया सभी जगह दोयम दर्जे की ईट ही लगवाई जाती है फिर भी हमने तो अव्वल दोम मिलाकर लगवाई है।

## विश्व शौचालय दिवस पर गोला खेल महोत्सव चैम्पियन शिवांशी ,श्रृष्टी ने किया पिंक शौचालय का भूमि पूजन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बुधवार 19 नवम्बर स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अन्तर्गत सीजीएन पीजी कॉलेज के पास पिंक शौचालय के निर्माण हेतु विश्व शौचालय दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू एवं अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने गोला खेल महोत्सव में अंडर 17 दौड़ चैम्पियन श्रृष्टी वर्मा, अंडर 19 दौड़ चैम्पियन शिवांशी से पिंक शौचालय की भूमि पूजन करवा कर मिशन शक्ति और महिला सशक्तीकरण की भी पालिकाध्यक्ष ने आधार शिला रखी। विश्व शौचालय दिवस पर पिंक शौचालय के भूमि पूजन के बाद अपने सम्बोधन में कहा,' बदलती दुनिया में स्वच्छता' पर केंद्रित है, जिसका नारा हैः 'हमें शौचालय की हमेशा आवश्यक होती है, सीजीएन कॉलेज के पास इसके निर्माण से प्रातः भ्रमण आने वाली माताओ बहनों, कॉलेज की छात्राओं, ब्लॉक और विद्युत वितरण उपकेन्द्र के पास में होने से अधिकतर महिलाएं लाभान्वित होंगी। भूमि पूजन के अवसर पर सभासद धर्मेन्द्र तिवारी टीटू ,प्रभारी प्राचार्य प्रमोद दीक्षित, विष्णु शुक्ला, अरुण सिंह, कुलदीप तिवारी, अमितांशु मिश्रा,खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, सिविल जे ई अनिल यादव, सफाई सुपरवाइजर संजय कुमार, राहुल बाल्मीकि सहित अन्य गणमान्यलोग मौजूद रहे।

## आज होगी समीक्षा बैठक




**चित्रकूट:** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि उत्तर प्रदेश के श्रम सेवायोजन विभाग के राज्य मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) की अध्यक्षता में 20 नवंबर गुरुवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से कलेक्टरेट सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से समीक्षा बैठक में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की सूचनाओं के साथ ससमय प्रतिभाग करने को कहा है।

## मतदाता पुनरीक्षण के तहत सर के तहत मीटिंग का आयोजन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर पंचायत के अन्तर्गत ग्राम पतबन के भाजपा नेता व मंडल उपाध्यक्ष के आवास हुई ऐक दिवसीय मीटिंग मे मतदाता पुनरीक्षण सर के नये नियमो व उसमे नाम संसोधन व बढोत्तरी को लेकर मिटिंग आहुत की गई है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनुज सिंह ने बताया के चुनाव आयोग के तहत भारत देश के सभी देश के जिलो मे मतदाता पुनरीक्षण अभियान सर चलाया जा रहा हे जिसके तहत सभी लोगो को जागरूक किया जा रहा है सभी लोगो के यहा बीएलओ पहुंचकर नियमो की जानकारी मुहैया करायेगा व उससे संबंधित दस्तावेज आदि प्रदान कर मतदाता पुनरीक्षण कार्य के अभिमान को सफल बनाये।इस अवसर पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष मुकेश पांडे,मंडल महामंत्री प्रेमनरायण, सरदा सिह,धनपाल राठैर, सतेंद्र सिह सुनील अग्निहोत्री शक्ति संयोजक, रामपाल यादव, राजवीर सिंह, दिनेश सक्सेना,रामदेव मिश्र वरिष्ठ पत्रकार के सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु रोग मेले का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पशुपालन विभाग लखीमपुर खीरी।** पशु चिकित्सालय विकास खंड धौरहरा के खरवाहिया में उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश कुमार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया यह शिविर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश सचान के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया मेले का शुभारंभ ग्राम प्रधान रामरानी द्वारा गौ पूजन एवं पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा पर पुष्कर अर्पित किया गया शिविर के दौरान डॉ मनीष कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी नकहा द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारी की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा लगाए जा रहे टीकों के बारे में जानकारी देते हुए गला घोटू बीमारी के लक्षण एवं बचाव के लिए लगाए गला घोटू टीकाकरण के बारे में जानकारी दी खुरपका मुंहपका रोग नियंत्रण के लिए लगाए जा रहे हैं एफएमडी टीकाकरण की जानकारी दी वर्तमान समय में गोवंश में फैलने वाली लंपी की बीमारी के लक्षण एवं बचाव जानकारी देते हुए पशुपालक भाइयों को अवगत कराया की यह एक वायरस बीमारी है जो तेजी से फैलती है यदि किसी पशु में इसके लक्षण दिखाई दे तो उसे पशु को अन्य पशुओं से अलग करके उपचार कराए इस बीमारी में मृत्यु दर बहुत कम है पशु को मंत्र तीन से चार दिन एंटीबायोटिक एवं बुखार की दवा देने से मात्र से पशु आसानी से स्वस्थ हो जाएंगे विभाग द्वारा लगाया जा रहे हैं लंबी टीकाकरण को सभी पशुपालक भाइयों द्वारा लगवाने के लिए प्रेरित किया इसी तरह बकरियां में फैलने वाली पी पी आर बीमारी के टीकाकरण पर भी प्रकाश डाला जाएगा। डॉ राकेश कुमार कुमारउपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी धौरहरा ने गर्भित पशुओं की देख रेख उनके संतुलित आहार हरा चारा भूसा वा मिनरल मिक्सचर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को अवगत कराया।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर,खीरी।** दिनांक 19 नवंबर को कांग्रेस भवन पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे रवि तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एक अजीम शख्शियत थीं द्य उनके भीतर गजब की राजनैतिक दूरदर्शिता थी द्य इंदिरा का जन्म 19 नवंबर 1917 को हुआ द्य पिता जवाहरलाल नेहरू आजादी की लड़ाई का नेतृत्व करने वालों में शामिल थे द्य वही दौर रहा, जब 1919 में उनका परिवार बापू के सानिध्य में आया और इंदिरा ने पिता नेहरू से राजनीति का ककहरा सीखा। मात्र 11 साल की उम्र में उन्होंने ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए बच्चों की वानर सेना बनाई द्य 1938 में वह औपचारिक तौर पर इंडियन नेशनल कांग्रेस में शामिल है और 1947 से 64 तक अपने प्रधानमंत्री पिता नेहरू के साथ उन्होंने काम करना शुरू कर दिया। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को राजनीति विरासत में मिली थी द्य और ऐसे में सियासी उतार चढ़ाव को वह बखूबी समझती थी द्य यही वजह रही कि उनके सामने न सिर्फ देश, बल्कि विदेश के नेता भी उन्नीस नजर आने लगते थे द्य अतः पिता के निधन के बाद कांग्रेस पार्टी में उनका ग्राफ तेजी से ऊपर पहुंचा और लोग उनमें पार्टी एवं देश का नेतृत्व देखने लगे द्य वह सबसे पहले लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में सूचना प्रसारण मंत्री बनी द्य शास्त्री जी के निधन के बाद 1966 में वह देश के सबसे शक्तिशाली पद प्रधानमंत्री पर आसीन हुई एक समय गूंगी गुड़िया कहीं जाने वाली इंदिरा गांधी तत्कालीन राजघरानों के प्रिवी पर्स समाप्त कराने को लेकर उठे तमाम विवाद के के बावजूद तत्संबंधी प्रस्ताव को पारित कराने में सफलता हासिल करने, बैंकों का राष्ट्रीय करण करने जैसा साहसिक फैसला लेने और पृथक बांग्लादेश के गठन और उसके साथ मैत्री और सहयोग संधि सफल होने के बाद बहुत तेजी से भारतीय राजनीति के आकाश पर छा गई। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित नवाज खान जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस पंकज शुक्ला एडवोकेट, चंद्र प्रभा अवस्थी, कोमल सिंह, सत्ती सरन गौतम, जावेद अली एडवोकेट, रामपाल शाक्य, लतीफ आजम सलीम, गुलफाम कालिका प्रसाद अवस्थी आदि।

## सड़कों पर नहीं चलेंगी 25 हजार गाड़ियां, इन वाहनों का रजिस्ट्रेन हुआ रद्द

**फिरोजाबाद।** सुहागनगरी के 28 हजार से अधिक निजी वाहन मियाद पूरी कर चुके हैं। इनमें यूपी 83एम से क्यू सीरीज के वाहन शामिल हैं। इनमें से 25 हजार वाहनों के पंजीकरण निरस्त कर दिए गए हैं। जबकि 260 वाहन स्वामियों ने नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) निकलवा ली है। साथ ही एसएसपी के माध्यम से सभी थानों में इसकी रिपोर्ट भी भेजी है। अगर अब ये वाहन कहीं भी चलते मिलेंगे तो उन्हें जब्त कर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**परिवहन विभाग ने एसएसपी के माध्यम से सभी थानों में भेजी रिपोर्ट**

ताज संरक्षित क्षेत्र (टीटीजेड) में 15 साल पुराने वाहनों पर रोक लगाई गई है। फिरोजाबाद टीटीजेड में शामिल है। इसलिए जिले के ऐसे वाहन चालकों को विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेकर दूसरे जिलों में पंजीकरण कराने का मौका दिया गया था। इसके बाद भी हजारों वाहन स्वामियों की नींद नहीं टूटी तो विभाग ने वाहनों के पंजीयन छह महीने के लिए निर्लंबित कर दिए थे। निलंबन अवधि बीतने के बाद 25 हजार वाहनों के पंजीकरण निरस्त कर दिए गए। वहीं 260 वाहन स्वामियों ने एनओसी लेकर टीटीजेड क्षेत्र से बाहर वाले जिलो में अपने वाहन ट्रांसफर करा लिए।

# संक्षिप्त खबरें

## विकास खण्ड सुरियावां में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत को.लोकेटेड आंगनवाड़ी कार्यकत्रियो का तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम



भदोही सुरियावां बुधवार को आंगनवाड़ी कार्य कत्रियों का समावेशी शिक्षा के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह द्वारा कराया गया बताया गया कि प्री प्राइमरी शिक्षा के अंतर्गत आप सबके माध्यम से बाल वाटिका तैयार करने में आप सबका महत्वपूर्ण योगदान है प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के किसी प्रकार की समस्या का शीघ्र पहचान करके सुधार हेतु तत्काल कार्य प्रारंभ करना है विशेष शिक्षक शक्तिमान कुमार उपाध्याय द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बताया गया कि प्रारंभिक स्क्रीनिंग के माध्यम से अभिभावक को इसकी जानकारी देकर तत्काल कार्य करके समस्या कम करने का प्रयास करना चाहिए इस दौरान स्पेशल टीचर श्याम बहादुर यादव ,राणा गोविंद बच्चों के सीखने की प्रक्रियाओ पर प्रकाश डाला गया।

## अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से घायल युवक की मौत

**गोपीगंज।** मिर्जापुर गोपीगंज मार्ग पर गोपपुर स्थित सिताबाबा मंदिर के पास मंगलवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मिर्जापुर की ओर से आ रहे अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार चंद्रपुरा (जगन्नाथपुर) निवासी 22 वर्षीय बबलू हरिजन की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बबलू हरिजन देर रात गोपपुर बाजार से अपने घर लौट रहा था। तभी तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के समय मौके पर मौजूद संजय मिश्रा ने घायल युवक को निजी वाहन से सीएचसी गोपीगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे महाराजा चेतसिंह अस्पताल, ज्ञानपुर रेफर कर दिया। वहां से उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना करने वाले ट्रक की तलाश जारी है। मृतक बबलू अविवाहित था। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका था। वह पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था और उसकी दो बहनें हैं। बताया जा रहा है कि वह मुंबई में रहकर ट्रक चलाता था और लगभग एक माह पहले ही घर आया था। गांव में उसकी मिलनसार प्रकृति के कारण वह सबका प्रिय माना जाता था। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## पूर्व महापौर वाराणसी के पिता का हुआ निधन

### भाजपा कार्यकर्ताओं में दौड़ी शोक की लहर



**सीखड़, मीरजापुर।** सीखड़ क्षेत्र के मगरहा गांव निवासी वाराणसी के पूर्व महापौर, पूर्व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भारत सरकार के कार्यकारिणी सदस्य एवं वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के प्रतापगढ़ जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह के पिता का मंगलवार को वाराणसी स्थित आवास पर निधन हो गया।उनके निधन कि सूचना पर भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओं में शोक कि लहर दौड़ गई। वहीं उनका अंतिम संस्कार सीखड़ क्षेत्र के मेड़िया घाट पर बुधवार को दोपहर बारह बजे किया गया। मेड़िया घाट पर श्रद्धांजलि देने वालों का ताता लगा रहा। इस दौरान जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह, काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप सिंह, विधायक चुनार अनुराग सिंह, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, राजेंद्र मौर्या विधायक प्रतापगढ़, सौरभ श्रीवास्तव विधायक कैंट वाराणसी, जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़ आशीष श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मिर्जापुर, दिनेश तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह ब्लाक प्रमुख फूलपुर प्रयागराज, ब्लाक प्रमुख सीखड़ छत्रपति सतेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख राजगढ़ गजेन्द्र सिंह,परिवार के सदस्य चन्द्र कुमार सिंह, डॉ विन्ध्यबहादुर सिह काशी , बनारसी सिंह,पप्पू सिंह,दिपू ,मोनू सिंह, मंटू सिंह मनोज सिंह,सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही:-** सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की मासिक समीक्षा सहित निर्माणाधीन निर्मित 57 परियोजनाओं के सत्यापन समीक्षा जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों के सतत् प्रयास से माह अक्टूबर में जनपद के रैकिंग 24वें स्थान आने पर अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि रैकिंग में सुधार लाये।

ए श्रेणी से नीचे रहने वाले 07 विभागों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अगले माह प्रथम श्रेणी में आने को निर्देशित किया। डी श्रेणी में समाज कल्याण, सी श्रेणी में पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना, निपुण परीक्षा आकलन, निर्माण कार्य, सीएमआईएस, बी श्रेणी में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत नई सड़कों का निर्माण, मध्यान भोजन और फैमिली आईडी से सम्बन्धित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने सुधार लाते हुए अगले माह अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया।

सीएम डैशबोर्ड के अन्तर्गत बिलम्बित परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान कार्यदायी विभूति नारायण राजकीय इण्टर कालेज में मल्टी पर्पज हाल, शौचालय, प्रयोगशाला, पुस्तकालय 04 कार्य बजट शत्-प्रतिशत उपलब्ध होने के बावजूद कार्य न होना गम्भीर विषय है। विगत कई माह से कार्य पूर्णतः बन्द पाये जाने पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्था सीएलडीएफ/ठेकेदार के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। साथ ही अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण बैठक में अनुपस्थित होने व कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया। निर्माधीन/निर्मित परियोजनाओं के सत्यापन सम्बन्धी प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा किया गया। समीक्षा में 100शैय्या अस्पताल की धीमी प्रगति होने व जॉच अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 02 मिस्त्री 07 लेवर मौके पर पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए यूपीआरएनएन के एमडी को पत्र भेजने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों में कोई नई परियोजना आ रही है तो डीएसटीओ के माध्यम से जिला प्रशासन से अवलोकित अवश्य कराकर कार्य प्रारम्भ करें।

साथ ही सम्बन्धित जॉच अधिकारियों को निर्देश दिया कि मौके पर जो भी कार्य हो रहा है उस कार्य का डाईग चार्ट, स्टीमेट, कार्य प्रोवेजन सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से अवश्य प्राप्त कर ली जाय। उसी के अनुसार कार्य सुनिश्चित कराये। विलम्बित होने वाली कार्यो पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताते हुए सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-सीमा के भीतर मानक गुणवत्ता के अनुरूप कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित कराये। इस कार्य में लापरवाही, शिथिलता कत्तई बर्दाश्त नही की जायेगी।

महराजा बलवन्त सिंह में 02 स्वतंत्र फीडर को विद्युत विभाग को हैडओवर करने का निर्देश दिया। हेल्थ यूनिट दुर्गागंज भवन निर्माण नवम्बर तक पूर्ण कराने पर बल दिया गया। जिला कारागार में निर्माणाधीन भवन में धीमी प्रगति कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड को भदोही में ऑफिस खोलकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का डीएम ने निर्देश दिया। किसान कल्याण केन्द्र व कल्याण मण्डपम को अविलम्ब पूर्ण करने पर बल दिया गया। काशीराज संस्कृत महाविद्यालय एवं ज्ञानपुर बस स्टैण्ड के निर्माण कार्यो के प्रगति पर जोर दिया गया। संत रविदास मन्दिर औराई की पेटिंग सही ढंग से कराने एवं लवकुश बाल्मीकि मन्दिर सीतामढ़ी के अवशेष कार्यो को जल्द पूर्ण करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष चक, जिला विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश, उप कृषि निदेशक अश्वनी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पाण्डेय, नीरव सिंह, सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# साइबर जागरूकता को लेकर डीजीपी ने दिया महत्वपूर्ण संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** कारपेट एक्सपो मार्ट में आयोजित 'हाइब्रिड मॉड्यूल साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस वर्कशॉप' में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भदोही की जनता को पहली बार सीधे संबोधित किया। यह जनपद के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण रहा। पुलिस महानिदेशक ने साइबर अपराध, मिशन शक्ति और डिजिटल सुरक्षित व्यवहार पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार का वित्तीय साइबर फ्रॉड होने पर एक घंटे के भीतर 1930 पर कॉल करके पैसे को सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा मंत्र 'जागरूकता ही सुरक्षा है।

कार्यक्रम में अनेक स्कूलों के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर अपराध की तकनीकों और उससे बचाव के तरीकों को प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए हर नागरिक को सतर्क रहना बेहद आवश्यक है। उन्होंने हेल्पलाइन 1930, ष्4ड्डद्दह्दश्1.द्वठ्ठ और साइबर सेल की उपयोगिता बताई। प्रदेश विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति एवं विमुक्ति जाति संयुक्त समिति के सभापति व पूर्व मंत्री दीनानाथ भास्कर ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार जनता की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने मोबाइल और डिजिटल लेनदेन का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी शैलेश कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, सदर विधायक जाहिद बेग, कालीन उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि, चिकित्सक, समाजसेवी, प्रधानाचार्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एडीजी जोन वाराणसी पीयूष मोर्डिया और डीआईजी मिर्जापुर आरपी सिंह वर्चुअली जुड़े। वर्कशॉप ने साइबर जागरूकता को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया और आमजन को डिजिटल सुरक्षा की नई समझ प्रदान की।

# खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली के धक्के से एक की मौत, एक घायल

**चुनार मिर्जापुर।** मंगलवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के जमुई स्थित पेट्रोल पंप के पास खड़ी टैक्टर के ट्राली में धक्का लग जाने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही दुमदुमा मुहल्ले के सभासद अजय पाल ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चेचरी मोड़ ले गई। जहां डाक्टरों ने अभी पांडेय पुत्र विनोद पांडेय उम्र 18 वर्ष निवासी दुमदुमा को मृत घोषित कर दिया वहीं मृतक का घायल साथी आदित्य कुमार पुत्र बृजेश उम्र 16 वर्ष निवासी दुमदुमा को बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि दोनों युवक बनारस एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। मृतक अभी पांडेय दो बहनों में एक बीच का इकलौता भाई था, पिता मजदूरी करके परिवार का जीवकोपार्जन करता है एकलौते पुत्र की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। वही पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर रात में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद काशी प्रांत की प्रांतीय बैठक सम्पन्न

● जनवरी में डॉ. तोगड़िया के प्रवास की तैयारियाँ तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद काशी प्रांत की प्रांतीय बैठक नगर स्थित दरोपुर मोहल्ले में पूर्व चेयरमैन अशोक जायसवाल के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ईश्वरीय प्रसाद ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। काशी प्रांत के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी व विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में आगामी जनवरी 2026 में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के पांच दिवसीय प्रवास की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान संपूर्ण देश में एक लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया।सभा को काशी प्रांत महामंत्री तरुण कुमार शुक्ल और प्रांत संगठन महामंत्री संजय दुबे ने संबोधित किया। बैठक के अंत में प्रांत कार्याध्यक्ष विरेंद्र प्रताप सिंह ने लिए गए संकल्प को दोहराया और उसे शत-प्रतिशत पूरा करने का आह्वान किया।

बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष संतोष दुबे, हिंदू एडवोकेट फोरम के प्रांत उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, हिंदू हेल्पलाइन प्रांत महामंत्री नंदलाल, ओम् श्री परिवार प्रांत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश दुबे, राष्ट्रीय छात्र परिषद प्रांत मंत्री अशोक सिंह सहित कई जिलों के अध्यक्ष व महामंत्री शामिल रहे। जौनपुर, मछलीशहर और भदोही के विभिन्न पदाधिकारी तथा राष्ट्रीय बजरंग दल और राष्ट्रीय छात्र परिषद के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में नए पदों की घोषणा भी की गई जिसमें मनीष जायसवाल को राष्ट्रीय बजरंग दल भदोही नगर अध्यक्ष,विशाल दुबे पीटर को नगर उपाध्यक्ष,करन दुबे को नगर महामंत्री, प्रो. कोशलेस गुप्ता को राष्ट्रीय छात्र परिषद विंध्याचल विभाग अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा को प्रांत अध्यक्ष, राष्ट्रीय किसान परिषद उमाशंकर दुबे को अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद भदोही ब्लॉक उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई।

# एबीवीपी द्वारा आयोजित रानी लक्ष्मीबाई जयंती समारोह में पहुंचे भाजपा नेता मनोज जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मीरजापुर।** वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बाजीराव कटरा स्थित सुंदर मुंदर जायसवाल बालिका विद्यालय में आयोजित जयंती समारोह में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नेता मनोज जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।जहा उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के छायाचित्र पर पुष्पार्चन कर नमन किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई एक वीरांगना थी,जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत को अपनी झांसी देने से इनकार कर दिया था और अंग्रेजी हुकूमत के अन्याय के खिलाफ बिगुल फुक युद्ध में उतर गई ।अपने दत्तक पुत्र को पीठ के पीछे बांध कर अंग्रेजों से युद्ध किया और लड़ते-लड़ते वीरगति को प्राप्त हुई।जब भी रानी लक्ष्मीबाई का नाम आता है तो लोग उन्हें नारी शक्ति का प्रतीक मानते है।आज की महिलाओं को भी रानी लक्ष्मी बाई के जीवन से प्रेरणा लेकर मजबूत बन अन्याय और अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन नगर मंत्री उदय सिंह जी नें किया, इस मौके पर प्रधानाचार्य दीपा मौर्या जी, सभासद सत्यनारायण जायसवाल जी, बाबूराम गुप्ता जी, प्रीतम केशरवानी जी, संगठन मंत्री अखिल भारतीय विधार्थी परिषद सागर जी, शिवम आग्रहरी जी, अतुल गुप्ता जी, अंकित धवन जी,अनुराधा गुप्ता जी, ज्योति वर्मा जी, दुर्गेश जी, स्वेता अग्रवाल, रेखा कुशवाहा जी, आकांक्षा अग्रवाल जी,सविता अग्रवाल जी आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने विक्रय विलेख का स्टांप देयता की दृष्टि से किया स्थलीय निरीक्षण



**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा शासनादेश के अनुसार जनपद में पंजीकृत 5 सबसे बड़े विलेखों में से 4 विक्रय विलेख का स्टांप देयता की दृष्टि से स्थलीय निरीक्षण किया 7 सबसे पहले 02 लेखपत्र मौजा चक सैफ और अन्य 02 लेखपत्र मौजा घमाहापुर का था । चारों ही विलेखों का मूल्यांकन प्रलेखनुसार सही पाया गया । स्थल निरीक्षण के दौरान सब रजिस्ट्रार भदोही और डिप्टी सीओ बीड़ा और अन्य कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शासन के नियमानुसार विक्रय विलेख का स्टाम्प शूल्क लेना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि स्टाम्प, न्यायालय शुल्क और पंजीकरण के कार्यो को शासन के मंशानुरूप संम्पादित किया जाय। स्थलीय निरीक्षण के दौरान सहायक महानिदेशक निबंधन भदोही पंकज सिंह, और क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे।

# 108 वीं जयंती पर याद की गई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** गोपीगंज में स्थित भारत भारती इंटरमीडिएट कॉलेज में बुधवार को भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां पर लोगों ने भारत की लौह महिला इंदिरा गाँधी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया और उनके विचारों और कार्यों से प्रेरणा लेने की बात भी कहीं गई। कॉलेज के अध्यापक संतोष कुमार तिवारी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया। इंदिरा गाँधी ने देश की बागडोर जब संभाली तो देश की महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक समय था जिसका रिकॉर्ड आज तक भारतीय राजनीति में मील का पत्थर बना हुआ है, संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी अपने फैसलों के लिए भी जानी जाती थी, उनका बचपन का नाम प्रियदर्शनी था और स्वतंत्रता के पूर्व इंदिरा गाँधी की बानर सेना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कहा कि इंदिरा गाँधी आज की बेटियों के लिए एक आदर्श है जो अपने फैसले और कार्यों के वजह से देश की आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है। अध्यापक संतोष कुमार तिवारी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की बेटियां किसी से कम न समझें क्योंकि आज की बेटियां किसी भी तरह बेटों दे कम नहीं है अपने मन से हीन भावना को निकाल कर अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र होकर काम करें सफलता अपने आप मिलेगी, कहा कि लोग क्या कहेंगे यह विचार मन में एकदम न आने दे। संगोष्ठी में कॉलेज के अध्यापक सलाउद्दीन, विनोद सिंह, शेखर, सजीवन, प्रजेश मालवीय, लीला, रेशमा, ज्योति, मनीषा समेत तमाम अध्यापकों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री के 108वीं जयंती पर उनको याद किया। संगोष्ठी में कॉलेज के बच्चों ने भी इंदिरा गाँधी के बारे में भी अपनी अपनी राय रखी। इस मौके पर सभी अध्यापक और बच्चे मौजूद रहे।

# मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी करने वाला गिरोह गिरफ्तार

● औराई पुलिस ने किया संगठित चोरी कांड का पर्दाफाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ज्ञानपुर।** भदोही जिले में मोबाइल टावरों से बैटरी व केबल चोरी की बढ़ती घटनाओं पर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में थाना औराई पुलिस ने एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।एएसपी शुभम अग्रवाल बुधवार को पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मामलें का खुलासा किया।

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर उपरौठ नहर के पास छापेमारी कर आरोपियों को उस समय दबोच लिया, जब वे चोरी की बैटरियों को तोड़कर उनसे कॉपर वायर निकाल रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में,राकेश जायसवाल,अनुराग जायसवाल,जैश शर्मा, अभिषेक सिंह शामिल हैं। वहीं गिरोह का एक सदस्य मनीष सिंह फरार है, जिसकी तलाश जारी है। औराई पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 07 टूटी-फूटी टावर बैटरी, चार बैटरी, पावर केबल, कॉपर तार के टुकड़े तथा दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं।

एएसपी ने बताया कि जांच में सामने आया कि यह गिरोह लंबे समय से भदोही जनपद के विभिन्न मोबाइल टावरों से बैटरी, केबल और अन्य उपकरण चोरी करता रहा है। इनमें नरथुआ, तिऊरी, उपरौठ और कलीपुर सहित कई स्थानों पर हुई घटनाएँ शामिल हैं। चोरी की गई सामग्री को आरोपी राकेश जायसवाल व उसके बेटे अनुराग की कबाड़ दुकान पर बेचते थे।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे दिन के समय टावरों की रेकी कर रात में एकांत और अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। आरोपी अभिषेक सिंह का आपराधिक इतिहास भी पुलिस ने खंगाला है, जिसमें उसके खिलाफ कई मुकदमे पंजीकृत मिले हैं। सफलता प्राप्त करने वाली टीम में थाना औराई प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक विजय कुमार सरोज, मोती सिंह यादव आदि शामिल रहे।

# विधायक खेल स्पर्धा का भदोही में भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिला खेल स्टेडियम मुंशीलाटपुर में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित विधायक खेल स्पर्धा का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक जाहिद बेग ने किया, जहां खिलाड़ियों और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा और सीडीओ बाल गोविंद शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिन्होंने खेल को युवा विकास का महत्वपूर्ण साधन बताते हुए प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया।

स्पर्धा में विभिन्न प्रतियोगिताओं में शिवम (100 मी., 200 मी. बालक), कशिश (100 मी., गोला फेंक बालिका), रोशनी (200 मी.), पूजा यादव (400 मी.), निरंजन (800 मी.), श्याम (1500 मी.), अमित (डिस्कस थ्रो व गोला फेंक), रेहान अली (कुश्ती 50 KG), जतिन यादव (55 KG), विवेक (74 KG), रूबी (बालिका 50 KG) ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि वॉलीबॉल व कबड्डी (बालक वर्ग) में मुंशीलाटपुर टीम विजयी रही। आयोजन में प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी रवि कुमार तिवारी, नोडल प्रभारी प्रशांत दुबे, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आशुतोष गौतम सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता ने युवा खेल प्रतिभाओं को नई दिशा और प्रोत्साहन दिया।

# दो दिनों तक आधा दर्जन से अधिक फीडरों की बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**भदोही।** 33/11 केवी उपकेंद्र भदोही से जुड़े कई फीडरों की विद्युत आपूर्ति 20 और 21 नवंबर को दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह व्यवस्था 33 केवी सिविल लाइन भदोही पर पोल और कंडक्टरिंग के कार्य के चलते की जा रही है। कार्य के दौरान 11 केवी इंद्रामिल, कुशियरा, इंडस्ट्रियल, नेशनल, कॉलोनी, दशरथपुर, ममहर फीडर तथा फत्तुपुर उपकेंद्र के 11 केवी मर्यादपट्टी और सिधवन फीडर की सप्लाई प्रभावित रहेगी। विभाग ने बताया कि जर्जर तार बदलने और पोल स्थापना का कार्य के अंतर्गत किया जा रहा है, इसलिए निर्धारित समय में बिजली आपूर्ति पूर्णतः बंद रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि असुविधा के लिए खेद है तथा उपभोक्ता अनावश्यक विद्युत उपकरणों का उपयोग न करें और बिजली बचाने में सहयोग दें।

# ब्लॉक सभागार में कृषि गोष्ठी का हुआ आयोजन

● पीएम संमान निधि के लाइव प्रसारण को देखा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हलिया मिर्जापुर।** हलिया ब्लॉक सभागार में बुधवार को कृषि गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छानवे विधायक रिंकी कोल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही पीएम किसान संमान निधि की 21वीं किस्त जारी होने का लाइव प्रसारण भी सुना।उपस्थित कर्मचारियों ने किसानों से जुडी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।कृषि विभाग के लगाए गए स्टाल का अवलोकन विधायक ने किया।एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया ने किसानों से धान की पराली न जलाने की अपील की है । जैविक खेती के बारे में बताया कि जैविक खेती एक गाय के गोबर से 30 एकड़ की प्राकृतिक खेती की जा सकती है 10 लीटर गोमूत्र 10 किलोग्राम गाय का गोबर आधा किलो बेसन 2 किलो गुड़ को मिलाकर 200 लीटर पानी की टंकी में डालकर 7 दिन तक रखना है प्रतिदिन उसे हिलाते रहना है जिससे जीव अमृत तैयार हो जाएगा। जिसमें 200 लीटर जीव अमृत को स्प्रे के माध्यम से फसल पर छिड़काव करना है यह प्राकृतिक खेती से नाइट्रोजन तथा फास्फोरस एवं पोटाश जैसे उर्वरक मिलेंगे। रबी के फसलों में गेहूं ,चना ,मसूर ,सरसों मटर की खेती के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी । कृषि तकनीकी सहायक ने बताया कि किसान टोकन बुक करवा कर उसका लाभ ले साथ ही कृषि यंत्र के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों के लिए आवश्यक है।पीएम किसान विकासखंड में 29435 किसानों के खाते में 21 वीं किस्त जारी की गई है। वही पशु चिकित्साधिकारी कमलेश कुमार ने बकरी ,सूअर, गाय के पालन के बारे में जानकारी दी तथा दुग्ध उत्पादन के बारे में भी बताया। खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि जैविक खेती से किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। किसान अन्न दाता है।विश्व में सबसे बडी योजना पीएम संमान निधि योजना है जिसको प्रधानमंत्री किसानों के खाते में 21वीं किस्त रिलीज कर दी है। उन्नतशील खेती से किसानों की आय दोगुनी होगी। फार्मर रजिस्ट्री कराने पर ही किसानों को खाद बीज का लाभ मिलेगा।छानवे विधायक रिकी कोल ने कहा कि किसानों की आय दुगनी करने के लिए सरकार प्रयत्नशील है। प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए 21वीं किस्त जारी की है। गोष्ठी के माध्यम से मिली जानकारी का उपयोग करते हुए किसान अपनी आय दो गुना कर सकते है। इस मौके पर उपस्थित रहे। शशी पटेल, जनार्दन कोल, मार्तंड बहादुर सिंह, गुलाब बहादुर पटेल, सूरज मौर्य, लालबहादुर पाल, सोनू सिंह आदि सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### इंदिरा मैराथन दौड़ के समय यमुना पुल पर एसपीओ टीम रही तैनात



**नैनी ,प्रयागराज।** बुधवार को अखिल भारतीय इंदिरा मैराथन दौड़ के 40 व वर्ष पर प्रयागराज के आनंद भवन से शुरू हुई मैराथन दौड़ जो 42 किलोमीटर की दौड़ थी उसमें विशेष पुलिस अधिकारी पुलिस मित्र की टीम सुबह से ही नए यमुना ब्रिज पर धावकों के साथ-साथ ड्यूटी पर मौजूद रहे जिसमें शांति व्यवस्था यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण में प्रशासन का सहयोग किया साथ ही धावकों का हौसला भी बुलंद किया भूले को रास्ते भी दिखाएं। उपस्थित लोगों में प्रभारी अभय राज सिंह, जनसंपर्क अधिकारी से शेख लियाकत अली, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल,रामजी गौर, सुशील शर्मा, दीपक जायसवाल, दिनेश चंद केसरवानी, प्रदीप कुमार, संजीव वर्मा, राजू भारतीय, रहमान, वसीम,आदि रहे।

### श्री सीता राम विवाह की कथा सुन मंत्र मुग्ध हुए श्रोता



**नैनी, प्रयागराज।** श्रमिक बस्ती, स्थित मानस पार्क में आयोजित पांच दिवसीय भव्य सार्वजनिक श्री रामचरितमानस सम्मेलन मे राष्ट्रीय संत, मानस मर्मज्ञ दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती महाराज ने श्री सीता राम विवाह का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। झुक जइयो तनिक रघुबीर, लली मेरी छोटी सी... भजन सुनकर श्रोता गण परमानंद में डूब गए। श्री राम कथा व्यास पं0 विनोद मालवीय ने केवट प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि केवट परम भगवत भक्त है और परम सौभाग्यशाली है। भगवान राम के पांव पखारने का जो देव दुर्लभ अवसर महाराज जनक को मिला, वही अवसर केवट को प्राप्त हुआ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान प्रदीप महरा, समर बहादुर सिंह, बी एल एकेडमी के प्रबंधक राज कुमार त्रिपाठी, पूर्व प्रधान शिव शंकर दीक्षित, सुभाष प्रधान, पार्षद मयंक यादव, पूर्व प्रधान मुरली निषाद, डॉ ओ पी पांडेय, श्री प्रकाश शुक्ला, अनिल विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला, हरि शंकर मिश्रा, लक्ष्मीकांत तिवारी, अतुल सिंह, आनंद शर्मा, हिमांशु सिंह, आनंद सिंह, जतिन ठाकुर, रितिक मौर्या, मिहिर सिन्हा, अनुराग शर्मा, निखिल त्रिपाठी, उत्कर्ष शर्मा, नयन कुशवाहा, धीरू यादव आदि उपस्थित रहे।

### महिला का गहनों से भरा पर्स उचक्कें ने छीना



**नैनी ,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के लेप्रोसी चौराहे के पास बुधवार शाम बस का इंतजार कर रही एक महिला से गहनों से भरा पर्स छीनने की घटना सामने आई है। महिला अपने बच्चों के साथ बस का इंतजार कर रही थी। उस दौरान एक युवक वहां पहुंचा और महिला से बोला साड़ी में कुछ लगा है।महिला जैसे ही पलट कर देखी युवक महिला के हांथ से पर्स लेकर भाग निकला। महिला ने शोर मचाया लेकिन तब तक युवक भाग चुका था। महिला ने डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। हालांकि घटना को अंजाम देने वाले युवक का पता नहीं चल सका।जानकारी के मुताबिक कोरांव की रहने वाली मनीता देवी पत्नी भानू प्रकाश नारायण नैनी के मड़ौका सरस्वती फेज 4 के अपार्टमेंट में रहती है। भानू प्रकाश मानिकपुर में टीचर है। मनीता के मुताबिक बुधवार की शाम वह अपनी बच्ची आकृति और भारती के साथ अपने मायके चक्रवानपुर मांडा जाने के लिए नैनी लेप्रोसी चौराहे के बस स्टैंड पर खड़ी थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने भीमा कोरेगांव मामले में ज्योति जगताप को अंतरिम जमानत दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने आज (19 नवंबर) भीमा कोरेगांव-एल्गार परिषद मामले में कार्यकर्ता और सांस्कृतिक संगठन कला कबीर मंच की सदस्य ज्योति जगताप को अगली सुनवाई की तारीख तक अंतरिम जमानत दे दी, जो फरवरी 2026 में है। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने यह आदेश पारित किया। जगताप की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट्ट ने पीठ को बताया कि वह पाँच साल से अधिक समय से हिरासत में है। पीठ ने अगली सुनवाई तक अंतरिम जमानत देने पर सहमति जताई। गौरतलब है कि इसी पीठ ने हाल ही में सह-आरोपी महेश राउत को भी चिकित्सा आधार पर 6 सप्ताह की अवधि के लिए अंतरिम जमानत दी थी , जिसे बाद में 26 नवंबर तक बढ़ा दिया गया था । जून 2018 में गिरफ्तारी के बाद से वह हिरासत में है। राउत के मामले का उल्लेख वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने भी किया और अदालत ने सुनवाई के अगले दिन तक उनकी अंतरिम जमानत बढ़ा दी। जगताप और 16 अन्य लोगों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पुणे के भीमा कोरेगांव में हुई जातीय हिंसा के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया था। पुणे पुलिस (और बाद में एनआईए) ने तर्क दिया कि एल्गार परिषद - कोरेगांव भीमा युद्ध की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम - में दिए गए भड़काऊ भाषणों के कारण महाराष्ट्र के भीमा कोरेगांव गाँव के पास मराठा और दलित समूहों के बीच हिंसक झड़पें हुई। इसके बाद हिंसा की साजिश रचने और योजना बनाने के आरोप में 16 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। उन पर यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए, जो मुख्य रूप से उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से प्राप्त पत्रों और ईमेल के आधार पर लगाए गए थे। फरवरी 2022 में, एक विशेष एनआईए अदालत ने जगताप की ज़मानत याचिका खारिज कर दी, जिसे बाद में अक्टूबर में बॉम्बे उच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा। उनकी याचिका खारिज करते हुए , उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने कहा कि कबीर कला मंच के नाटकों के संवाद, जिनमें 'राम मंदिर', 'गोमूत्र' और 'अच्छे दिन' जैसे शब्दों/वाक्यांशों का उपहास किया गया था - जो लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार



पर लक्षित थे - नफरत भड़काते थे और एक बड़ी साजिश का संकेत देते थे। राउत को 21 सितंबर, 2023 को बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा योग्यता के आधार पर जमानत दी गई थी , लेकिन उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय जांच प्राधिकरण (एनआईए) को अपील दायर करने के लिए एक सप्ताह के लिए आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद, एनआईए ने न्यायालय के समक्ष अपील दायर की, जिसे न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने स्वीकार कर लिया, जिसने उच्च न्यायालय द्वारा दी गई एक सप्ताह की रोक को 5 अक्टूबर, 2023 तक बढ़ा दिया। तब से, समय-समय पर रोक को बढ़ाया गया है।

# इंदिरा गांधी की जयंती पर राहुल गांधी ने किया याद,कहा- हर परिस्थिति में देशहित को प्रथम रखने की प्रेरणा मुझे दादी से ही मिली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि हर परिस्थिति में देशहित को प्रथम रखने की प्रेरणा मुझे दादी से ही मिली है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'भारत के लिए निडर होकर फैसले लेने और हर परिस्थिति में देशहित को प्रथम रखने की प्रेरणा मुझे दादी से ही मिली है। उनका साहस, देशभक्ति और नैतिकता आज भी मुझे अन्याय के ख़िलाफ़ मज़बूती से खड़े होने का हौसला देती हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'आजीवन संघर्ष,साहस व कुशल नेतृत्व की मिसाल, भारत की लौह महिला, इंदिरा गांधी की जयंती पर शत शत नमन। राष्ट्र की एकता, अखंडता और उत्थान के लिए उन्होंने अपने साहस, दूरदर्शिता और दृढ़ नेतृत्व से अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए, जिन्होंने भारत को वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान प्रदान की। उनका जीवन-पथ, उनकी प्रतिबद्धता और नेतृत्व क्षमता आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, आयरन लेडी, प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी जी की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन. इंदिरा जी ने भारत की एकता और अखंडता अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया. भारत माता की सेवा में समर्पित आपका सर्वोच्च बलिदान सदैव हमारी प्रेरणा रहेगा। पूर्व पीएम की जयंती के मौके पर मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी शक्ति स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व पीएम की अद्वितीय विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस पार्टी ने पूर्व पीएम की जयंती पर कहा कि 'शक्ति' की प्रतिमूर्ति, इंदिरा गांधी ने अनेक भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना करते हुए, राष्ट्र को आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और एक उन्नत वैश्विक स्थिति की ओर अग्रसर किया। उनका साहसिक नेतृत्व और न्याय, एकता और प्रगति के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता कांग्रेस के भविष्य को उज्ज्वल



करती रहेगी। कांग्रेस नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को उनके साहसिक फैसलों को याद करते हुए कहा कि पूर्व पीएम के मजबूत नेतृत्व ने आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया। कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में लिखा, 'उनकी जयंती पर, हम इंदिरा के निडर नेतृत्व, निर्णायक दूरदर्शिता और भारत की प्रगति के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करते हैं। हरित क्रांति से लेकर बांग्लादेश की मुक्ति तक, उनके साहसिक नेतृत्व ने एक मजबूत, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया, जिसने किसी भी महाशक्ति के आगे घुटने नहीं टेके।

# इंदिरा गांधी एवं रानी लक्ष्मीबाई के जयंती पर कांग्रेस जनों ने किया याद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** बुधवार को कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस जनो ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके योगदान को याद किया और महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि इंदिरा गाँधी जी ने वर्ष 1971 में पाकिस्तान के छक्के छुड़ाकर एक नया देश बनाने में अपनी अग्रणी भूमिका को निभाया जिसका नाम बांग्लादेश हुआ। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार के प्रदेश महासचिव प्रभारी प्रयागराज मंडल विवेक कुमार पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि इन्होने ने अपने कार्य के दौरान में बैंकों का राष्ट्रीयकरण, और भारत के पहले परमाणु परीक्षण (पोखरण) जैसे प्रमुख कदम के निर्णय शामिल हैं, और देश को एक नई पहचान दी थी। साथ ही देश में हरित क्रांति के कार्य को भी बढ़ावा दिया और रॉ (R&AW) जैसी खुफिया एजेंसी की स्थापना की। राजनीतिक और रक्षा से संबंधित कार्य और बांग्लादेश का निर्माणः 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश के गठन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। वर्ष 1974 में, उन्होंने भारत का पहला परमाणु परीक्षण किया, जिसका सांकेतिक नाम 'स्माइलिंग बुद्धा' था। शहर कांग्रेस कमेटी के शहर उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशवाहा ने अपने वक्तव्य में कहा कि ऑपरेशन मेघदूत 1984 में, सियाचिन पर भारत का कब्जा सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन मेघदूत शुरू किया गया था। खुफिया एजेंसी की भी स्थापना वर्ष 1968 में किया, जो भारत की एक प्रमुख खुफिया एजेंसी है। आर्थिक और सामाजिक सुधार की दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए देश में खुली हुई बैंकों का राष्ट्रीयकरण 1969 में किया और उन्होंने 14 प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, जिससे बैंकिंग क्षेत्र में सरकार का नियंत्रण बढ़ा। कृषि सुधारः उन्होंने कृषि क्षेत्र में सुधारों को बढ़ावा दिया, जिसने भारत को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में मदद की। उन्होंने राजघरानों को दिए जाने वाले प्रीवी पर्स को समाप्त कर दिया। शहर कांग्रेस शहर उपाध्यक्ष प्रतिमा त्रिपाठी ने भी कहा कि देश की वीरांगना व 1857 रानी लक्ष्मी बाई को भारत के सबसे महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक माना जाता है। रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 19 नवंबर 1828 को वाराणसी शहर में हुआ था। उनका नाम मणिकर्णिका तांबे और उपनाम मनु था। उनके पिता मोरोपंत तांबे और माता भागीरथी सप्रे (भागीरथी बाई) थीं; वे आधुनिक महाराष्ट्र से थीं रानी लक्ष्मीबाई भारतीय स्वाधीनता संग्राम की पहली महिला सेनानी हैं।1857 के सैनिक विद्रोह के आस-पास इन्होंने भी अँग्रेजी दासता के खिलाफ बगावत कर दी थी। इसी क्रम में शहर कांग्रेस कमेटी के शहर महासचिव राकेश श्रीवास्तव ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि देश की आजादी और अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ रानी लक्ष्मीबाई जहाँ एक ओर स्वाधीनता के लिए पृष्ठभूमि तैयार कर लोगों में जोश भर रही थीं वहीं उनकी ओजस्विता से बालिकाओं, महिलाओं और साधारण जनता को अधिकारों के लिए लड़ने की प्रेरणा मिल रही



थी।शहर कांग्रेस कमेटी के शहर महासचिव अंजुम नाज ने भी कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने अपनी वीरता की जो मिसाल पेश की है वह उनके देशप्रेम, अधिकारों के प्रति लड़ने की जिजीविषा और त्याग का प्रतीक है।रानी लक्ष्मीबाई साधारण परिवार में जनमी थीं लेकिन उन्होंने झाँसी का राज्य बड़ी कुशलता एवं वीरता से सँभाला। उन्होंने अँग्रेजों से झाँसी की रक्षा करते-करते अपने प्राणों की आहूति तक दे दी, देश के इन दोनों महान बिभूतियों के कार्यशैली से योगदान करने की सिख मिलती हैं।इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के शहर उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार के प्रदेश महासचिव व प्रभारी प्रयागराज मण्डल विवेक कुमार पाण्डेय, शहर उपाध्यक्ष प्रतिमा त्रिपाठी, शहर महासचिव राकेश श्रीवास्तव,शहर महासचिव अंजुम नाज,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार के प्रदेश सचिव सचिन खेड़ा,पूर्व शहर सचिव प्रदीप वर्मा, इंजिनियर विजय कुमार,मण्डल अध्यक्ष राज कुमार कुशवाहा,मुन्ना जाफरी, विरेन्द्र यादव, पास्टर विनोद जैकब, संदीप कंन्नोजिया,अनुज कुशवाहा, वैभवी जोशी सहित आदि कांग्रेस जनों का जमावड़ा उपस्थित रहा हैं।

# इतिहास विभाग के परिषदीय प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

**नैनी, प्रयागराज।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज में बुधवार को दर्शनशास्त्र विभाग एवं इतिहास विभाग के परिषदीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता के विजेता मनीष कुमार पटेल प्रथम, सपना द्वितीय और आस्था सिंह तृतीय स्थान तथा क्विज प्रतियोगिता में सोनू आदिवासी प्रथम, मनीष कुमार पटेल द्वितीय और विनोद सरोज तृतीय तथा सुरभि केसरी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। उक्त दोनों प्रतियोगिताएं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुलता के कुशल दिशा निर्देशन एवं डॉ. राम कुमार सिंह, विभाग प्रभारी दर्शनशास्त्र संयोजक और डॉ. अमित कुमार मिश्र सह-संयोजक, डॉ. अवधेश कुमार आर्य द्वारा संपन्न हुआ। इतिहास विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. अर्चना सिंह संयोजक एवं डॉ. अंजना, डॉ. अवधेश कुमार सह-संयोजक रहे। इतिहास विभाग के आशु भाषण प्रतियोगिता में आँचल पाल प्रथम, रुचि यादव द्वितीय और राज वर्मा तृतीय स्थान, निबंध प्रतियोगिता में आस्था सिंह प्रथम, तनुश्री तिवारी द्वितीय और आँचल शर्मा तृतीय स्थान, क्विज प्रतियोगिता में आदित्य पांडेय प्रथम, सत्यम यादव द्वितीय और प्राची शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसअवसर पर प्रो. नीतू सिंह, प्रो. दीपक, डॉ. इफ्तेखार अहमद अंसारी, डॉ. नूर फातिमा उपस्थित रहे।




# नीतीश कुमार चुने गए एनडीए विधायक दल के नेता, कल गांधी मैदान में लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद आज एनडीए विधायक दल की बैठक हुई. बैठक में नीतीश कुमार को सभी पांचो दल के विधायकों ने नेता चुन लिया है. विधानसभा के सेंट्रल हॉल में एनडीए विधान मंडल दल की बैठक हुई. जिसमें सर्व सम्मति से नीतीश कुमार को नेता चुना गया है. एनडीए के नेता चुने जाने के बाद नीतीश कुमार राजभवन में जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंग। इससे पहले यानी आज ही जेडीयू और बीजेपी की अलग-अलग विधायक दल की बैठक हुई. बीजेपी विधायक दल की बैठक बीजेपी कार्यालय के अटल सभागार में हुई. उसमें सम्राट चौधरी को नेता और विजय कुमार सिन्हा को उप नेता चुना गया. इधर मुख्यमंत्री आवास में जेडीयू विधानमंडल की बैठक हुई. बैठक में नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से जदयू का नेता चुना गया। दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को 243 सीटों में से 202 सीटों पर प्रचंड जीत मिली है. ऐसे में नीतीश कुमार एक बार फिर से 20 नवंबर को गांधी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. जिसमें प्रधानमंत्री से लेकर 16 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। इधर, मंत्रिमंडल के स्वरूप को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है. सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उपमुख्यमंत्री बने रहेंगे, यह तय हो चुका है. बीजेपी अपने कई पूराने मंत्रियों पर भरोसा करने वाली है. नीतीश कुमार भी अपने कई पुराने मंत्रियों को फिर से रिपीट करेंगे. जिसमें विजेंद्र प्रसाद यादव, विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, मदन सहनी, लेसी सिंह का नाम काफी चर्चा में है. वहीं श्याम रजक को भी नीतीश कुमार मौका दे सकते हैं। इस बार एनडीए में जदयू की टिकट पर जमा खान एकमात्र मुस्लिम विधायक चुने गए हैं. ऐसे में जमा खान का फिर से अल्पसंख्यक मंत्री बनना तय माना जा रहा है. कहा जा रहा है कि मंत्रिमंडल के गठन में एनडीए के पांचो घटक दल जातीय, सामाजिक समीकरण का पूरा ख्याल रखेंगे। एनडीए से इकलौते अल्पसंख्यक विधायक बने जाम खां ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज का भी बहुत वोट एनडीए को मिला है. समाज अब समझ गया है कि कौन विकास कर सकता है और कौन भला कर सकता है. मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वह निर्वहन करेंगे. अल्पसंख्यक समाज ने एनडीए को वोट किया है. इस बार जो लोग गुमराह कर रहे थे उन्हें जवाब दिया है।

# 1996 गाज़ियाबाद बस धमाका: पुलिस के बयान मान्य नहीं

● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपी को 'भारी मन से' बरी किया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1996 के मोदीनगर-गाज़ियाबाद बस बम धमाका मामले में दोषी ठहराए गए मोहम्मद इलियास को बरी कर दिया है। 51 पन्नों के विस्तृत फैसले में अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में पूरी तरह विफल रहा और पुलिस द्वारा रिकॉर्ड किया गया इलियास का कथित इक़बाल-ए-जुर्म भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 25 के चलते कानूनी रूप से स्वीकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस सिद्धार्थ और जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने कहा कि पुलिस के समक्ष दिया गया कथित बयान एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा टेप पर रिकॉर्ड किया गया था, लेकिन चूँकि यह 1996 का मामला है और उस समय TADA कानून लागू नहीं था, इसलिए पुलिस के समक्ष किया कोई भी स्वीकारोक्ति अदालत में साक्ष्य के रूप में पेश नहीं की जा सकती। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि कथित बयान रिकॉर्ड करने वाला टेप-रिकॉर्डर ही पेश नहीं किया गया, और इस तरह बयान की सत्यता या वैधता की कोई पुष्टि अदालत के सामने नहीं हो सकी। अदालत ने रिकॉर्ड का निरीक्षण करते हुए पाया कि घटना से जुड़े यात्री और प्रत्यक्षदर्शी तो बस धमाके की पुष्टि करते हैं, परंतु कोई भी आरोपी की पहचान करने में सक्षम नहीं था। बम बस में दिल्ली ISBT पर ही पहले से रखा गया था, इसलिए किसी यात्री द्वारा आरोपी को देख पाना संभव ही नहीं था। जिन गवाहों को अभियोजन पक्ष ने 'बाह्य-न्यायिक स्वीकारोक्ति' के आधार पर मुख्य गवाह बनाया, उन्होंने भी अदालत में अपने बयान से मुकरकर अभियोजन का आधार कमजोर कर दिया। अदालत ने यह भी कहा कि इलियास की जम्मू तवी की टिकटें, या उसकी डायरी में 'सलीम करी' नाम का होना, किसी भी रूप में उसे बम लगाने की साजिश से नहीं जोड़ता। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत सबूत इतने कमजोर थे कि बिना पुलिस के इक़बाल-ए-जुर्म के मामले में इलियास के खिलाफ कुछ भी ठोस नहीं बचता था। फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा कि इतना गंभीर मामला होने के बावजूद, जिसमें 18 निर्दोष लोगों की जान गई थी, कानून के अनुसार दोष सिद्ध किए



बिना किसी को सज़ा नहीं दी जा सकती। अदालत ने यह भी लिखा कि वह 'भारी मन से' यह बरी करने का आदेश दे रही है, क्योंकि घटना समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली थी। अंत में हाईकोर्ट ने 2013 में ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई उम्रकैद और अन्य सजाएँ रद्द कर दीं और आदेश दिया कि यदि किसी अन्य मामले में आवश्यक न हो, तो इलियास को तुरंत रिहा कर दिया जाए। रिहा होने के बाद उसे धारा 437-A CrPC के तहत व्यक्तिगत बॉन्ड और दो जमानतदार देने होंगे। इस तरह लगभग तीन दशकों पुराने इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माना कि अभियोजन पक्ष दोष सिद्ध करने में विफल रहा, और कानून के मुताबिक इलियास को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया।

# अल फलाह ग्रुप के चेयरमैन को 13 दिनों की ईडी रिमांड, जांच एजेंसी बोली- यूनिवर्सिटी ने धोखे से कमाए 415 करोड़ रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली स्थित साकेत कोर्ट ने अल फलाह विश्वविद्यालय के संस्थापक जवाद अहमद सिद्दीकी को 13 दिन की प्रवर्तन निदेशालय रिमांड में भेज दिया है। वह 1 दिसंबर तक रिमांड में रहेंगे। न्यायालय ने उल्लेख किया कि ईडी ने विस्तृत वित्तीय विश्लेषण पेश किया, जिससे पता चलता है कि वित्त वर्ष 2018-19 से 2024-25 के बीच अल-फलाह संस्थानों ने शिक्षा-संबंधी प्राप्तियों के रूप में लगभग 415.10 करोड़ रुपये कमाए। ईडी का तर्क है कि यह धन अपराध से अर्जित आय है, क्योंकि इसे उस अवधि के दौरान संग्रहित किया गया जब विश्वविद्यालय अपने मान्यता और वैधानिक दर्जे के बारे में सार्वजनिक रूप से गलत जानकारी दे रहा था। न्यायालय ने यह भी देखा कि यह धन कथित तौर पर सीधे धोखाधड़ी, जालसाज़ी और फर्जी दस्तावेजों के उपयोग जो कि PMLA के तहत अनुसूचित अपराध हैं के माध्यम से प्राप्त किया गया। श्वष्ठ की बातों को देखने के बाद कोर्ट ने माना कि जांच अभी 'शुरुआती स्टेज' में है, कहे जा रहे फाइनेंशियल अपराध 'गंभीर' हैं, और क्राइम की आगे की कार्रवाई का पता लगाने, खराब एसेट्स को खत्म होने से रोकने, और गवाहों पर असर डालने या इलेक्ट्रॉनिक और फाइनेंशियल रिकॉर्ड को नष्ट करने से बचने के लिए कस्टोडियल पूछताछ ज़रूरी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लाल किला कार विस्फोट मामले में जांच के दौरान फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय के न्यासियों और प्रवर्तकों के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को छापेमारी करने के बाद समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया था। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने सुबह करीब सवा पांच बजे शुरू की तलाशी के दौरान




48 लाख रुपये नकद भी जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी की कई टीम ने अल फलाह ट्रस्ट और विश्वविद्यालय प्रतिष्ठान के कम से कम 25 परिसरों की तलाशी ली। एजेंसी के दलों ने दिल्ली के ओखला क्षेत्र में एक कार्यालय पर पुलिस और अर्धसैनिक बलों की सुरक्षा में छापा मारा। अल फलाह विश्वविद्यालय हरियाणा में फरीदाबाद जिले के धौज क्षेत्र में स्थित है और यह एक मेडिकल कॉलेज-सह-अस्पताल है।

### अनियंत्रित कार और स्कूटी की पीछे से हुई टक्कर में स्कूटी चालक घायल



**ब्यूरो प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज यमुनापार तहसील व थाना बारा क्षेत्र के अंतर्गत रिगवा तिराहे पर एक वैगन आर कार में स्कूटी सवार युवती पीछे से जा घुसी। जिसमें स्कूटी सवार तीनों लोगों को चोट लगी है, जिसमें स्कूटी चालक युवती को अधिक चोट लगी है, उसकी नाक और मुंह से खून निकलने लगा था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोक नगर चौराहे के रहने वाले एक भाई और दो बहनें अपनी स्कूटी से झलवा,प्रयागराज की ओर जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, तीनों भाई बहन झलवा स्थित किसी कॉलेज में पढ़ाई लिखाई करते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आगे जा रही वैगन आर कार के अचानक ब्रेक मारने से स्कूटी चला रही छोटी बहन असहज होकर पीछे से वैगन आर कार में जा भिड़ी। टक्कर लगने से उसकी नाक और मुंह से खून निकलने लगा। जैसे ही घटना घटी, वैगन आर कार चालक मौके से भाग निकला। प्राथमिक उपचार कराने के बाद तीनों भाई बहन प्रयागराज की ओर चले गए। स्कूटी काफी क्षतिग्रस्त हुई है।

### ससुराल में युवक के 20 हजार रुपए छीने गए और की मारपीट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के भरहरा गांव निवासी विजय कुमार के साथ ससुराल में हुई मारपीट और रुपए लूटने का मामला अब गंभीर रूप ले चुका है। पीड़ित ने घटना को लेकर कौंधियारा थाने में तहरीर देकर पूरे प्रकरण का खुलासा किया। तहरीर में लगाए गए आरोप बेहद सनसनीखेज और चिंता जनक हैं।पीड़ित विजय कुमार के अनुसार रविवार की रात उसकी पत्नी फूला देवी के परिवार की ओर से उसे धौनेहा गांव,थाना बरगढ़, चित्रकूट आने के लिए फोन किया गया था।उसे लगा कि किसी पारिवारिक मुद्दे पर बातचीत करनी होगी,लेकिन जैसे ही वह गांव पहुंचा उसके साथ विश्वासघात करते हुए अचानक हमला कर दिया गया विजय कुमार का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने उसे साजिश के तहत बुलाया,और पहुंचते ही उस पर टूट पड़े।तहरीर में उसने आरोप लगाया कि ससुर,सास,पत्नी और दो अज्ञात व्यक्तियों ने मिलकर गालियां देते हुए उसे लात-घूंसों एवं डंडों से बेरहमी से पीटा। पीड़ित के मुताबिक जिस तरह से उस पर हमला किया गया उससे साफ था कि उसे जान से मारने की कोशिश की गई थी।मारपीट के दौरान उसकी पत्नी ने उसके पास रखे 20



हजार रुपए भी छीन लिए।घटना के दौरान वह अकेला था,और किसी तरह अंधेरे का सहारा लेकर जान बचाकर वहां से भाग लिया।विजय कुमार ने बताया कि लगभग 6 वर्ष पहले उसकी फूला देवी से कोर्ट मैरिज हुई थी,और उनका एक ढाई वर्ष का बेटा भी है,लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष उसके साथ आए दिन विवाद खड़ा करता रहा।कई बार बातचीत के जरिए मामला सुलझाने की कोशिश की गई,लेकिन रविवार को हुई इस घटना ने उसकी चिंता को और गहरा कर दिया।मामले पर थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मिली है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि घटना बरगढ़ थाना क्षेत्र की है,जिसके चलते पूरे मामले को संबंधित थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है।पुलिस का कहना है कि जिस तरह से यह कार्य किया गया है उसकी जांच पड़ताल कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मदर्स लर्निंग पब्लिक स्कूल, रिखिया में नमिता बसु पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**देवघर, झारखंडः-** मदर्स लर्निंग पब्लिक स्कूल, रिखिया में मंगलवार को नमिता बसु पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही स्कूल परिसर में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता में प्राथमिक से लेकर उच्च वर्ग तक के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया और सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय तथा रचनात्मक विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपूर्ण चित्र प्रस्तुत किए। बच्चों की कल्पनाशक्ति, रंगों का संयोजन और चित्रांकन की बारीकियों ने अतिथियों एवं अभिभावकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। स्कूल प्रबंधन के अनुसार प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कला के प्रति रुचि जागृत करना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना तथा अभिव्यक्ति के नए अवसर उपलब्ध कराना है। प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उनकी सोच को व्यापक बनाते हैं और उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न वर्गों के विजेताओं को प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आदर्श लक्ष्य ने कहा कि 'कला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि बच्चों के मानसिक विकास की महत्वपूर्ण प्रक्रिया का हिस्सा है। आज बच्चों ने अपनी जो कल्पनाशीलता और रचनात्मकता प्रदर्शित की है, वह देवघर के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत संकेत है। 'उन्होंने आगे कहा कि विद्यालयों में आयोजित ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं और उनके कौशल को निखारने में सहायक होती हैं। साथ ही उन्होंने स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। विजेता छात्रों में पुरस्कार प्राप्त करने की खुशी साफ झलक रही थी। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मेयर पद के लिए आरक्षण नीति पर हाई कोर्ट ने हेमंत सरकार से मांगा जवाब




**रांची।** हाई कोर्ट चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में नगर निगम चुनाव में मेयर का पद दो वर्गों (आरक्षण) में बांटने के राज्य सरकार के प्रविधान के खिलाफ दाखिल याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी। इस संबंध में शांतनु कुमार चंद्रा ने याचिका दाखिल की है। प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया कि संविधान के प्रविधानों के खिलाफ राज्य सरकार ने मेयर के पद को दो वर्गों में बांट दिया है। सरकार कार्यपालक आदेश जारी कर इस तरह का प्रविधान नहीं कर सकती है। सरकार का यह निर्णय असंवैधानिक है। इसे निरस्त किया जाना चाहिए। नगर निगम के चुनाव में मेयर के पद को अलग-अलग निगमों के लिए वर्गीकृत नहीं किया जा सकता। प्रार्थी ने जनसंख्या के आधार पर धनबाद में मेयर का पद अनारक्षित किए जाने एवं गिरिडीह में मेयर का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किए जाने की सरकार की नीति का विरोध किया है। अदालत को बताया गया कि राज्य सरकार ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर राज्य के कुल नौ नगर निगम को दो भागों वर्ग क एवं ख में बांट दिया है। वर्ग क में रांची एवं धनबाद को रखा गया है, शेष अन्य नगर निगम को वर्ग ख में रखा गया है। नगर निकाय चुनाव वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर कराया जा रहा है। प्रार्थी का कहना है कि वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार धनबाद में अनुसूचित जाति की आबादी करीब दो लाख है। वहां मेयर का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होना चाहिए था, लेकिन धनबाद में मेयर का पद अनारक्षित कर दिया गया। गिरिडीह में अनुसूचित जाति की जनसंख्या मात्र 30 हजार है, लेकिन वहां मेयर का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कर दिया गया।

# बलिया में एसपी ने लिया एक्शन दरोगा समेत पूरी चौकी सस्पेंड:शराब तस्करों से 20 हजार ऑनलाइन मंगाए, वसूली के स्क्रीन शॉट वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** शराब तस्करों से पुलिस की वसूली की वॉट्सऐप चैट सामने आने के बाद बड़ा एक्शन हुआ है। एसपी ओमवीर सिंह ने दरोगा समेत 4 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। तस्करों से वसूली के इस खेल में पूरी पुलिस चौकी शामिल थी।चैट में दरोगा ने तस्करों से 2 लाख रुपए मांगे थे। इसमें से 20 हजार रुपए ऑनलाइन पेमेंट ले लिए, जबकि 1.80 लाख और मांग रहा था। दरोगा और तस्करों की चैट और ऑनलाइन पेमेंट का स्क्रीन शॉट सामने आया है।मामला रेवती थाना क्षेत्र के गोपाल नगर पुलिस चौकी का है। चौकी इंचार्ज स्ब्ह शुभेन्द्र सिंह, कॉन्स्टेबल विकास कन्नौजिया, अफसर अली और पवन वर्मा सस्पेंड किए गए हैं। बिहार में शराबबंदी के बाद कई सालों से रेवती थाना क्षेत्र में सरयू नदी और गंगा नदी के रास्ते शराब की तस्करी होती है। इसके अलावा सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से होकर ट्रेनों के माध्यम से भी तस्करी की बात सामने आती रहती है। तस्करों के साथ पुलिस की साठगांठ को लेकर सामने आई वॉट्सऐप चैट से बलिया पुलिस की किरकिरी हो रही है।

**अब पढ़िए पूरा मामला...**

मंगलवार की शाम को सोशल मीडिया पर गोपालनगर के रहने वाले मनोज नाम के शख्स ने दरोगा और तस्करों की चैट वायरल की। उसके साथ ही तस्करी का वीडियो भी अपलोड किया। जिसपर लोगों ने बलिया पुलिस को टैग करना शुरू कर दिया।इसके बाद एसपी खुद एक्टिव हुए और मामले की जांच सीओ बैरिया मो. फहीम कुरैशी को सौंप दी। सीओ ने आज जांच के बाद एसपी को वॉट्सऐप चैट सही पाए जाने की रिपोर्ट भेजी। एसपी ने दरोगा और 3 सिपाही पर तुरंत एक्शन लिया। दावा है कि ये शख्स शराब तस्करी कर ले जा रहा है।

**अब पढ़िए वॉट्सऐप चैट...**

DDDK नाम के वॉट्सऐप नंबर से चौकी इंचार्ज शुभेंद्र सिंह और गोपालनगर पुलिस चौकी के नंबर से अलग-अलग चैट के स्क्रीन शॉट सामने आए। जिसमें शराब तस्करी के लिए रुपयों के लेनदेन की बातचीत हुई है। चैट की शुरुआत 13 जुलाई से होती है। दरोगा शुभेंद्र सिंह ने तस्कर को मैसेज किया। अपने जानने वाले मोहम्मद असलम का अकाउंट नंबर दिया।

**दरोगा :** 2 लाख रुपए और दे दो, इसके बाद फिर देना। तस्कर : अभी बिहार में हैं। इसके बाद दरोगा ने उसे कई बार वॉट्सऐप कॉल की। इसी दिन 20 हजार रुपए असलम के खाले में आ गए। दरोगा ने 14 जुलाई को फिर मैसेज किया।

**दरोगा :** ऑनलाइन वाला डाल दो, उसी में 30,' और कब डालोगे। 50 कैसे भी डलवा दो, 30 बोल रहे हैं, उसमें भेज दो, तुमको समझ नहीं आ रहा है। 30 उसमें डलवा दो, दूसरे से निकलवाए थे। कब भेजोगे उसको बता दूं।

**तस्कर :** बस कुछ देर में डाल रहे हैं। वो लड़का 8 बजे के लिए बोला है।

इसके बाद दरोगा ने 16 जुलाई को मैसेज किया। दरोगा ने लिखा- भाई मेरी बात नहीं, थाने के लोग हैं, हम तुम्हारी गारंटी लिए थे। बोल दो कि काम करना है रोज, एक बार तो करना नहीं है। हम सिस्टम बना रहे हैं और अच्छा कि और कम रेट मिले। इन्हीं चैट चैट सामने आने के बाद तत्काल बलिया पुलिस ने एक्शन लिया। मैप से




समझिए बलिया में सरयू और गंगा के रास्ते बिहार में शराब की तस्करी कैसे होती है। एसपी ओमवीर सिंह ने बताया थाना रेवती की चौकी गोपाल नगर का शराब तस्करी से सम्बन्धित वॉट्सऐप चैट वायरल होने के बाद सीओ बैरिया से जांच कराई गई। रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर गोपाल नगर चौकी प्रभारी दरोगा शुभेंद्र सिंह सहित गोपाल नगर चौकी के समस्त 3 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। थाना इंचार्ज रेवती के भूमिका की जांच अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर कर रहे हैं। जल्दी ही और लोगों पर एक्शन लिया जाएगा।

## कोनरा पंचायत मुख्यालय में पीएम किसान सम्मान निधि की 11वीं किस्त का लाइव प्रसारण

● किसानों की आय बढ़ाने व आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए केंद्र कर रही है निरंतर पहल : पीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के कोनरा पंचायत भवन में बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 11वीं किस्त का सीधा प्रसारण डिजिटल पंचायत वीएलई जयदीप कुमार सिन्हा द्वारा कराया गया. प्रसारण देखने के लिए पंचायत क्षेत्र के दर्जनों किसान उपस्थित हुए जिसमे महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। उपस्थित किसानों में रफीदा खातून, ललिता देवी, खरगू महतो, जीवलाल महतो, सुनीता देवी, साजदा खातून, रसूलन प्रवीण सहित आदि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा केंद्र के कंप्यूटर ऑपरेटर सबिता कुमारी ने बेहतर ढंग से किया। लाइव प्रसारण के दौरान किसानों ने पीएम के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उनकी समृद्धि के बिना भारत का विकास संभव नहीं। सरकार छोटे किसानों को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है और पीएम किसान योजना किसानों की आर्थिक स्थिरता का मजबूत आधार है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की आय बढ़ाने तथा आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार निरंतर नई पहलें कर रही है। कार्यक्रम में शामिल किसानों ने योजना से मिलने वाले लाभ की जानकारी ली और डिजिटल माध्यम से प्रसारण किए जाने की सराहना किया।

### धनबाद के नीरज सिंह हत्याकांड में संजीव सिंह सहित 10 को नोटिस

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस पीके मिश्रा की अदालत में धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या मामले में बरी हुए पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह के खिलाफ पीड़ित पक्ष की अपील पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने पूर्व विधायक संजीव सिंह सहित अन्य को नोटिस जारी किया है। अदालत ने मामले में लोअर कोर्ट रिकार्ड (एलसीआर) मंगाने का निर्देश दिया है। प्रार्थी इंदू देवी ने अपील दायर कर निचली अदालत के रिहाई के आदेश को चुनौती दी है। निचली अदालत ने संजीव सिंह सहित 10 आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी करने का आदेश दिया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने पक्ष रखा। 21 मार्च 2017 को नीरज सिंह, चंद्रप्रकाश महतो, अशोक यादव और मुन्ना तिवारी को धनबाद के स्टील गेट पर गोलियों भून दिया गया था। नीरज के भाई अभिषेक सिंह ने इस मामले में संजीव सिंह, जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह, गया सिंह, महंत पांडेय और सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह को आरोपित बनाया था। बाद में अन्य आरोपितों का नाम भी इस हत्याकांड में जुड़ा और गिरफ्तारियां हुई थीं। इस मामले में संजीव सिंह को लगभग आठ साल बाद सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी। उसके बाद धनबाद के लोअर कोर्ट का फैसला आया, जिसमें संजीव सिंह सहित सभी 10 आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी किया था।

### मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि ने किया केदारूत पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वेटर का वितरण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हज़ारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। यह वितरण मुखिया सरिता देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने अपने हाथों से वितरण किया केदारूत मुखिया सरिता देवी ने बताया कि केदारूत आंगनबाड़ी केंद्र भाग- 1, 25 बच्चों कजरा आंगनबाड़ी केंद्र में 25 कटिऔन आंगनबाड़ी केंद्र 35 नन्हे- मुन्हे बच्चों के बीच ठंड को देखते स्वेटर का वितरण किया गया है। मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पहली शिक्षा दी जाती है, जहां केंद्र की सेविकाओं के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के अलावा गर्भवती, धात्री महिलाओं को गृह भ्रमण कर पूरक पोषाहार लेने और खान पान के बारे में जानकारी दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं ने बताया कि ठंड को देखते हुए संबंधित विभाग के द्वारा गरम स्वेटर उपलब्ध कराया गया है मौके पर उपस्थित मुखिया सरिता देवी मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह केदारुत आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका अनिता देवी कजरा आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका अस्मिता देवी कटिऔन आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका चन्चू देवी ममता देवी रेखा देवी रामवृक्ष सिंह रिंकू देवी संजय सिंह सहित आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे एवं अभिभावक मौजूद थे।

## झारखंड में 21 नवंबर से पंचायत स्तरीय जनता दरबार को लेकर ग्रामीणों में बढ़ी उत्सुकता

●मोंगलाबांध पंचायत सचिवालय में होगा 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** राज्य सरकार द्वारा आगामी 21 नवंबर से सभी जिलों में शुरू किए जा रहे पंचायत स्तरीय जनता दरबार को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इसी क्रम में पाकुड़ जिला अंतर्गत जनजातीय प्रखंड पाकुड़िया के मोंगलाबांध पंचायत सचिवालय में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, फिलहाल प्रखंड के अन्य 17 पंचायतों में इसी स्तर के जनता दरबार आयोजित किए जाने को लेकर जिला मुख्यालय से निर्देश की प्रतीक्षा है। मोंगलाबांध पंचायत में होने वाले कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें विभागीय अधिकारी ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देंगे और योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मईया सम्मान, वृद्ध एवं वृद्धावस्था पेंशन, आधार कार्ड, राशन कार्ड, कृषि, मत्स्य, आंबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, पोषण, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं से जुड़े स्टॉल लगाए जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहल काफी लाभकारी है और इससे जरूरतमंदों को योजनाओं का सीधा लाभ मिलता रहा है। हालांकि, कई ग्रामीणों ने कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता भी जताई, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। मिल रही प्रतिक्रियाओं के अनुसार, मुख्यमंत्री मईया सम्मान, वृद्ध/वृद्धा पेंशन, आंबुआ आवास, राशन योजना जैसी योजनाओं से




अब तक वंचित पात्र लाभुकों को प्राथमिकता देने की अपेक्षा ग्रामीणों ने व्यक्त की है। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए, ताकि योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण हो सके। इस कार्यक्रम को लेकर विशेषकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीण समुदाय को उम्मीद है कि सरकार की ये पहल गरीब, असहाय और वंचित लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी और उनके जीवन को अधिक समृद्ध बनाने में मददगार साबित होगी।

## करों प्रखंड के सालतर गांव में इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा हुई आयोजित

●कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने तस्वीर पर माल्यार्पण कर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**करों, देवघर, झारखंडः-** करों प्रखंड के सालतर गांव में बुधवार को कांग्रेस कमेटी एवं प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर एक सादे समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रानीडीह, विरेनगड़िया, गंजोबारी, करों और वदिया सहित आसपास के पंचायतों के दर्जनों सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने इंदिरा प्रियदर्शिनी के चित्र पर पुष्प-माला अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धनंजय पांडेय ने कहा कि इंदिरा गांधी एक संघर्षशील एवं दृढ़ निश्चयी महिला थीं, जिन्हें विश्व में 'आयरन लेडी' के नाम से जाना जाता है। उनके नेतृत्व में देश का गौरव बढ़ा और विदेश नीति को नई दिशा मिली। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं से देश के लाखों लोगों को लाभ मिला।

प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने इंदिरा गांधी के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने गरीबों के उत्थान के लिए गरीबी हटाओ जैसे प्रभावशाली नारे को बुलंद किया और बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि 1971 के युद्ध में उनके सशक्त नेतृत्व के कारण बांग्लादेश का गठन



संभव हो सका। उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में विश्व के कई देशों के साथ भारत के संबंध सौहार्दपूर्ण रहे। इस अवसर पर अजीत पंडित, चंद्रदेव दास, भूदेव तुरी, सुरेश रजवार, शिवशंकर पांडेय, सत्यनारायण तुरी 'भीम तुरी', सागर दास सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर पूर्व प्रधानमंत्री के योगदान को याद किया और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## श्रीराम जानकी मंदिर की संपत्ति के फर्जी वसीयत मामले में प्राथमिकी दर्ज, न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** शहर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर राजेश कुमार सिंह, सुरेश कुमार सिंह निवासी भृगु आश्रम, थाना कोतवाली तथा मनोज कुमार सिंह निवासी मिश्र नेउरी, थाना कोतवाली के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने यह कार्रवाई छोटकी मठिया के महंथ सत्यदेव दास चेला महावीर दास श्रीराम जानकी, लक्ष्मण मंदिर (छोटकी मठिया) मिश्र नेउरी कदम चौराहा थाना कोतवाली के आवेदन पर कोर्ट के आदेश पर किया है। महंथ सत्यदेव दास का कहना है कि उनके गुरु स्वर्गीय महावीर दास को मंदिर की चल अचल संपत्ति की वसीयत 4 जून 1992 को तत्कालीन महंथ श्रीराम प्रसाद दास द्वारा की गई थी। वसीयत के पैरा 5 में श्रीराम प्रसाद दास की तरफ से महावीर दास पर पाबंदी लगाई गई थी कि महावीर दास इस संपत्ति को न तो बेच सकते हैं न हस्तांतरण कर सकते हैं, न उस पर किसी प्रकार का भार पैदा कर सकते हैं, न वसीयत की मूल भावना के खिलाफ




कोई कार्य कर सकते हैं। आरोप है कि मंदिर की चल व अचल संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए राजेश कुमार सिंह निवासी नागाजी मठ गली भृगु आश्रम ने कूटरचित नोटरी वसीयतनामा 31 मार्च 2021 को तैयार कराया। गवाह के रूप में अपने भाई सुरेश कुमार सिंह तथा मनोज कुमार सिंह निवासी मिश्र नेउरी थाना कोतवाली को साजिश में शामिल करके हस्ताक्षर करवाया। मंदिर की चल व अचल संपत्ति का तनहा मालिक व काबिज होने के लिए इस नोटरी वसीयतनामा का असली के रूप में उपयोग करते हुए न्यायालय सिविल जज (जूडि) पूर्वी, बलिया के न्यायालय में मुकदमा संख्या 1791/2021 राजेश कुमार सिंह बनाम सुरेश कुमार सिंह में दाखिल कर दिया। मुकदमा में वादी व प्रतिवादी सहोदर भाई हैं। मुकदमे में मैंने और स्थानीय भक्तों ने अपना पक्ष रखने के लिए प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया। इसके बाद वादी मुकदमा राजेश कुमार सिंह ने मुकदमा वापस ले लिया। इस प्रकार राजेश कुमार सिंह, सुरेश कुमार सिंह व मनोज कुमार सिंह ने फर्जी वसीयतनामा तैयार करने व उसका असली के रूप में उपयोग करने का अपराध किया। सदर कोतवाल क्षितिज त्रिपाठी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मार्खम कॉलेज में नशा उन्मूलन और नियंत्रण पर चलाया गया जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** स्थानीय मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में प्राचार्य डॉ रंजीत कुमार के निर्देश पर नार्को कोऑर्डिनेशन कमेटी के तहत नशा उन्मूलन और नियंत्रण के लिए विद्यार्थियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने तंबाकू,सिगरेट, शराब, नशीली दवाइयाँ आदि के दुष्प्रभावों को बतलाया। इस अभियान में कॉलेज की ओर से निबंध और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषण में विद्यार्थियों ने अपने विचार रखते हुए नशा जैसी गम्भीर सामाजिक बुराई से स्वयं दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर नार्को कोऑर्डिनेटर डॉ. मर्सी अंजना तिर्की ने नशा के दुष्प्रभावों को विस्तार से बताया। कॉलेज की नशा उन्मूलन की नोडल पदाधिकारी प्रो. काजल किरण ने नशा उन्मूलन की व्यापक उपयोगिता पर



जोर देते हुए नशा मुक्त समाज बनाने में विद्यार्थियों के योगदान की बात कही।कार्यक्रम को सफल बनाने में नार्को कमेटी के सदस्य प्रो आकांक्षा एक्का, प्रो अंतर गुप्ता, डॉ कल्पना छाया लकड़ा, प्रो अनुभव स्टेफी तिर्की ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। नुक्कड़ नाटक में विद्यार्थियों में मुख्य रूप से श्रुति कुमारी, मुस्कान कुमारी, सृष्टि कुमारी, अंकिता कुमारी, महक कुमारी, प्रिया कुमारी, निहारिका कुमारी ने मुख्य रूप से भूमिका अदा की। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक,शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### विद्यार्थी परिषद ने स्त्री शक्ति दिवस पर किया संगोष्ठी का आयोजन

**चित्रकूटः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा बुधवार को सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में स्त्री शक्ति दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अभाविप पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय ने छात्राओं को समाज में नारी की भूमिका, नेतृत्व, शिक्षा तथा आत्मनिर्भरता पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति केवल परिवार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत धुरी है। विद्यालय की छात्राओं ने भी विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए और अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन आनंद जायसवाल ने किया। इस मौके पर तहसील प्रमुख अनुराग शुक्ला, जिला संगठन मंत्री संकल्प कुशवाहा, जिला संयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी, नगर सह मंत्री अंशु यादव आदि मौजूद रहे।

## जिला अनुकंपा चयन समिति की बैठक में 8 आश्रितों को नौकरी की मिली मंजूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कार्यालय सभागार में जिला अनुकंपा चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान समिति के समक्ष आवेदकों के सभी आवेदनों की विस्तृत रूप से जांच की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और एनओसी समेत अन्य ज़रूरी दस्तावेजों की जानकारी ली। बैठक में आवेदकों द्वारा दिए गए आवेदनों के साथ-साथ अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, आवासीय, चरित्र प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, विभागीय निदेश एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गयी। जांच के उपरांत अहर्ता पूर्ण कर




रहे आवेदनों को स्वीकृत करते हुए अनुकंपा पर नियुक्ति हेतु समिति ने अनुशंसा की। अनुकंपा समिति में कुल 9 आवेदनों पर जांच-पड़ताल करने के पश्चात 08 आश्रितों को नौकरी देने का निर्णय लिया गया। वहीं एक आवेदक के मामले में संबंधित विभाग को जांचोपरांत अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अनुशंसित 08 अभ्यर्थियों में वर्ग-III निम्नवर्गीय लिपिक पद के लिए मो. इम्तियाज वारसी, मीमांसा गुप्ता, रोहित कुमार, ललिता कुमारी, सुमन कुमार, ईशांश रंजन, कृति प्रकाश और समूह 'घ' वर्ग-IV पद के लिए सौरभ कुमार का चयन किया गया है। बैठक में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के अलावा उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, स्थापना पदाधिकारी मां देवप्रिया, जिला कल्याण पदाधिकारी मुरली यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## कोन पुलिस को मिली बड़ी सफलता, गैंगेस्टर एक्ट के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय भेजा



**कोन / सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, कोन पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तारी के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी और संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग हेतु गठित टीमों द्वारा थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में, पुलिस टीम ने बोदार पेट्रोल पंप के पास, ग्राम बोदार की सीमा में घेराबंदी की।इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो वांछित अभियुक्त भागने की फिराक में हैं। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मु0अ0स0 230/25 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद अधिनियम (गैंगेस्टर एक्ट) थाना कोन से संबंधित निम्नलिखित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया असार पुत्र अजीमुद्दीन, निवासी - पड़रछ टोला कुडवा इस्लामनगर, थाना कोन, जनपद सोनभद्र। विमल चौधरी उर्फ जोखू चौधरी पुत्र राजीय उर्फ राजू चौधरी, निवासी - देवगाना टोला हडकुडी, थाना मेराल, जनपद गढ़वा, झारखण्ड। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना कर दिया है।

## विश्व धरोहर सप्ताह का नेमवि में हुआ शुभारंभ



**ललितपुर।** विश्व धरोहर सप्ताह पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण झांसी मंडल द्वारा नेहरू महाविद्यालय में सांस्कृतिक जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चित्रकला प्रतियोगिता, भारत के विश्व विरासत स्थलों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति आदि का आयोजन किया। प्रतियोगिता में नेमवि के समस्त विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारतीय एवं बुंदेलखंड की धरोहरों एवं स्मारकों का चित्रांकन किया एवं चित्रांकन के उपरांत छात्र-छात्राओं को छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया। मुख्य अतिथि डीएम सत्य प्रकाश, विशिष्ट अतिथि डा.रमेश किलेदार, प्रबंधक प्रदीप चौबे, प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री उपस्थित रहे। संचालन अधीक्षण पुरातत्वविद डा.प्रवीण सिंह ने किया।

## सफेद एज-लाइन मार्किंग व फुटपाथ निर्माण की मांग

**अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**ललितपुर।** शहर में यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाते हुये मुख्य मार्ग पर फुटपाथ निर्माण, सफेद एज लाइन मार्किंग और नो पार्किंग चालान पर अस्थाई रोक लगाये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल पंजी. के जिलाध्यक्ष सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में एक ज्ञापन एडीएम अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा गया। हाल में निर्मित हुयी मुख्य बाजार की सड़क के दौरान निर्धारित फुटपाथ को समाप्त किया गया है, जिसके चलते सड़क सीधे दुकानों से सटकर बनायी गयी है। इस कारण दुकानों के सामने ग्राहकों, व्यापारियों के लिए कुछ क्षण भी वाहन रखना कठिन हो गया है। वर्तमान में ट्रैफिक पुलिस द्वारा भी लगातार नो-पार्किंग के चालान किए जा रहे हैं, जिससे लोगों में अनावश्यक भय का वातावरण बना हुआ है और व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने चार सूत्रीय मांगों को उठाते हुये इनके निस्तारण की मांग जिला प्रशासन से की। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, आरिफ पठान, दीपक जैन, पप्पू करीम राइन, सचिन नामदेव, धनुषराम यादव, इमदाद पठान, परमानंद, पप्पू रजक, बृजेश ताम्रकार, सौरभ जैन, दशरथ कुशवाहा, इब्राहिम, राधे चौरसिया, दीपक पंडा, सुनील तिवारी, सुनील पटेरिया, अमित राठौर, जितेंद्र यादव, धीरज कुशवाहा, कालू ताम्रकार, इदरीश राईन, राकेश जैन आदि मौजूद रहे।

# गयारतवल में नई सहकारी समिति कुशी के गठन को मिली स्वीकृति, किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**राबर्टसगंज, सोनभद्र।** सहायक आयुक्त सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देशानुसार, बीपैक्स (BPACS) गयारतवल की वार्षिक सामान्य बैठक बुधवार को समिति भवन पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से एक नई सहकारी समिति के गठन का महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया है।समिति के अध्यक्ष बैजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान समिति गोदाम से कई गाँव काफी दूर स्थित हैं। इन दूरस्थ गाँवों के किसानों को समिति से जुड़े कार्यों के लिए लगभग पंद्रह से बीस किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें अत्यधिक परेशानी होती है। किसानों की इस समस्या को देखते हुए, बैठक में सर्वसम्मति से एक नई बीपैक्स कुशी के गठन का प्रस्ताव किया गया। इस नए केंद्र की स्थापना से दूर-दराज के किसानों को उनके नजदीक ही सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। बैठक में उपस्थित एडीसीओ (ADCO) सदर अवधेश सिंह ने सभी सदस्यों को सहकारी समितियों के गठन, उनके मुख्य उद्देश्य और कार्यकलापों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियाँ हमेशा किसानों के हर सुख-दुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहती हैं और उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करती हैं। समिति के सचिव महेंद्र सिंह पटेल ने उपस्थित सदस्यों को समिति के व्यवसाय, वित्तीय लेखों तथा वर्तमान में समिति में खुले धान क्रय केंद्र के संचालन के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इस दौरान, उन्होंने सदस्यों द्वारा दी गई शिकायतों और महत्वपूर्ण सुझावों को भी दर्ज किया, जिन पर आगामी समय में कार्रवाई की जाएगी।बैठक के दौरान, समिति सदस्यों और क्षेत्रीय किसानों के समक्ष प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी कराया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर इफको (IFFCO) के एसएफए अवनीश पांडेय भी अपने सहकर्मियों के साथ उपस्थित रहे।बैठक में अध्यक्ष बैजनाथ सिंह, सचिव महेंद्र सिंह, संजय समेत बड़ी संख्या में समिति के सदस्य और स्थानीय कृषक मौजूद थे।

# सदर कोतवाली का एसपी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण कर परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, सीसीटीएनएस कक्ष आदि को देखा और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कोतवाली कार्यालय/मिशन शक्ति केंद्र से संबंधित रजिस्टरों को चेक कर, उनका, उचित व व्यवस्थित रख-रखाव करने को कहा गया। मुकदमों से संबंधित लंबित माल का विधिक व निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व कोतवाली क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम को नियमित रूप से कॉलेजों, स्कूलों आदि जगहों पर जाकर महिलाओं, बच्चियों को महिला अपराध संबंधी हेल्पलाइन नम्बरों 1090 आदि से जागरूक करने तथा महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन अपने-अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया, जिससे कि महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को अक्षरशः अनुपालन कराया जाये। प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सरार्फा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि की पेट्रोलिंग/पिकेट के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फर्राटे भरने वाले आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# रानी लक्ष्मीबाई व इंदिरा गांधी जयंती मनाई

**●कांग्रेसजनों ने इंदिरा चौराहे पर दोनों महानायिकाओं को किया नमन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** वीरता, त्याग और राष्ट्रनिर्माण की प्रतीक दो महानायिकाओं महारानी लक्ष्मीबाई एवं भारत की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती महरौनी में कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धा और प्रेम सम्मान के साथ मनाई गई। इंदिरा चौराहे पर आयोजित गरिमामयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेताओं व युवा कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर दोनों महान विभूतियों को नमन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष डॉ. दयाराम रजक ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक, पंडित आसाराम तिवारी, कमल सिंह, जाहर सिंह, अखिलेश मलैया, अभिषेक सिंघई, हल्करन, चंचल, पृथ्वी सिंह, मुनीर खान, दया शंकर रजक, बाबूलाल नायक, लक्ष्मी पटेरिया, राकेश सेन, नगर अध्यक्ष कमलेश खरे, रब्बी, राजा, रमेश, जयप्रकाश रजक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वीरांगना लक्ष्मीबाई भारतीय साहस और स्वतंत्रता संग्राम की अद्वितीय प्रतीक रहीं, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध अपने प्राणों की आहुति तक दे दी। वहीं इंदिरा गांधी का योगदान आधुनिक भारत के विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और मजबूत नेतृत्व के लिए सदैव याद किया जाएगा। दोनों महान नारियों ने देश की अस्मिता, स्वाभिमान और शक्ति को नई दिशा देने का कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में सभी कांग्रेसजनों ने दोनों महान हस्तियों के आदर्शों और पदचिह्नों पर चलकर राष्ट्र निर्माण तथा जनसेवा के संकल्प को दोहराया।

# आंशि मिश्रा ने किया घुवारा में महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व

**●अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर क्रांति गौंड द्वारा मध्यप्रदेश के घुवारा में आयोजित कराया जा रहा टी-ट्वेंटी टूर्नामेंट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मड़ावरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य व हाल ही में महिला वर्ल्डकप टीम की सदस्य रहते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने बाली बुंदेलखंड की बेटी क्रांति गौंड से मड़ावरा निवासी अनीत मिश्रा की सुपुत्री आंशि मिश्रा ने भेंट की। इस दौरान क्रांति गौंड द्वारा मध्यप्रदेश के कस्बा घुवारा में आयोजित कराए जा रहे महिला टी-ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट में आंशि मिश्रा को घुवारा की ओर से खेलने का मौका मिला, साथ ही उन्हें कप्तान के रूप में टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए भी देखा गया। इस दौरान बल्लेबाजी के चलते आंशि ने गेंदबाजों को खूब छकाया। जिससे जुड़े हुए वीडियो इनदिनों शोसल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे। तो वहीं उनके प्रशंसक घर पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे।

आंशि मिश्रा के पिता अनीत मिश्रा ने बताया कि वह किसान परिवार से जुड़े व्यक्ति हैं और वह कस्बा मड़ावरा के समीपस्थ ग्राम सोंरई के मूल निवासी हैं, लेकिन उनकी बेटी को बचपन से ही क्रिकेट खेलने का शौंख रहा है। जिसका सपना है कि वह आगे जाकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेले, इसके लिए वह खूब मेहनत कर रही, बेटी के सपने को साकार करने के लिए उनसे जो भी बन सकेगा वह पूरे प्रयास करेंगे।

# छूट प्रजाति की आड़ में प्रतिबंधित वृक्षों का जबरदस्त अवैध कटान, वन विभाग के अफसर मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तालबेहट।** तालबेहट और माताटीला रेंज में लंबे समय से चल रहा अवैध कटान अब बेकाबू होता दिख रहा है। सेमर को छूट प्रजाति बताकर लकड़ी माफिया प्रतिबंधित प्रजातियों—चिरौंल, यूकेलिप्टस, महुआ और नीम—के पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में दबंगों के सहारे पेड़ों की खरीद-फरोख्त की जा रही है, जबकि असल में इसके पीछे हरियाणा के यमुनानगर तथा मध्यप्रदेश से जुड़े बड़े लकड़ी गिरोह सक्रिय बताए जा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि लकड़ी गिरोह के सदस्य पहले गांव में दबंगों के जरिये पेड़ों की पहचान करते हैं, फिर मालिकों को मामूली रकम देकर पेड़ खरीद लेते हैं। इसके बाद रात के समय अवैध कटान कर लकड़ी ट्रकों में भरकर बाहर भेजी जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पूरा खेल वन विभाग की अनदेखी और कथित मिलीभगत के बिना संभव नहीं हो सकता। सूत्रों के अनुसार कुछ माफिया खुद को पुलिस और वन विभाग का अधिकारी बताकर गांवों में 'फीलगुड' बनाते हैं, जिससे लोग विरोध न कर सकें। कई मामलों में ग्रामीणों के विरोध पर उन्हें धमकाया भी जाता है। परिणामस्वरूप रेंज के भीतर सैकड़ों पेड़ों का कटान अब तक हो चुका है, जिससे वन क्षेत्र तेजी से कम हो रहा है। वन विभाग के अधिकारियों की ओर से इस अवैध कटान पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि प्रतिबंधित प्रजातियों का बड़े पैमाने पर कटान भविष्य में जल संकट और पारिस्थितिकी संतुलन पर गहरा असर डालेगा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और उच्चाधिकारियों से मांग की है कि रेंज में सक्रिय लकड़ी माफियाओं पर अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए, कटान रोकने के लिए प्रभावी टीम गठित की जाए।

# पुत्र से एकराय होकर मारपीट करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम साढूमल निवासी मोहन कुशवाहा पुत्र बलू कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 17 नवम्बर को शाम करीब साढ़े पांच बजे उसका पुत्र रामअवतार गांव के गणेश पुत्र रामचरण कुशवाहा के साथ घर के दरबाजे पर बैठे हुये थे। तभी गणेश उसके पुत्र को गालियां देने लगा और देखते ही देखते लात-घूसों से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर गणेश के परिजनों में रामपाल पुत्र रामचरण, राजू पुत्र रल्ली कुशवाहा भी उसके पुत्र से मारपीट करने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# मच्छर जनित बीमारियों का बढ़ा खतरा अनपरा नगर पंचायत की उदासीनता से जनता परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अनपरा, सोनभद्र।** नगर पंचायत अनपरा के विभिन्न वार्डों में इस समय मच्छरों का प्रकोप चरम पर है, जिसके कारण क्षेत्र में निवास कर रहे लोगों पर मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारियों के संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासियों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि समस्या की गंभीरता के बावजूद, नगर पंचायत द्वारा मच्छर नाशक दवाओं का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। जनता का स्पष्ट कहना है कि यदि नगर पंचायत अनपरा द्वारा समय-समय पर और नियमित रूप से प्रत्येक वार्ड में मच्छर नाशक (फॉगिंग) दवाओं का छिड़काव कराया जाए, तो आमजनमानस को मच्छर के काटने से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाने में बड़ी सफलता मिल सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नालियों के आस-पास, गड्ढों और जलजमाव वाले क्षेत्रों में मच्छरों का घनत्व तेजी से बढ़ रहा है। मच्छरों के कारण शाम होते ही घरों में बैठना मुश्किल हो जाता है, और बच्चों तथा बुजुर्गों को विशेष रूप से स्वास्थ्य जोखिम का सामना करना पड़ रहा है।निवासियों के अनुसार, बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद, नगर पंचायत अनपरा द्वारा इस गंभीर समस्या को लेकर किसी भी तरह की क्रिया-प्रतिक्रिया नहीं की जा रही है। नगर प्रशासन की यह उदासीनता लोगों में भारी नाराजगी का कारण बन रही है।स्थानीय निवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि वह तत्काल इस समस्या को संज्ञान में ले और बिना किसी विलंब के सभी वार्डों में मच्छर नाशक दवाओं का सघन छिड़काव अभियान शुरू करे, ताकि क्षेत्र को गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से बचाया जा सके।

## खनन हादसे के पीड़ितों से मिले समाजसेवी रमेश सिंह यादव, दी आर्थिक मदद और न्याय का भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र (ओबरा)।** बिल्ली-मारकुंडी खनन क्षेत्र में हुए दुखद हादसे में जान गंवाने वाले ग्राम पंचायत पनारी के चार मृतकों के पीड़ित परिवारों से मंगलवार को समाजसेवी रमेश सिंह यादव और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव ने मुलाकात की। इस संवेदनशील भेंट के दौरान, उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। मुलाकात के दौरान, समाजसेवी रमेश सिंह यादव ने तत्काल राहत प्रदान करते हुए पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता दी। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी हर संभव सहयोग जारी रखा जाएगा और दुख की इस घड़ी में समाज उनके साथ खड़ा है। रमेश सिंह यादव ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि उन्हें प्रशासनिक स्तर पर उचित मुआवजा मिले। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आवास योजना का लाभ दिलाने और पीड़ित परिवारों के योग्य सदस्यों को संविदा पर नौकरी दिलाने की दिशा में भी पुरजोर प्रयास करने की बात कही। इस दौरान, समाजसेवी रमेश सिंह यादव ने खनन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से खनन सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह की हृदय विदारक दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मुलाकात के समय ग्राम पंचायत पनारी के करमसार टोला में अखिलेश यादव जिज्ञासु भी मौजूद रहे, जिन्होंने पीड़ितों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की।

## शिकायत करने पर आये दिन धमका रहे दबंग

**ललितपुर।** दबंगों के खिलाफ घर में घुसकर रुपये मांगने, गालियां देते हुये हमलावर होने की शिकायत पुलिस से किये जाने पर अब पीड़ित परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस प्रकार का आरोप लगाते हुये शहर क्षेत्र के मोहल्ला चांदमारी में रहने वाली पूनम पत्नी स्व.सहदेवसिंह ने पुलिस को फिर से शिकायती पत्र दिया है। महिला ने बताया कि कुछ दिनों पहले उसने मोहल्ला घुसयाना जेल चौराहा के पास रहने वाले नवनीत, दीपेश उर्फ छोटू, अरविन्द, ज्योति पत्नी अरविन्द के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था। इसके बाद नामजद लोग उसके घर में घुसकर रुपये मांगते हैं और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता ने जानमाल का खतरा बताते हुये उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग उठायी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 308 (3), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# बिजली बिल राहत योजना से विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत : डीएम

**●योजना के लाभ हेतु 01 दिसम्बर से 28 फरवरी तक होंगे पंजीकरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि सरकार विद्युत उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के लिए बिजली बिल राहत योजना का शुभारंभ करने जा रही है, जिसके अंतर्गत नेवर पेड व लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों में छूट प्रदान की जाएगी। बताया कि योजना के अन्तर्गत समस्त विद्युत वितरण निगमों में 01 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक अधिकतम 02 किलोवाट भार के घरेलू उपभोक्ताओं तथा 01 किलोवाट भार के वाणिज्यक नेवर पेड एवं लॉन्ग अपनेड उपभोक्ताओं के लिए विद्युत बिलों में तथा विद्युत चौरी के समस्त प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतु का प्रावधान है, जिसके लिए पूर्व में आबद्ध कलेक्शन एजेन्सियों को प्रोत्साहन की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ नेवर पेड एवं लॉन्ग अपनेड उपभोक्ताओं से भुगतान प्राप्त करने पर दिया जाएगा। बिजली बिल राहत योजना 2025-26 में पात्र उपभोक्ता योजना का लाभ लेने हेतु तीन चरणों में पंजीकरण करा सकते हैं। योजना में पंजीकरण हेतु प्रथम चरण 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक, द्वितीय चरण 01 जरवरी से 31 जनवरी 2026 तक तथा तृतीय चरण 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त विद्युत वितरण निगमों को कलेक्शन एजेन्सियों, जनसेवा केन्द्रों, विद्युत सखियों, फिनटेक कम्पनियों, मीटर रीडर्स व बिलिंग एजेन्सियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिये गए हैं, साथ ही नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए हैं। साथ ही शहर से लेकर गांव तक विभिन्न प्रचार माध्यमों से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये गए हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके।

# नपाध्यक्ष ने सिविल लाइन में किया निरीक्षण

**●अवैध अतिक्रमण को स्वयं हटा लें भवन स्वामी**

**वार्ड पार्षद कुन्दन पाल के आवास पर हुआ नपाध्यक्ष का सम्मान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** शहर को साफ-सुन्दर-स्वच्छ, गड्ढा मुक्त, लाईटिंग व्यवस्था सहित शहर में अन्य विकास कार्य कराये जाने लिए चलाये जा रहे निरीक्षण अभियान के अंतिम दिन नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड नं. 17 मोहल्ला सिविल लाइन का वार्ड पार्षद कुन्दन पाल, नगर पालिका की टीम सहित जल निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने वार्डवासियों से उनकी समस्याओं को सुना। वार्ड में कई जगह वार्ड की गलियों में पालिका की नालियों पर अवैध अतिक्रमण पाया गया, जिससे नालियां चौक होने से उनकी साफ-सफाई व्यवस्था नहीं की जा रही थी। निर्देशित किया गया कि समस्त नालियों पर हुए अतिक्रमण हो वह स्वयं ही हटा लें, अन्यथा की स्थिति में अतिक्रमण को हटाते हुए सामग्री जब्त कर ली जाएगी। वार्ड में अनेक स्थानों पर गंदगी पाई गई, जिस पर प्रभारी सफाई निरीक्षक एवं स्वास्थ्य नायक को वार्ड में व्याप्त गंदगी को हटाये जाने के निर्देश दिये। वार्ड में अनेक गलियां ऐसी है जो जल निगम द्वारा द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन के चलते क्षतिग्रस्त हो गई है, उन सभी सड़कों की मरम्मत कराये जाने हेतु जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। वार्ड में स्थित क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे जल निगम द्वारा कई सड़के क्षतिग्रस्त किये जाने पर अध्यक्ष द्वारा जल निगम के अधिकारियों से समय से कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। पार्षद कुन्दन पाल के आवास पर वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष सोनाली जैन का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

# राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को दिए कैरियर संबंधित टिप्स

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तालबेहट।** राजकीय इंटर कॉलेज माताटीला में बुधवार को कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सरकारी एवं गैर-सरकारी विभागों में उपलब्ध करियर अवसरों और चयन प्रक्रिया की जानकारी देना था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अधिशासी अभियंता लव कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई।

कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम से उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह यादव और ज्योति सिंह ने पुलिस विभाग में भर्ती प्रक्रिया, साइबर सुरक्षा और नारी सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। ज्योति सिंह ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और आईएएस, डॉक्टर, पायलट सहित विभिन्न पदों पर देश की सेवा कर रही हैं। इसके बाद बच्चों को चाइल्ड लाइन, वूमेन पावर, यूपी पुलिस की सेवाओं और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता लव कुमार चौहान, पूर्व एक्सीयन डी.के. तिवारी और प्रधानाचार्य राम बृज राम ने छात्रों को सही करियर चयन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कैरियर गाइडेंस से बच्चों को अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार बेहतर भविष्य चुनने में सहायता मिलती है।

कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति थीम पर आधारित नाटक और जागरूकता प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार, सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार, हर्षित जैन, सुषमा राजा, अनिल कुमार, अनूप सिंह, कुसुम राजा, हिमानी, राज कमल राजपूत सहित विद्यालय स्टाफ और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर प्राथमिकता से ध्यान दें - पुलिस उपायुक्त दक्षिण



**कानपुर।** आज दिनांक 19.11.2025 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा कार्यालय में जन-सुनवाई की गई ।जन-सुनवाई के दौरान उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समयबद्ध व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विलंब किसी भी स्थिति में न हो और प्रत्येक शिकायतकर्ता को समाधान से अवगत कराया जाए। उन्होंने जन-सुनवाई में आए प्रत्येक आगंतुक से सम्मानजनक व्यवहार करने, उन्हें बैठने हेतु उचित व्यवस्था देने एवं उनकी समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनने पर विशेष जोर दिया गया। स्थानीय स्तर पर बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

### जैन कालिया को नई दिल्ली से किया गिरफ्तार




**कानपुर।** थाना कोतवाली पर पंजीकृत अभियोग 187/25 में आरोपी जैन कालिया पुत्र पप्पू स्मार्ट उर्फ मोहम्मद आसिफ को थाना कोतवाली पुलिस व सर्विलांस टीम पूर्वी द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर नई दिल्ली के द्वारिका पुरी से गिरफ्तार किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली आशुतोष कुमार सिंह ने बताया गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्तों को रिमांड हेतु आज न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### शोहरतगढ़ में अशोक अध्यक्ष, सुहैल मंत्री, देव चंद्र कोषाध्यक्ष, निर्विरोध निर्वाचित



**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ के सभागार में ब्लॉक स्तरीय शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी/अधिवेशन चुनाव पर्यवेक्षक संजय कुमार कन्नौजिया, ब्लॉक अध्यक्ष मिठवल एवं चुनाव अधिकारी कुमार कमलेश्वर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष बढ़नी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें निर्विरोध रूप से अशोक कुमार को अध्यक्ष, सुहैल अहमद को मंत्री, देव चंद्र को कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चुना गया। सभी ब्लॉक स्तरीय नव निर्वाचित पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अधिवेशन के दौरान उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि मजबूत सेवा शर्तों, स्वाभिमान, सम्मान जनक वेतनमान, पुरानी पेंशन आदि जैसे सामूहिक समस्याओं के निदान के लिए संघठन का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत कार्यों को अध्यापक किसी तरह करा लेता है, लेकिन सम्मान जनक वेतन और सेवा शर्तों की रक्षा सहित सामूहिक समस्याओं के संघर्ष के लिए संघठन का होना आवश्यक है। इस दौरान मुस्तन शहरुल्लाह, अब्दुल अजीज, मोहम्मद इमरान अंसारी, अर्चना सिंह, बाल चंद्र, रमेश चन्द्र, देव चंद्र, जीत बहादुर चौधरी, संजीव कुमार सिंह, आनन्द चौधरी, बजरंगी लाल, विनोद कुमार दिलीप चौधरी, राम विलास चौधरी, आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मतदेय स्थलों के संभाजन पर राजनीतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदेय स्थलों के संभाजन को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न दलों से प्राप्त आपत्तियों, सुझावों और क्षेत्रीय स्थितियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सभी शिकायतों की गहन जांच कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदेय स्थल पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि संभाजन प्रक्रिया सिर्फ तकनीकी कार्य नहीं, बल्कि मतदाताओं की सुविधा की दिशा में अहम कदम है। जिलाधिकारी ने कहा कि अत्यधिक पुराने या जर्जर भवनों में स्थापित मतदेय स्थलों को उसी मतदान क्षेत्र में उपलब्ध उपयुक्त भवन में स्थानांतरित किया जाए। जहां भवन उचित स्थिति में है और मतदाताओं को दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय नहीं करनी पड़ती, वहां किसी परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मतदेय स्थलों पर रैंप, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, संपर्क मार्ग जैसे न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मतदाताओं की सुविधा और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए, जिन पर जिलाधिकारी ने गंभीरता से विचार कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ विवेक चतुर्वेदी, एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुभव सिंह सहित विभिन्न अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## मड़ावरा पुलिस ने पांच वारण्टी धर दबोचे

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम व गैर जमानती अपराधियों व वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान थाना मड़ावरा पुलिस ने पांच वारण्टियों में ग्राम सतवांसा निवासी उर्स खां पुत्र जुम्मन, अजमेरी पुत्र उर्स खां, सुलेमान पुत्र उर्स खां, आसीन पुत्र जुम्मन को गाली-गलौज कर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देने और ग्राम सौंरई निवासी जालम पुत्र भैयालाल को मु.अ.सं.167/24 धारा 323, 353, 323, 504 में हिरासत में लिया गया है। वारण्टियों को पकडने वाली पुलिस टीम में उ.नि. दिनेश त्रिपाठी, उ.नि. अरूण कुमार, उ. नि. सोनू कुमार, उ.नि.संतकिशोर, हे.का. शैलेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

## महाराज पुर में 12 वीं की छात्रा से छेड़छाड़, तेज़ाब से नहलाने की धमकीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**घाटमपुर/कानपुर।** कानपुर के महाराज पुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 वीं की छात्रा से छेड़छाड़ और शादी के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है, गांव के ही एक युवक पर छात्रा को परेशान करने और तेज़ाब से नहलाने की धमकीं देने का आरोप है, पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि युवक उसे स्कूल आते जाते समय परेशान करता है,वह अक्सर उसकी साइकिल के आगे अपनी मोटरसाइकिल लगाकर रास्ता रोकता है,12 वीं की छात्रा से छेड़छाड़ तेज़ाब डालने की धमकीं, छात्रा का आरोप है कि युवक ने उसे धमकीं दी है कि वह उससे शादी नहीं करती है तों वह छात्रा को तेजाब से नहलाने की धमकीं दी,इस धमकीं के बाद छात्रा महाराज पुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है, हालांकि पीड़िता का आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की हैं, मामले की जांच में जुटी पुलिस,वही इस संबंध में महाराज पुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में हैं और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है, उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर कारवाई की जाएगी।

# पुलिस का कार्य आम नागरिकों को सुरक्षा एवं न्याय सुनिश्चित करना है- एडीजी गोखपुर जोन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर ।** एडीजी गोखपुर जोन मुथा अशोक जैन, संजीव त्यागी पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती व डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई । बैठक का उद्देश्य कानून-व्यवस्था की स्थिति को और सुदृढ़ करने, पुलिस-जन सहयोग को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं एवं अपेक्षाओं को समझना था । बैठक के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन ने कहा कि पुलिस का प्राथमिक लक्ष्य आम नागरिकों की सुरक्षा एवं न्याय सुनिश्चित करना है । जनप्रतिनिधियों का सहयोग पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई तथा जनविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं संवेदनशील स्थानों की निगरानी को लेकर पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं, आवश्यक पुलिस उपायों तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर के समक्ष रखा । अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर ने सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार कर त्वरित एवं सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों का सहयोग हेतु आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही पुलिस व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है तथा इसी दिशा में पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध है। इस दौरान विधायक राजकुमार जय प्रताप सिंह, विधायक श्याम धनी राही, विधायक विनय कुमार वर्मा, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# किसानों को खाद वितरण में धांधली करने वाले सचिव और खाद विक्रेता जायेंगे जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार मे किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक मंगरौरा के किसान विपिन मिश्रा, सांडवा चंद्रिका के किसान सत्य नारायण यादव और बाबागंज के लक्ष्मी शंकर तिवारी द्वारा सहकारी समितियों में खाद न मिलने और अनियमित तरीके से वितरण किए जाने की समस्या तथा निजी खाद दुकानदारों द्वारा अधिक दाम पर खाद बिक्री किए जाने की शिकायत की गई। जिसके सम्बन्ध मे सीडीओ डॉ दिव्या मिश्रा द्वारा सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक सहकारिता तथा जिला कृषि अधिकारी को निरीक्षण करने के निर्देश दिए, इसके अतिरिक्त डीएम के द्वारा किसानों से अपेक्षा की गई कि समिति द्वारा गलत तरीके से उर्वरक का वितरण किया जा रहा है तो तत्काल उसका फोटो वीडियो बनाकर मुझे व्यक्तिगत रूप से भेज दें, जिस पर शिकायत सही पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाएगी और ऐसे समिति सचिवों एवं उर्वरक विक्रेताओं को सीधे जेल भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इसी तरह किसानों ने विद्युत स्मार्ट मीटर से उपभोग से अधिक बिल आने की शिकायत की गई। डीएम ने आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारी को आदेशित किया गया। डीएम ने किसानों के समस्याओं और बहुमूल्य सुझावों को सुना और तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। ब्लॉक लक्ष्मणपुर के अभय सिंह ने अवगत कराया कि सगरा रजबहा में पानी नहीं आने के कारण रवि बुवाई प्रभावित हो रही है जिस पर उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा बताया गया कि माइनर की सफाई हो रही है,30 नवम्बर तक पानी छोड़ा जाएगा। नहरों और माइनरों की सिल्ट सफाई आदि का निरीक्षण किए जाने का निर्देश डीएम के द्वारा दिया गया। इस दौरान सीडीओ डॉ दिव्या मिश्रा, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

**● महिला आयोग की सदस्य ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का कराया अन्न प्रासन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने प्राथमिक विद्यालय बाबा बेलखरनाथधाम व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केन्द्र के जर्जर मिलने पर मरम्मत कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया। आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के उपस्थिति की जानकारी ली तो बताया कि 35 बच्चे पंजीकृत है जिसमें 15 बच्चों की उपस्थिति रहती है जिस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देशित किया कि अभिभावको को जागरूक किया जाय जिससे बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर मिलने वाली सुविधाओं का लाभ दिया मिल सके और बच्चे स्वस्थ्य रहे। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य ने 05 महिलाओं की गोदभराई व 02 बच्चों अन्न प्रासन्न कराया। बाल विकास परियोजना अधिकारी पूनम जायसवाल को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों की निगरानी करें और शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लाभार्थियों को दिया जाय। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य ने नवचयनित मुख्य सेविकाओं को उनके कार्यो एवं दायित्वों के बारे में बताया। इसके उपरान्त प्राथमिक विद्यालय बाबा बेलखरनाथ का निरीक्षण किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चे पठन-पाठन का कार्य कर रहे थे।निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा सहित अभय शुक्ला उपस्थित रहे।बाबा बेलखरनाथधाम मन्दिर पहुँचकर महिला आयोग की सदस्य ने दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## एडीजी आलोक सिंह ने साइबर अपराध के बचाव पर प्रकाश डाला



**कानपुर।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व अमित दुबे, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ द्वारा जनपद झांसी पंडित दीनदयाल सभागार में आयोजित साइबर जागरूकता कार्यशाला में उपस्थित पुलिस जन व आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला आरक्षियों को सम्बोधित करते हुये साइबर अपराध के बदलते स्वरूप एवं उससे निपटने के प्रभावी उपायों पर प्रकाश डाला गया एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों, डिजिटल सुरक्षा उपायों, ऑनलाइन सतर्कता के महत्व व साइबर पुलिस स्टेशनों और साइबर हेल्प डेस्क के रिस्पांस को बेहतर करने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी।

# रमईपुर ग्राम पंचायत को सर्वश्रेष्ठ पंचायत का तृतीय पुरस्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**घाटमपुर/ कानपुर।** विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर कानपुर नगर के बिधनू ब्लाक अंतर्गत रमई पुर ग्राम पंचायत को सम्मानित किया गया, बुधवार को निदेशालय में आयोजित एक विशेष समारोह में इसे सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया, विकास खंड बिधनू के अंतर्गत आने वाली इस पंचायत की प्रधान अनीता देवी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया,इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद क्षेत्र की जनता प्रधान अनीता देवी और रमईपुर ग्राम पंचायत की खुलकर प्रशंसा कर रही है,यह सम्मान मिलने से कानपुर के खंड विकास बिधनू की यह ग्राम पंचायत अब प्रदेश स्तर पर चर्चा का विषय बन गई, रमईपुर ग्राम पंचायत की सफलता का एक मुख्य कारण वहां स्थापित,आर आर सी, सेंटर भी है,यह सेंटर न केवल स्वच्छता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है बल्कि ग्राम पंचायत के लिए राजस्व का एक स्रोत भी बन गया है,इस सेंटर के माध्यम से पंचायत को नियमित रूप से आय प्राप्त हो रही है, जिससे यह अन्य पंचायतों के लिए एक प्रेरणादायक बन गया है, ग्राम प्रधान अनीता देवी ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान पूरी ग्राम पंचायत के सहयोग और कड़ी मेहनत का परिणाम है, उन्होंने पंचायत को स्वच्छता और विकास के पथ पर आगे ले जाने का संकल्प दोहराया, उनके पति संग्राम सिंह यादव भी क्षेत्र के विकास कार्यों में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

## मुलायम सिंह यादव का आपत्तिजनक पोस्टर प्रकाशित करने पर इंडिया टुडे का बहिष्कार

**● इंडिया टुडे मैगजीन द्वारा सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का आपत्तिजनक पोस्टर जारी करने के विरोध में समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर इंडिया टुडे मैगजीन मालिकों का घेरा डालो आंदोलन चलाकर महानगर में इंडिया टुडे मैगजीन को बिकने नहीं देगी।**

**अगर 72 घंटे में माफी इंडिया टुडे ने नहीं मांगी तो उनकी मैगजीन के साथ चैनलों का भी सपा बहिष्कार करेंगी - हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के प्रमुख नेताओं की बैठक महानगर सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में इंडिया टुडे द्वारा मुलायम सिंह यादव का आपत्तिजनक पोस्टर छापने के विरोध में सपा कार्यालय में आरंभ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि इंडिया टुडे मैगजीन ने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का आपत्तिजनक पोस्टर छाप कर जारी करने के विरोध में समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर इंडिया टुडे मैगजीन के विरोध में इंडिया टुडे के मालिकों का घेरा डालो आंदोलन चलाकर इंडिया टुडे मैगजीन को महानगर में किसी भी स्तर पर बिकने नहीं देगी तथा अखबार विक्रेता मैगजीनो को ग्राहकों के यहां पहुंचाने का बहिष्कार करेंगे।

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि अगर 72 घंटे में इंडिया टुडे ने माफ़ी न मांगी तो सपा कार्यकर्ता मैगजीन के साथ साथ चैनलों का भी बहिष्कार करेगी तथा इंडिया टुडे मैगजीन की होली भी जलाई जाएगी। बैठक मे महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,महासचिव संजय सिंह,रजत मिश्रा,शादाब आलम,आकाश यादव,ओम यादव,काशिफ आदि लोग मौजूद रहे।

# केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों के हित के लिए लक्ष्य को लेकर निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है - सांसद जगदंबिका पाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर विकास खंड सोहना स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त किसानों के खातों में हस्तांतरित किए जाने के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कोयम्बटूर (तमिलनाडु) से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के किसानों के बैंक खातों में सीधे किस्त अंतरित की। इसका सजीव प्रसारण केंद्र पर किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में किसान और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को लेकर निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की किसान हितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक किसानों को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख जनप्रतिनिधियों में सच्चिदानंद पांडेय, राजकुमार कश्यप, जयवर्धन तिवारी, सुधीर तिवारी, अमरनाथ सिंह, बब्बू तिवारी, मोना तिवारी, रामतेज शुक्ल, संजय सिंह, रामकुमार यादव, सत्यनारायण सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कृषि विज्ञान केंद्र, सोहना के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश ने केंद्र द्वारा संचालित प्रशिक्षण, शोध और प्रसार गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने किसानों को विभिन्न विषयों पर तकनीकी मार्गदर्शन दिया।डॉ. शेष नारायण सिंह ने फसल अवशेष प्रबंधन एवं डी-कंपोज़र के उपयोग से मिट्टी की उर्वरकता बढ़ाने पर प्रकाश डाला। डॉ. सर्वजीत ने सरसों की उन्नत प्रजातियों और वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी। डॉ. प्रवेश कुमार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और पशुपालन को आयवर्धक गतिविधि के रूप में अपनाने की सलाह दी। डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र (उद्यान विज्ञान) ने जैविक तरीकों से सब्जी उत्पादन के व्यावहारिक उपाय बताए। डॉ. मार्कण्डेय सिंह ने गेहूं की आधुनिक तकनीक आधारित खेती के लाभ समझाए। उप कृषि निदेशक राजेश कुमार सहित विभागीय कर्मचारी भी मौजूद रहे। जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए 300 से अधिक किसानों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रमुख कृषकों में अशोक कुमार, राधेश्याम, मुकेश कुमार मिश्र, राम नारायण, शिव पूजन, कविता, सुनीता, माया आदि शामिल रहे। कृषि विज्ञान केंद्र, सोहना द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्र के किसानों में वैज्ञानिक खेती, जैविक एवं प्राकृतिक कृषि, तथा अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सफल और प्रभावी पहल साबित हुआ।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को दिशा निर्देश किये जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने अर्हता तिथि 01जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई बीएलओ चिकित्सा कारणों, मातृत्व अवकाश अथवा उपार्जित अवकाश या किसी अन्य अपरिहार्य कारणों से कार्य नहीं कर रहा है तो उनके स्थान पर सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उनका चिन्हांकन कराकर उन बीएलओ का सहयोग सम्बन्धित सुपरवाइजर से शत् प्रतिशत कराना सुनिश्चित करेगें, यदि सम्बन्धित बीएलओ/सुपरवाइजर द्वारा कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है तो सम्बन्धित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जाय। समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अब तक जितने भी गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा सम्बन्धित मतदाता को उपलब्ध करा दिया गया है इसकी भौतिक जांच सम्बन्धित सुपरवाइजर/ईआरओ/एईआरओ द्वारा रैण्डमली सम्बन्धित ग्राम प्रधान, कोटेदार, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों से फीडबैक लेकर दस घरों का व्यक्तिगत भ्रमण कर पता करेगें कि गणना प्रपत्र भौतिक रूप से प्राप्त हुये है अथवा नहीं तथा गणना प्रपत्र सही रूप से भरे जाने की स्थिति की समीक्षा करते हुये इसकी जानकारी उसी दिन सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत करेगें यदि कार्य में गलत रिपोर्ट दी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही तत्काल अमल में लायी जाय।

उन्होने कहा है कि सघन जांच के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाये कि जो गणना प्रपत्र सम्बन्धित मतदाता को प्राप्त हुये है उसमें यह सुनिश्चित करेगें कि सम्बन्धित मतदाता द्वारा सही प्रकार से गणना प्रपत्र भरा गया है अथवा नहीं।उसकी समीक्षा सम्बन्धित सुपरवाइजर द्वारा की जायेगी तथा उसकी प्रगति रिपोर्ट सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत की जायेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद में अवस्थित समस्त 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सम्बन्धित सुपरवाइजर के साथ बैठक करके किसी भी दिन बीएलओ द्वारा अब तक किये गये कार्यो की समीक्षा की जायेगी। यदि किसी बीएलओ का कार्य संतोषजनक नहीं होने पर उसकी भी रिपोर्ट उसी दिन करना है।अर्हता तिथि 01जनवरी 2026 के आधार पर जिन व्यक्तियों की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो रही है उन व्यक्तियों का नाम आयोग के निर्देश के अनुसार घर-घर गणना के दौरान फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र एवं घोषणा पत्र के पृष्ठा भाग पर मुद्रित सूचना पत्र सहित सम्बन्धित व्यक्तियों से भरवाकर उनका भी नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की कार्यवाही सम्बन्धित बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों के संग्रह के समय की जायेगी।

# खेत में गांव के दबंगों ने की बुवाई

**● मना करने पर मारपीट कर धमकाया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम धुरवारा निवासी महाराज सिंह पुत्र दयाली विश्वकर्मा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि गांव में उसकी जमीन है, जिस पर काफी समय से वह काबिज है। आरोप है कि 3 नवम्बर को गांव के संतोष कोरी पुत्र सियाराम कोरी, अभिषेक पुत्र संतोष कोरी, संतोष की पत्नी उसकी जमीन पर बुवाई करने लगे। शाम करीब 4 बजे जब उसने अपने पुत्र अजीत के साथ उक्त लोगों को उसके खेत में बुवाई करने से रोका तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये उसके पुत्र के साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में उसके पुत्र को चोटें भी आयीं हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आदेश जारी



**शहडोल** कर जिले में तापमान में आई गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, मान्यता प्राप्त सी.बी.एस.ई. तथा आई.सी.एस.सी. एवं समस्त बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के खुलने का समय प्रातः 09:00 बजे से नियत किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि यदि किसी विद्यालय का संचालन प्रातः 09:00 बजे या उसके पश्चात् होता है तो समय यथावत रहेगा।

### सुमेरपुर ब्लॉक सभागार में किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का हुआ लाइव प्रसारण

**विधायक ने कहा- किसानों की समस्याओं के समाधान को सरकार प्रतिबद्ध**



**हमीरपुर**:- सुमेरपुर, हमीरपुर। बुधवार को सुमेरपुर के ब्लॉक सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के जारी होने का लाइव प्रसारण किसानों को दिखाया गया। सभा में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी किसानों ने सुना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकारें किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार बेहतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं एक किसान परिवार से आते हैं, इसलिए किसानों की चुनौतियों को बखूबी जानते हैं। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे। ब्लॉक प्रमुख जयनारायण ने भी किसानों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला उद्यान अधिकारी एवं प्रभारी खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार ने किया। अंत में बीज भंडार प्रभारी अनूप कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए किसानों को शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे उन्नतशील बीजों एवं कृषि लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### गोपीगंज-मीरजापुर मार्ग पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन गंभीर घायल,सभी रेफर

**गोपीगंज।** क्षेत्र में बुधवार को सड़क हादसों की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना गोपीगंज-मीरजापुर मार्ग स्थित चेतगंज के पास हुई, जहां दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में लखनदर (45 वर्ष), निवासी अनिरुद्धपुर चिल्ह, गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। दूसरी घटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर किशुन देवपुर गांव के सामने हुई, जहां दो बाइकों की टक्कर में ऊंज थाना क्षेत्र के बेलहुआ गांव निवासी उमेश पाल (32 वर्ष) और बैजनाथ (49 वर्ष) घायल हो गए। दोनों बाइक से गोपीगंज आ रहे थे तभी सामने से आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। सरकारी एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज पहुंचाया गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है तथा लोग सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता जता रहे हैं।

### भूमि विवाद में हमला, युवक गंभीर रूप से घायल, मामला दर्ज

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र स्थित बघेल छावनी में भूमि विवाद को लेकर हुए विवाद में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, रतीश कुमार सिंह की भूमिधरी भूमि (गाटा संख्या 222 मी, पुरेदेवा, टा.बा., वैभव लॉन के पास) पर रविवार 04 नवंबर 2025 की शाम लगभग 3:30 बजे विपक्षी पक्ष मनोज सिंह, विनोद सिंह, संतोष सिंह और कृष्ण प्रताप सिंह–द्वारा कथित रूप से जबरन कब्जे के इरादे से निर्माण कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान प्रार्थी के भाई आशीष सिंह ने आपत्ति जताई तो मनोज सिंह पर उन पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। हमले में आशीष सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से उनकी जान बच सकी। प्रार्थी का आरोप है कि विपक्षीगण भू-माफिया प्रवृत्ति के हैं और चल रहे दीवानी वाद (संख्या 358/25) के बावजूद 25 लाख रुपये की अवैध मांग कर रहे हैं, न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# अमरजीत सिंह बिजली ने गायकी के क्षेत्र में खुद को बिजली साबित कर दिखाया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**
**स्वतंत्र सिंह भुल्लर**

**नई दिल्ली।** ईश्वर ने सभी किसी को कोई न कोई विशेष गुण प्रदान किया है। गायकी के क्षेत्र में महान हस्ती अमरजीत सिंह बिजली को ईश्वर ने विशेष आवाज और स्वर से नवाजा है। यही कारण है कि उनकी संगीत के दीवाने सरहद पर भी हैं, जिनके पैर उनके गानों पर अपने आप ही थिरकने लगते हैं। मशहूर गायक अमरजीत सिंह का कहना है कि बाल्याकाल से ही उन्हें संगीत के प्रति अभिरुचि थी।अपनी पढ़ाई के दौरान भी स्कूल में वह गीत गाते थे और अपने शिक्षक एवं अन्य लोगों की भरपूर शाबाशी उन्हें मिलती थी। बिजली की गति से गाना गाने के कारण उन्हें बिजली उपनाम मिला तथा पंजाब में उन्हें काका बिजली के के नाम से लोग पुकारने लगे। एक सामान्य परिवार में जन्मे श्री बिजली ने अपनी प्रतिभा एवं ईश्वर की कृपा के बदौलत देश दुनिया में गायकी के क्षेत्र में एक खास पहचान बनाई। प्रारंभिक जीवन में भी उन्हें कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी के कार्यक्रमों में कई पुरस्कार मिले। इसके अलावा शोभना अवार्ड,स्टेज अवार्ड, इंडोर्स सोवियत अवार्ड, संगम कला अवार्ड, जैसे कई अवॉर्डों से उन्हें नवाजा गया। गायकी के क्षेत्र में अपनी खास अंदाज के लिए इन्हें राष्ट्रपति द्वारा भी कई बार सम्मानित किया गया। पंजाबी गीत, लोकगीत, गजल एवं मोहम्मद रफी के गानों को वह बखूबी गाते रहे हैं और इससे उनकी अपनी खास पहचान बनी। यादगारे रफी समिति द्वारा भी एक भव्य कार्यक्रम में मशहूर पार्श्व गायक सोनू निगम एवं इन्हें सम्मानित किया गया। टी-सीरीज के विशेष आग्रह पर इन्होंने 1989 में माता के भजन गए जो जगराते वाली रात एल्बम के रूप में काफी प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय हुआ और यह उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट था। उसके बाद वह लगातार डिवोशनल गाने गाते रहे और दर्शकों में हमेशा चर्चा का विषय बन रहे। अमरजीत सिंह बिजली ने बताया कि उन्होंने स्वीडन, डेनमार्क, नार्वे, ऑस्ट्रेलिया, जर्मन होलैंड, स्कॉटलैंड, दुबई, कनाडा, हॉन्गकोंग, सिंगापुर, ब्रिटेन आदि देशों में भी कई कार्यक्रमों में अपने संगीत के जादू से सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि आज संगीत पर पश्चिमी सभ्यता हावी है, परंतु संगीत वही है जो मन को शांति दे और जिसकी यादें दिलो दिमाग में हमेशा बनी रहे।



### असम पर्यटन विभाग के निलंबित अधिकारी को सिलापथार डांबुक से सीएम विजिलेंस टीम ने किया गिरफ्तार



**असम धेमाजी।** सिलापथार पुलिस थाने की अंतर्गत डांबुक इलाके से आज सीएम विजिलेंस के टीम असम पर्यटन विभाग के निलंबित अधिकारी सयनमणि पमेगम को गिरफ्तार किया।असम पर्यटन विभाग में 2012 और 2013 वर्ष के नियुक्ति गुटले के आरोप में निलंबित अधिकारी ने खुद को छिपा रखा था। आज दुपहर विजिलेंस टीम ने डांबुक से गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए सिलापथार पुलिस स्टेशन में लाया। गिरफ्तार के बाद उन्हें मेडिकल करने हॉस्पिटल ले जाया गया,उसी समय पत्रकारों ने उन्हें गिरफ्तारी पर सवाल किया लेकिन निलंबित अधिकारी ने कुछ भी जवाब नहीं दिया। दूसरी ओर पुलिस ऑफिसर ने जांच के दौरान मीडिया को गिरफ्तारी की कारण पूछने पर किसी भी तरह की जानकारी साझा नहीं की।

### श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा पासवर्ती आदर्श कृष्णनगर गांव समेत विस्तृत क्षेत्र में एयरटेल नेटवर्क संबंधित समस्याओं का आरोप




**● संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा जिले के एयरटेल विभाग के अधिकारियों का ध्यान भी आकर्षित किया।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि** कुछ महीनों से ग्राहक एयरटेल नेटवर्क सेवा पर निर्भर नहीं रह पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दूर-दराज रहने वाले परिवार के सदस्यों से संपर्क में रहने और इंटरनेट का सही उपयोग करने के लिए ग्राहकों ने मोबाइल सिम बदलकर एयरटेल सेवा पर निर्भर रहना शुरू किया था। कारण यह कि दैनिक आवश्यकताओं में संचार और इंटरनेट की असीम भूमिका है। इसके अलावा कई ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार 3 से 6 महीने तक या सालाना नेट पैक रिचार्ज करते हैं। इससे एयरटेल सहित अन्य सेवाओं का लाभ होता है। लेकिन ग्राहकों को पैसे का नुकसान हो रहा है। इसलिए इस मामले में सही सेवा के लिए श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा के पास आदर्श कृष्णनगर गाँव और छनटील्ला, जयनगर क्षेत्र में एयरटेल नेटवर्क से जुड़ी समस्याओं का आरोप ग्राहकों ने लगाया है कि व्यापक क्षेत्रों में 4जी मुख्य रूप से घर के अंदर उपलब्ध है, लेकिन सिर्फ नाम में ही 5जी इंटरनेट घर के अंदर जाने पर पूरी तरह से बंद हो जाता है और 5जी नहीं मिलता। प्रभावित ग्राहकों की ओर से मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत श्रीभूमि जिले के एयरटेल विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया गया ताकि क्षेत्र के ग्राहक यह आशा कर सकें कि 4/5जी इंटरनेट की समस्या का समाधान हो और क्षेत्र में ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान की जा सके।

## संभाग शहडोल के पीड़ितजनों ने कमिश्नर को हटाने की चलाई मुहिम

**● प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल तक पहुंची शिकायत शीघ्र होगा बदलाव**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र शहडोल संसदीय में जहां जनप्रतिनिधियों की निष्क्रिता खुलेआम देखी जा रही है, वहीं संभाग में अफसरसाही चरम पर है, उमरिया अनूपपुर एवं शहडोल के पीड़ित कर्मचारियों एवं पीड़ित किसानों के चल रहे प्रकरण जिनके वर्षों से कमिश्नर न्यायालय में सुनवाई कर आर्डर की प्रतिक्षा में लंबित है। कई ऐसे प्रकरण है, जिन पर तत्काल निराकरण कर प्रकरण को सामप्त किया जा सकता है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि 5 महीने से कई ऐसे प्रकरण है, जिनकी अंतिम सुनवाई होने के बाद फैसला होने का नाम नही आज कल आज कल कहकर पीड़ितजनों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है, कई ऐसे कर्मचारी व किसान जो आदिवासी वर्ग से आते हैं, मजबूर होकर देष के प्रधानमंत्री, प्रदेष के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल तक लिखित रूप से शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी है।

**आखिर मजबूरी क्या कि फैसला होने में कोताही की जा रही?**

जन जन की आवाज है कि संभागीय कार्यालय में पीड़ितजनों की सैकड़ों फाइल धूल खाती नजर आ रही एवं दर्जनों फाइलों का निराकरण फैसला करना न होना क्या जानबूझकर या किसी मजबूरीबस नही की जा रही लोगों का कहना है कि फैसला करने के लिए उपयुक्त अधिकारी नही जिस कारण फैसला न हो रहा कई पीड़ित जन माननीय हाई कोर्ट एवं सचिवालय का शरण लेकर न्याय लेकर संभागीय कमिश्नर के यहां भारी विलम्ब व पीड़ितजनों की सुनवाई न होना प्रदेष सरकार की सोच से परे हैं पीड़ितजनों ने शीघ्र शहडोल संभाग कमिश्नर को हटाने की मांग की गई है।

### संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई रानी लक्ष्मीबाई की जयंती




**ज्ञानपुर।** नगर पंचायत ज्ञानपुर स्थित शहीद पार्क में बुधवार को रानी लक्ष्मीबाई की जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। बाबा बर्फानी ग्रुप के सदस्यों ने झांसी की रानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, संघर्ष और वीरता पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्मा मोदनवाल ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ डटकर लड़ीं और वीरगति को प्राप्त हुईं। उनके साहस, त्याग और बलिदान को इतिहास कभी भुला नहीं सकता। कार्यक्रम में महेंद्र मास्टर, राकेश देवनंशी, सर्वेश पांडे, संतोष गुप्ता, राजेंद्र सरोज सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## आरक्षित संसदीय क्षेत्र शहडोल विकास की धारा के लिये दशकों से मोहताज है

**● सत्ता दल के एक से एक सांसदों ने अपना परचम फहराया पर उपलब्धि नगण्य रही।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल** स्वर्गीय दलवीर सिंह जी ने इस संसदीय क्षेत्र को जो दिया वह आज भी जीवंत है। इसके बाद दलपत सिंह, ज्ञान सिंह, राजेश नंदिनी, हिमाद्री सिंह ने अपने क्षेत्र को क्या - क्या दिया सभी को विदित है। कहने को अनुसूचित जाति, जन जाति, पिछड़ा वर्ग के लिये शासन का खजाना खुला है, योजनाओं का अम्बार लगा है पर क्रियान्वयन नगण्य है इस लिये कि हमारा संसदीय क्षेत्र अनुसूचित जन जाति अंतर्गत आता है इसी कारण हम अभिशप्त है। इस अवधि में रिलायंस कंपनी ने यहाँ से मीथेन गैस का उदवहन कर फूलपुर यू. पी. में इसका संयंत्र स्थापित किया और पाइप लाइन से गैस ले जा रहें हैं। क्या इस संसदीय क्षेत्र में संयंत्र नहीं लग सकता था?फिर जैतहरी में मोजर वेयर नाम से तापीय विद्युत केंद्र लगा पर स्थानीय लोगों को पर्याप्त रोजगार नहीं मिला।

वहीं रीवा जो कभी रेल के लिये मोहताज था आज वह रेल मार्ग से सम्पूर्ण भारत से जुड़ चुका है, रीवा से अंतर्राज्यीय हवाई सेवा भी शुरू हो गई। यह है सामान्य सीट और आरक्षित सीट का अंतर। माननीय प्रधान मंत्री महोदय जी ने शहडोल प्रथम प्रवास पर उद्घोष किया था कि हम जल्द ही शहडोल को हवाई उड़ान से जोड़ेंगे।

तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी ने अपने चुनावी प्रवास में इसे दुहराया, वर्तमान मुख्यमंत्री डाॅमोहन यादव जी ने भी अपने आगमन के समय इस पर मुहर लगाई तब से आज तक शहडोल से भोपाल तक उड़ान रूपी कागजीय घोड़ा उड़ रहा है दौड़ रहा है पर समाधान नहीं हुआ। प्रधान मंत्री से मुख्य मंत्री तक का आश्वासन हवाई उड़ान को पंख नहीं दे सका। इस क्षेत्र को बड़े अनुनय - विनय के बाद लम्बे अंतराल में नागपुर - शहडोल ट्रेन मिली वो भी आधी - अधूरी क्योंकि यह वाया जबलपुर होकर नागपुर चलती है इससे आधा संसदीय क्षेत्र वंचित रह गया। इसे अनूपपुर जंकसन या बिजुरी तक बढ़ाने की पुरजोर माँग सगठनों, नागरिकों द्वारा की गई पर मंडल अधिकारियों ने तकनीकी कमियों का हवाला देकर शहडोल से ही परिचालन जारी रखा। अधिकारियों ने भेंट वार्ता में कहा सांसद चाह लें तो गाड़ी अनूपपुर तक बढ़ सकती है लेकिन गाड़ी का विस्तार नहीं हुआ।




संसदीय क्षेत्र के जागरूक संगठनों, नागरिकों ने रेल मंडल से इंदौर- बिलासपुर ट्रेन को इतवारी तक बढ़ाने का निवेदन किया, भोपाल - बिलासपुर के विस्तार का सुझाव दिया, रीवा- बिलासपुर को बढ़ाने की बात रखी पर रेल मंडल ने इन सब के विस्तार को पूरी तरह से नकार दिया क्योंकि बिलासपुर- कटनी रेल खंड से उन्हें केवल और केवल कोयले का व्यापक परिवहन करना है।

प्रबुद्ध रेल मंत्री महोदय की नजर भी इस क्षेत्र पर नहीं पड़ती दीखती।ऐसे में हम मतदाता सांसद- विधायक द्वारा नित प्रति छले गए, छले जा रहें हैं, छले जाते रहेंगे। कुछ माह पहले बुढ़ार मंडल अध्यक्ष अपने उपाध्यक्षो सहित सांसद महोदया से उनके निज निवास में मुलाकात कर ट्रेन विस्तार कि माँग रखी जिसे उन्होंने स्वीकारा पर कब विस्तार होगा? अभी कि चुनाव के समय।यह अनिश्चित है।

## बिवांर में निकली राम नाम धुन संकीर्तन की भव्य शोभायात्रा

**● 1968 से चली आ रही आध्यात्मिक परंपरा में उमड़ा श्रद्धा का सागर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर**:- बिवांर कस्बे में राम नाम धुन संकीर्तन की वार्षिक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। यह शोभायात्रा 1968 से चली आ रही अनूठी परंपरा का हिस्सा है, जो आज भी पूरे गांव को आध्यात्मिक एकता के सूत्र में बांधे हुए है।

**राम धुन पर झूमते भक्त, आकर्षक झांकियों ने खींचा ध्यान**

शोभायात्रा के दौरान महिलाएं, बच्चियां और ग्रामीण हाथों में ध्वज पताका लिए राम नाम का संकीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। राम-जानकी, ऋषि एवं सनातन परंपरा से जुड़ी मनमोहक झांकियां शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहीं। घोड़ों का नृत्य देखकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आनंदित हो उठे।





**सुबह 4 बजे निकलती है पूरे वर्ष प्रभात फेरी**

ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा सन 1968 में शुरू की गई थी। इसके तहत प्रतिदिन सुबह 4 बजे राम नाम धुन की प्रभात फेरी निकाली जाती है। भक्तगण गांव के सभी प्राचीन मंदिरों में जाकर आरती करते हैं और फिर उसी स्थान पर लौट आते हैं जहां से फेरी प्रारंभ हुई थी। यह आध्यात्मिक प्रक्रिया पूरे वर्ष लगातार चलती रहती है।

**साल पूरा होते ही शोभायात्रा व चित्रकूट धाम में विसर्जन**

पूरे वर्ष की निरंतर धुन के बाद एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। इसके उपरांत सभी भक्तजन चित्रकूट धाम पहुंचकर परंपरा के अनुसार इसका विसर्जन करते हैं। इसके बाद अगले वर्ष तक धुन की जिम्मेदारी गांव के अन्य भक्त संभालते हैं।

**गांव की सुख-समृद्धि का आधार मानते हैं ग्रामीण**

गांव के जगदीश उर्फ मिन्टू शुक्ला, प्रहलाद सिंह, छुन्ना शुक्ला, अरविंद पाठक, मन्नी महाराज सहित अनेक ग्रामीणों ने बताया कि यह आध्यात्मिक परंपरा गांव की समृद्धि, शांति और एकता का आधार है। ग्रामीणों का मानना है कि इस सतत राम धुन से गांव में सद्भाव और खुशहाली बनी रहती है। शोभायात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्म का विशेष माहौल देखने को मिला।

### ओलंपिक खेलों के महेनजर तेलंगाना में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का तीन दिवसीय आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तेलंगाना इंटर स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन सरूर नगर, इंदौर स्टेडियम एलबी नगर हैदराबाद में 17 से 19 नवंबर तक आयोजित किया गया। इसमें 33 जिला एवं गांव के 100 विद्यालयों से 5000 प्रतिभाशाली स्कूली छात्रों ने भाग लिया। इन छात्रों ने जिमनास्टिक, एथलेटिक्स, शतरंज, किकबॉक्सिंग, स्केटिंग, स्विमिंग, टीकवांडो, विशु, कारांटे, खो खो, रोप जंप आदि में भाग लिया। इसके समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मल्काजगीरी पार्लियामेंट के सांसद इटाला राजेंद्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मानित अतिथि के रूप में बीजेपी ओबीसी के नेशनल सोशल मीडिया मेंबर एवं सेपक टकराव फेडरेशन ऑफ इंडिया के जॉइंट सेक्रेटरी पेरिका सुरेश उपस्थित रहे।



इसके अलावा बीजेपी के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट श्री श्रीनिवास रेड्डी, कॉर्पोरेटर श्री वाणी, गिरिवर्धन,बुलेट कृष्णा नायक, भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कंचेटी महेश ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन एसआर प्रेम राज, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री वेंकटेश भी समापन अवसर पर उपस्थित रहे। पेरिका सुरेश ने बताया कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खेलों को प्रोत्साहन देने तथा ओलंपिक खेलों के लिए बेहतर खिलाड़ियों के चयन को ध्यान में रखते हुए इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था।

## हमने लाल किले से लेकर कश्मीर तक हमले किए, अल्लाह का नाम लेकर पाकिस्तान ने भारत पर क्या कबूला

**हक की 'कश्मीर के जंगल' वाली टिप्पणी अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले की ओर इशारा करती है, जहाँ आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर की गई गोलीबारी में 26 लोग मारे गए थे।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा दिए जाने की एक और स्वीकारोक्ति करते हुए पाकिस्तानी नेता चौधरी अनवारुल हक ने कहा है कि आतंकवादी समूह भारत में लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक हमले करते हैं। लाल किला का ज़िक्र करते हुए हक की टिप्पणी 10 नवंबर को दिल्ली में इस प्रतिष्ठित स्मारक के पास हुए कार विस्फोट का संदर्भ देती है, जिसमें 14 लोगों की जान चली गई थी। इस हमले का मास्टरमाइंड, डॉ. उमर उन नबी, जैश-ए-मोहम्मद (छद्म) से जुड़े 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल का सदस्य है, जिसका भंडाफोड़ हमले से कुछ दिन पहले फरीदाबाद में हुआ था। हक की 'कश्मीर के जंगल' वाली टिप्पणी अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले की ओर इशारा करती है, जहाँ आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर की गई गोलीबारी में 26 लोग मारे गए थे।

एक वायरल वीडियो में हक ने कहा कि मैंने पहले कहा था कि अगर आप बलूचिस्तान को खून से लथपथ रखेंगे, तो हम लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक भारत पर हमला करेंगे। अल्लाह के करम से, हमने यह कर दिखाया है और वे अभी भी लाशें गिनने में असमर्थ हैं। कुछ दिन बाद, हथियारबंद लोग घुस आए और हमला कर दिया (दिल्ली में) और उन्होंने शायद अभी तक सभी शवों की गिनती नहीं की है। पाकिस्तान अपनी आर्थिक बदहाली को छिपाने और सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने से ध्यान हटाने के लिए बलूचिस्तान में अशांति के लिए बार-बार भारत को दोषी ठहराता रहा है। नई दिल्ली ने इस्लामाबाद के दावों को पुरज़ोर तरीके से खारिज किया है।

पहलगाम हमले के जवाब में, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक कार्रवाई की और सिंधु जल संधि को निलंबित करने सहित कई कदम उठाए। नई दिल्ली ने कहा कि वह इस समझौते को तभी पुनर्जीवित करेगा जब इस्लामाबाद सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद कर दे। यह पहली बार नहीं है जब किसी पाकिस्तानी राजनेता ने सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने में इस्लामाबाद की भूमिका का खुलासा किया हो।

हाल ही में, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने पाकिस्तान सरकार की आतंकवाद नीति का पर्दाफाश किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इस प्रांत में 'फर्जी' आतंकवादी हमलों से फायदा होता है। अफगानिस्तान के टोलो न्यूज़ के अनुसार, अफरीदी ने इस्लामाबाद पर अशांत खैबर क्षेत्र में शांति प्रयासों में बाधा डालते हुए, फर्जी आतंकवादी हमलों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने इस्लामाबाद पर अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए 'आतंकवाद का निर्माण' करने का आरोप लगाया।

## संपत्ति की वसीयत जरूर कराएं... जानिए सुप्रीम कोर्ट ने........................

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

पेज न.1 की शेष खबर

**सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज दिया तर्क**

भारत संघ की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने दलील दी कि ऐसे प्रश्न प्रभावित पक्षों द्वारा उठाए जाने चाहिए और किसी पेशेवर वकील के कहने पर इन पर आपत्ति नहीं की जा सकती. उन्होंने कहा कि धारा 15 का मसौदा वैज्ञानिक आधार पर तैयार किया गया था और 1956 में संसद ने शायद यह नहीं सोचा होगा कि एक महिला स्व-अर्जित संपत्ति रख सकती है. उन्होंने आगे कहा कि अधिनियम की धारा 30, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के साथ मिलकर, एक हिंदू महिला को वसीयत बनाने और अपनी संपत्ति, जिसमें स्व-अर्जित संपत्ति भी शामिल है, स्वतंत्र रूप से वसीयत करने की अनुमति देती है. उन्होंने तर्क दिया कि धारा 15 केवल वसीयत के अभाव में मृत्यु के बाद उत्तराधिकार के सामान्य नियमों से संबंधित है, और इसलिए, अनुच्छेद 14 सख्ती से लागू नहीं होगा।

कोर्ट ने कहा कि शिकायत यह थी कि बिना वसीयत के, बिना बच्चों या पति के मरने वाली हिंदू महिला की संपत्ति केवल उसके पति के उत्तराधिकारियों को ही मिलती है, भले ही माता-पिता ने उसे शिक्षित किया हो और उसका भरण-पोषण किया हो एवं वे उसके बाद भी जीवित रह सकते हों. कोर्ट ने कहा कि वह वर्तमान याचिकाकर्ता के कहने पर याचिका पर विचार नहीं करना चाहता है और धारा 15(1)(बी) की वैधता के मुद्दे को उचित कार्यवाही में विचार के लिए खुला छोड़ दिया है।

**कोर्ट ने आवेदनों पर विचार करने का दिया आदेश**

कोर्ट ने इस संभावना पर ध्यान दिया कि पति के दूरवर्ती उत्तराधिकारी भी संपत्ति के उत्तराधिकारी हो सकते हैं, जबकि माता-पिता भी समान रूप से उत्तराधिकारी हो सकते थे, लेकिन इस बात पर प्रकाश डाला कि संसद ने अपने विवेक से पति के उत्तराधिकारियों को पहले स्थान दिया था. प्रावधान की वैधता पर निर्णय देने से इनकार करते हुए कोर्ट ने संबंधित पक्षों को उचित मामलों में ऐसे प्रश्न उठाने की स्वतंत्रता सुरक्षित रखी. हालांकि, कोर्ट ने निर्देश दिया कि जहां माता-पिता या उनके उत्तराधिकारी धारा 15(1)(सी), (डी) या (ई) के तहत दावा करते हैं, और धारा 15(2) लागू नहीं होती, वहां पक्षकारों को पहले मुकदमा-पूर्व मध्यस्थता से गुजरना होगा. कोर्ट ने राज्य, जिला या तालुका स्तर पर मध्यस्थता केंद्रों के निर्देशकों या विधिक सेवा प्राधिकरणों के सदस्य सचिवों को ऐसे आवेदनों पर विचार करने का आदेश दिया, और कहा कि किसी भी समझौते को न्यायालय के आदेश के रूप में माना जाएगा।

**बेंच ने कहा '1956 में संसद ने यह मान लिया होगा कि महिलाओं के पास स्व-**

अर्जित संपत्ति नहीं होगी, लेकिन अनुच्छेद 14, 15, 16, 21 और अन्य संवैधानिक प्रावधानों के कारण महिलाओं की प्रगति पर ध्यान दिया गया. इस देश में हिंदू महिलाओं सहित महिलाओं की शिक्षा, रोज़गार और उद्यमिता ने उन्हें स्व-अर्जित संपत्ति अर्जित करने के लिए प्रेरित किया है. कोर्ट ने कहा कि यदि किसी हिंदू महिला की मृत्यु बिना वसीयत के पुत्र, पुत्री और पति के अभाव में हो जाती है और ऐसी स्व-अर्जित संपत्ति केवल उसके पति के उत्तराधिकारियों को ही प्राप्त होती, तो संभवतः जहां तक मायके का संबंध है, यह उनके लिए परेशानी का कारण बन सकता है. हम इस संबंध में भी कोई टिप्पणी नहीं करते हैं '. कोर्ट ने सभी महिलाओं, विशेषकर हिंदू महिलाओं, जो धारा 15(1) के अंतर्गत आती हैं, से आग्रह किया कि वे अपने हितों की रक्षा करने और मुकदमेबाजी से बचने के लिए वसीयत बनाएं. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि उनका विवाद मध्यस्थता, लोक अदालतों या अदालती कार्यवाही के माध्यम से हल नहीं होता है तो प्रभावित पक्ष इस प्रावधान का विरोध करने के लिए स्वतंत्र हैं।